Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश


**फुटबॉल का महासंग्राम : रोनाल्डो टॉप 10 में भी नहीं, एम्बाप्पे-मेसी के सबसे ज्यादा गोल**

**आंध्र प्रदेश में 'ग्रीन स्टील' का नया युग : चंद्रबाबू ने कडप्पा में रखी जेएसडब्ल्यू स्टील प्लांट की नींव**


कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 05 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 213 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,34,500 | ₹ 2,50,000 |

## आज का इतिहास

**1968 : भारतीय नौसेना में भारतीय नौसेना पनडुब्बी विंग सोवियत संघ से पहली पनडुब्बी के प्रवेश के साथ अस्तित्व में आई। नौसेना का मुख्य उद्देश्य भारत की समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करना है।**

**1968 : भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची**

## न्यूज बाइट्स

### बिहार की सहकारी समितियों के बीज अब 'भारत बीज' ब्रांड से बिकेंगे

**पटना (नि.सं.)** । बिहार की सहकारी समितियों द्वारा उत्पादित उन्नत किस्म के बीज अब 'भारत बीज' ब्रांड के तहत बाजार में उपलब्ध होंगे। इससे राज्य के बीज उत्पादक किसानों और सहकारी समितियों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच का अवसर मिलेगा। यह निर्णय सहकारिता विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड ने लिया है। इस पहल के तहत राज्य की 8,494 सक्रिय सहकारी समितियों द्वारा तैयार किए जाने वाले उन्नत बीजों को एक राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में पहचान मिलेगी। इन बीजों की खरीद भारत सरकार की एजेंसी बीबीएसएसएल द्वारा प्रतिस्पर्धी दरों पर की जाएगी, जिससे किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही बीजों के निर्यात का भी मार्ग प्रशस्त होगा।

### बिहार में स्टेट हाइवे पर टोल टैक्स के नियम

**पटना (नि.सं.)** । बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने राज्य उच्च पथों (स्टेट हाईवे) और विभागीय पुलों पर टोल वसूली के लिए नई टोल नीति तैयार की है। नई व्यवस्था में स्थानीय लोगों को बड़ी राहत देते हुए 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों के लिए 250 का मासिक असीमित पास और 2,500 का वार्षिक असीमित पास उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस नीति का उद्देश्य स्थानीय आवागमन को आसान बनाना और टोल व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाना है। नई नीति के अनुसार, जिस टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में वाहन पंजीकृत होगा, उसके मालिक केवल 250 प्रति माह देकर उस टोल प्लाजा से असीमित बार आवागमन कर सकेंगे। इसके अलावा 2,500 का वार्षिक पास भी उपलब्ध होगा, जिससे पूरे वर्ष बिना अतिरिक्त शुल्क के आवाजाही की जा सकेगी।

---

नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा

# पीड़ितों को तुरंत मिलेगा न्याय फास्ट ट्रैक कोर्ट का होगा गठन

- मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की घोषणा, गंभीर मामलों में त्वरित सुनवाई और शीघ्र न्याय पर जोर

**निज संवाददाता | गयाजी**

बिहार सरकार ने राज्य में अपराध नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि अपराध से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य में 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाएंगे। इस संबंध में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन से गंभीर आपराधिक मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी, जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा न्यायिक प्रक्रिया को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है।

गया में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह सम्मेलन बिहार के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि लगभग 14 करोड़ आबादी वाले राज्य में नागरिक न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासनिक तंत्र से समय पर न्याय और सुरक्षा की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव कुंदन कुमार, पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश, न्यायपालिका के सदस्य, न्यायिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

भाजपा जिला पूर्वी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने कहा कि बोधगया विश्व भर में शांति और ज्ञान की भूमि के रूप में विख्यात है, इसलिए नए आपराधिक कानूनों पर इस ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए इस स्थान का चयन बेहद प्रासंगिक है। इन नए कानूनों का मूल उद्देश्य देश की न्याय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, त्वरित और प्रभावी बनाना है जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जा सके।



### किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई आपराधिक विधियों का उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, पीड़ितों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना तथा कानूनों का कठोर और पारदर्शी अनुपालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट नीति है कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और विधि के शासन को पूरी दृढ़ता के साथ स्थापित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से न्याय व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी और अपराध नियंत्रण में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।

### मुख्य न्यायाधीश को दिया गया 'गार्ड ऑफ ऑनर'

दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शुक्रवार शाम को ही गयाजी पहुंच चुके हैं। जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से उन्हें पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इस अवसर पर डीएम, एसएसपी सहित जिले के सीनियर प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

देश को मिली पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी, पीएम ने किया उद्घाटन

# संकट में भी मजबूत रही भारत की ऊर्जा व्यवस्था : प्रधानमंत्री

**एजेंसी | बालोतरा (राजस्थान)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) को राष्ट्र को समर्पित किया। करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना राजस्थान की पहली रिफाइनरी होने के साथ-साथ देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है। उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने रिफाइनरी के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, अधिकारियों से तकनीकी जानकारी ली तथा महिला कर्मचारियों से बातचीत भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे राजस्थान में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा तथा पेट्रोकेमिकल उद्योग के विस्तार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार केवल परियोजनाओं का शिलान्यास नहीं करती, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा भी करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट के दौरान भारत ने दूरदर्शिता, प्रभावी रणनीति और सक्रिय कूटनीति के बल पर स्थिति को सफलतापूर्वक संभाला। उन्होंने कहा कि संकट से पहले भारत 25-26 देशों से कच्चे तेल और ईंधन का आयात करता था, जबकि संकट के दौरान यह संख्या बढ़कर 40 से अधिक देशों तक पहुंच गई। इससे देश में ईंधन आपूर्ति बाधित नहीं हुई और आम लोगों को किसी बड़े संकट का सामना नहीं करना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश की 24वीं रिफाइनरी है और इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जहां कई विकसित देशों में नई रिफाइनरियां नहीं बन रही हैं और यूरोप की रिफाइनिंग क्षमता घट रही है, वहीं भारत वर्ष 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता को 300 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष से अधिक करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।



### घरेलू उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ने दिया अतिरिक्त बोझ

प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के दौरान एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका थी, क्योंकि भारत अपनी लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आवश्यकता आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता था। उन्होंने बताया कि सरकार ने समय रहते उत्पादन क्षमता बढ़ाने के कदम उठाए, जिससे एलपीजी उत्पादन 35 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 54 हजार मीट्रिक टन तक पहुंच गया। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन अभियान चलाकर कम समय में 11 लाख नए कनेक्शन दिए गए। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के कारण घरेलू गैस उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया गया और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को रियायती दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया।

---

## सरकार ने प्याज की खरीद कीमत 13% बढ़ाई अब 2,125 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी खरीद

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देते हुए मूल्य स्थिरीकरण बफर (प्राइस स्टेबिलाइजेशन बफर) के लिए प्याज की खरीद कीमत में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब सरकार 1,875 रुपये प्रति क्विंटल की जगह 2,125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्याज खरीदेगी। संशोधित खरीद मूल्य 4 जुलाई 2026 से प्रभावी हो गया है। सरकार की ओर से राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ के माध्यम से खरीद जारी रहेगी। सरकार का कहना है कि बढ़ी हुई खरीद कीमत से प्याज उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और बफर स्टॉक तैयार करने की प्रक्रिया भी मजबूत होगी। सरकार ने बताया कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में प्याज का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अच्छी गुणवत्ता का स्टॉक सुरक्षित रखा गया है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर बाजार में उतारा जाएगा।

### उत्पादन सामान्य उपलब्धता पर्याप्त

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के द्वितीय अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2025-26 में देश में प्याज का उत्पादन 307.37 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 307.67 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के लगभग बराबर है। सरकार के अनुसार मौजूदा उत्पादन को देखते हुए देश में प्याज की उपलब्धता पर्याप्त रहेगी, हालांकि मौसम के कारण कीमतों में सामान्य उतार-चढ़ाव संभव है।

---

## केंद्र की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा : डॉ. प्रेम कुमार

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। शनिवार को पश्चिम बंगाल के सृजनी ऑडिटोरियम में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़े वर्ग, मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चार करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा का विस्तार हुआ है।



---

## बिहार ने बनाया बिजली खपत का नया रिकॉर्ड, मांग 9,155 मेगावाट पहुंची

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिहार ने बिजली खपत का नया रिकॉर्ड बनाया है। 3 जुलाई की रात 10:58 बजे राज्य में बिजली की अधिकतम मांग 9,155 मेगावाट दर्ज की गई, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। यह बिहार के बिजली क्षेत्र में एक नई उपलब्धि मानी जा रही है।

ऊर्जा विभाग के अनुसार, एक दशक पहले राज्य में बिजली की अधिकतम मांग करीब 1,800 मेगावाट थी, जो अब बढ़कर 9,100 मेगावाट से अधिक हो गई है। बिजली की मांग में यह उल्लेखनीय वृद्धि राज्य में तेजी से हो रहे औद्योगिक, कृषि और शहरी विकास का संकेत मानी जा रही है। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि राज्य में बढ़ती बिजली की मांग बिहार के चहुंमुखी विकास का परिचायक है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने ऊर्जा विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई और धन्यवाद दिया। ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने बताया कि बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए ट्रांसमिशन एवं वितरण नेटवर्क का लगातार विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

---

## नीट पीजी में बड़े बदलाव, 30 अगस्त को होगी परीक्षा नया सेंटर आवंटन और बायोमेट्रिक सत्यापन लागू

**निज संवाददाता | पटना**

मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए इस वर्ष कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी-2026 का परीक्षा कार्यक्रम और नई गाइडलाइन जारी कर दी है। परीक्षा 30 अगस्त 2026 को कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड में आयोजित होगी, जबकि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई निर्धारित की गई है। इस वर्ष परीक्षा पैटर्न, परीक्षा केंद्र आवंटन और अभ्यर्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया में कई अहम बदलाव किए गए हैं। एनबीईएमएस के अनुसार आवेदन के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है। हालांकि अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अथवा राज्य चिकित्सा परिषद का पंजीकरण तथा निर्धारित रोटेटरी इंटर्नशिप पूरी होना अनिवार्य होगा।

इस वर्ष परीक्षा के प्रारूप में बड़ा बदलाव करते हुए प्रश्नों की संख्या 200 से घटाकर 180 कर दी गई है।

### परीक्षा केंद्र आवंटन की नई व्यवस्था

परीक्षा केंद्र आवंटन में भी बदलाव किया गया है। पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर परीक्षा शहर मिलते थे, लेकिन अब यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अभ्यर्थी अपनी पसंद के परीक्षा शहरों का चयन करेंगे, जबकि अंतिम केंद्र का आवंटन कंप्यूटर आधारित रैंडम प्रणाली से किया जाएगा। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और अनियमितताओं पर रोक लगाना है।

---

## राज्य भर में उमस भरी गर्मी से बढ़ी परेशानी

**पटना(नि.सं.)**। राज्य में नमीयुक्त हवा और सूर्य की तपिश से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को पटना सहित ज्यादातर भागों में आंशिक रूप से बादलों की आवाजाही रहेगी। छह जुलाई से छिटपुट बारिश के आसार हैं। रविवार को उत्तर बिहार के जिलों में मेघ- गर्जन, वज्रपात के साथ 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने का पूर्वानुमान है। छह और सात जुलाई के बीच मौसम में बदलाव आने के साथ पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सारण, सीवान समेत अन्य भागों में भारी वर्षा को लेकर चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों में एक से तीन डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं।

---

50 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट होगा पेश

# 20 जुलाई से शुरू हो सकता है बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से शुरू होकर 24 जुलाई तक चलने की संभावना है। संसदीय कार्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, पांच दिवसीय इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों के साथ वित्त वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यकाल में यह पहला अनुपूरक बजट होगा। जानकारी के अनुसार, वित्त मंत्री बिजेन्द्र यादव सदन में करीब 50 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेंगे। इस बजट के माध्यम से विभिन्न विकास योजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान किए जाएंगे। वित्त विभाग के सूत्रों का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए विशेष राशि आवंटित किए जाने की संभावना है। मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। विपक्ष ने राज्य में बढ़ते अपराध, हाल के एनकाउंटर मामलों, कथित टेंडर घोटाले तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। ऐसे में सदन के भीतर तीखी बहस और विरोध-प्रदर्शन देखने को मिल सकते हैं। सरकार इस सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन में ला सकती है। साथ ही विभिन्न विभागों से जुड़े विधायी और प्रशासनिक कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद सदन से उसकी स्वीकृति ली जाएगी, ताकि नई एवं चल रही योजनाओं के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई जा सके। हालांकि, मानसून सत्र की तिथि और एजेंडा की आधिकारिक घोषणा अभी शेष है, लेकिन सूत्रों के अनुसार 20 से 24 जुलाई के बीच सत्र आयोजित होने की पूरी संभावना है।

## 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा संसद का मानसून सत्र, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से शुरू होकर 13 अगस्त 2026 तक चलेगा। भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा का मानसून सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को दी। करीब चार सप्ताह तक चलने वाले इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक और अन्य विधायी कार्य सदन के समक्ष रख सकती है। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। मानसून सत्र के दौरान विपक्ष भी महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, कृषि, अर्थव्यवस्था तथा अन्य समसामयिक मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

✆ 9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### केवीके नवादा में आज से फलदार पौधों की बिक्री शुरू

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके),ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा में 5 जुलाई से विभिन्न उन्नत किस्म के फलदार पौधों की बिक्री शुरू हो जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए उद्यान विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह ने बताया कि केवीके में आम की उन्नत किस्मों के साथ-साथ अमरूद, नींबू और अनार के पौधे उपलब्ध हैं।उन्होंने बताया कि आम के पौधे 120 प्रति पौधा तथा अमरूद, नींबू और अनार के पौधे 60 प्रति पौधा की दर से मिलेंगे। इच्छुक किसान एवं आम नागरिक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कृषि विज्ञान केंद्र परिसर पहुंचकर पौधे खरीद सकते हैं। उन्होंने किसानों से मानसून के मौसम का लाभ उठाकर फलदार पौधे लगाने और बागवानी को बढ़ावा देने की अपील की है।

### पीएमश्री योजना के तहत मध्य विद्यालय चकवाय का इंटर विद्यालय चकवाय में हुआ संविलियन





**वारिसलीगंज।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के तहत जिले में चयनित 21 विद्यालयों के साथ आसपास के चयनित मध्य विद्यालयों का संविलयन किया जाना है। इसी कड़ी में वारिसलीगंज प्रखंड के इंटर विद्यालय चकवाय का भी चयन पीएमश्री विद्यालय के रूप में किया गया है। प्राप्त आदेश के अनुसार मध्य विद्यालय चकवाय के वर्ग 6 से 8 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का संविलयन इंटर विद्यालय चकवाय में किया जाना था।इसके तहत शनिवार को विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए मध्य विद्यालय चकवाय के छठी,सातवीं एवं आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ तीन शिक्षकों का संविलयन किया गया। इस अवसर पर इंटर विद्यालय चकवाय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया मध्य विद्यालय चकवाय के शिक्षकों पप्पू कुमार (गणित) एवं श्रीमती दीपमाला सोशल science की मौजूदगी में विधिवत संपन्न कराई गई। कुल 274 छात्र छात्राओं को बैंड -बाजे के स्वागत के साथ विद्यालय परिसर में प्रवेश कराया गया।उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर उन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, आधुनिक पुस्तकालय, खेल सामग्री एवं बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे,ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा मिल सके। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा और सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस पहल को शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल और आधुनिक संसाधनों के बीच पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त होगा।

### सासाराम नगर आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन



**सासारामः** रोहतास जिला नागरिक परिषद (बिहार सरकार) के प्रतिनिधि मंडल ने नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष राज सोनी के नेतृत्व में सासाराम नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर जनहित से जुड़े हाई मास्क लाईट, सार्वजनिक पेशाब घर एवं विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर राज सोनी ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण की मांग की उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम जनहित के मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई करेगा एवं साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किये कि जन हीत के मुद्दो का यथाशीघ्र ही समाधान होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित नागरिक परिषद की सदस्या रेहाना खातुन, जदयू नेता मनोज केसरी, रौबिन केसरी शामिल रहें। तथा सभी जनहित के विषयों पर सकारात्मक पहल की अपेक्षा व्यक्त की।

# अपार आईडी निर्माण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई निजी विद्यालयों को जिला पदाधिकारी की सख्त चेतावनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के अपार (Automated Permanent Academic Account Registry) आईडी निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों के संचालकों को निर्देश दिया कि उनके विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र-छात्रा का अपार आईडी समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपार आईडी प्रत्येक विद्यार्थी की डिजिटल शैक्षणिक पहचान है, जिसके माध्यम से उसके शैक्षणिक अभिलेखों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण संभव होगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय स्तर पर अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें अपार आईडी की आवश्यकता, उपयोगिता एवं निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। साथ ही आवश्यक सहमति एवं अभिलेख प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाए। सभी विद्यालय संचालक प्रतिदिन इसकी प्रगति की समीक्षा करें तथा सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा अपार आईडी से वंचित न रहे। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कक्षा 01 से 03 तक के विद्यार्थियों की पढ़ने, लिखने एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं का नियमित आकलन कराने तथा प्रत्येक विद्यालय में कक्षावार निपुणता पंजी का संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




उन्होंने टोला सेवकों एवं विकास मित्रों के माध्यम से ईंट-भट्ठों पर कार्यरत प्रवासी मजदूर परिवारों के 03 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का सर्वेक्षण कर उनका विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के सभी 14 प्रखंडों में एक-एक मॉडल विद्यालय चिन्हित किया गया है, जहाँ विभागीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। गुणवत्तापूर्ण एवं उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में चार अतिरिक्त मॉडल विद्यालय भी चिन्हित किए गए हैं।

पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों के लिए कुल 2,53,866 पाठ्य-पुस्तकें सभी प्रखंड संसाधन केंद्रों को उपलब्ध करा दी गई हैं तथा शेष 35,397 पुस्तकों की अधियाचना विभाग को भेजी जा चुकी है। जिला पदाधिकारी ने सभी बच्चों को समय पर पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध कराने तथा वितरण से संबंधित प्रमाण-पत्र निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बाधित नहीं होना चाहिए। सभी विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित नहीं करने अथवा इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध बिहार सरकार के नियमों एवं मान्यता संबंधी प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विद्यालय की मान्यता अथवा स्वीकृति रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा, प्रशिक्षु आईएएस, नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित थे।

## पीएमश्री योजना के तहत मध्य विद्यालय बड़राजी का इंटर विद्यालय ओखरिया में हुआ संविलियन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के तहत जिले में चयनित 21 विद्यालयों के साथ आसपास के चयनित मध्य विद्यालयों का संविलयन किया जाना है। इसी कड़ी में कौआकोल प्रखंड के इंटर विद्यालय ओखरिया का भी चयन पीएमश्री विद्यालय के रूप में किया गया है। प्राप्त आदेश के अनुसार मध्य विद्यालय बड़राजी के वर्ग 6 से 8 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का संविलयन इंटर विद्यालय ओखरिया में किया जाना है। इसके तहत शनिवार को विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए मध्य विद्यालय बड़राजी के छठी,सातवीं एवं आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ तीन शिक्षकों का संविलयन किया गया। इस अवसर पर इंटर विद्यालय ओखरिया के प्रभारी प्राचार्य अनन्त कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया मध्य विद्यालय बड़राजी के प्रधानाध्यापक शिवबालक पासवान की मौजूदगी में विधिवत संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर उन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, आधुनिक पुस्तकालय, खेल सामग्री एवं बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे,ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा मिल सके। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा और सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस पहल को शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल और आधुनिक संसाधनों के बीच पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त होगा।

# रजौली में सूखे नशे की लत से बढ़ रही अराजकता, अर्धनग्न अधेड़ ने किया हंगामा

- राह में पति के साथ चल रही महिला से छेड़छाड़, डायल 112 भी लौटी बैरंग, लोग दहशत में, प्रशासन से कार्रवाई की मांग



पूछताछ करती डायल 112 की टीम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली बाजार और आसपास के इलाकों में सूखे नशे की लत अब आम लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। नशे की हालत में कुछ लोग राह चलती महिलाओं से छेड़छाड़ कर रहे हैं, तो कुछ छिनतई और छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

वहीं कई लोग आए दिन लड़ाई-झगड़ा कर माहौल खराब कर रहे हैं। बीते शुक्रवार की शाम ड्योढ़ी स्थित मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल के समीप एक अधेड़ ने नशे में अर्धनग्न अवस्था में जमकर हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे में धुत अधेड़ ने पहले राह चल रही एक महिला का हाथ पकड़ लिया। महिला अपने पति के साथ थी। पति ने जब विरोध किया तो अधेड़ मारपीट पर उतारू हो गया। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला किसी तरह शांत हुआ।

लेकिन इसके बाद अधेड़ और उग्र हो गया। वह गली-मोहल्ले के घरों के दरवाजे तक पहुंचकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। लोगों में दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने मदद के लिए डायल 112 पर कॉल किया। सूचना पर डायल 112 की दो गाड़ियों में सवार पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालने का काफी प्रयास किया, लेकिन नशे में बेकाबू अधेड़ के आगे वे भी नाकाम रहे। काफी देर मशक्कत के बाद पुलिस टीम बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई।

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा के लिए होती है, लेकिन मदद के लिए बुलाए गए डायल 112 की दोनों टीमों ने सनकी अधेड़ के आगे घुटने टेक दिए।

स्थानीय लोगों के अनुसार सनकी अधेड़ घसियाडीह मोहल्ले का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद लोग असमंजस में हैं कि अधेड़ वास्तव में पागल है या नशे में इस तरह का व्यवहार कर रहा है। लोगों का कहना है कि इसकी सच्चाई तभी सामने आती जब पुलिस उसे अस्पताल ले जाकर चिकित्सकीय जांच करवाती। यदि डॉक्टर उसे मानसिक रूप से बीमार घोषित करते तो प्रशासन उसके परिजनों की खोज कर इलाज के लिए पागलखाने भेज सकता था।

सनकी अधेड़ की हरकतों से रजौली के लोग भय में जीने को मजबूर हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशे के कारोबार पर सख्ती हो और ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन चैन से रह सकें।वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। पुलिस बल मामले की पड़ताल कर रही है।

# किशोरियों के सर्वांगीण विकास में भारतीय खान-पान सर्वाधिक सहायकः डा. मनोज

- भारत विकास परिषद द्वारा योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानन्द के महापरिनिर्वाण पर कार्यक्रम आयोजित
- प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में किशोरियों को एनीमिया मुक्त भारत अभियान के बारे में किया जागरूक
- नगर के अभ्यास मध्य विद्यालय में पौधरोपण करके बालक-बालिकाओं को प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादाः** भारत विकास परिषद द्वारा स्वामी विवेकानन्द के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को प्रकृति संरक्षण और स्वस्थ संवर्द्धन का अभियान चलाया गया। नवादा नगर के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में किशोरियों को एनीमिया मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक किया गया। भारत विकास परिषद के सेवा प्रकल्प संयोजक डा. मनोज कुमार बरनवाल ने किशोरियों और नवयुवतियों को शारीरिक-मानसिक विकास के साथ समाज में समग्र सहभागिता के बारे में बताया। वर्तमान दौर में भारतीय किशोरियों, युवतियों और महिलाओं के शरीर में रक्त की कमी (एनीमिया) और उससे शरीर को होनेवाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटियां अपने भारतीय आहार-विहार को अपनाकर स्वयं का सर्वांगीण विकास कर सकती है। सेवा प्रकल्प संयोजक ने कहा कि भारतीय खान-पान में अंकुरित चना, मूंग और गुड़ का सेवन शरीर में रक्त की कमी नहीं होने देता। उन्होंने भोजन में साग और सब्जियों की महत्ता को समझाया और उन्हें शरीर में विभिन्न पोषक तत्वों की पूर्ति का स्रोत बताया। सूखे मेवे, खजूर और अनार, सेव, किवी जैसे फलों में लौह-तत्वों की प्रचुरता की जानकारी दी और कहा कि पाश्चात्य वेशभूषा के साथ खान-पान ने भी हमारी दिनचर्या में घुसपैठ किया है। जिससे हम असमय बीमार पड़ रहे हैं। उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए किशोरियों, युवतियों और शिक्षिकाओं को प्रेरित किया। इसके पूर्व परिषद के जिलाध्यक्ष मुन्ना प्रसाद ने संगठन का परिचय देते हुए संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण जैसे आयामों की चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार साहा का विशेष योगदान रहा और उन्होंने कहा कि संगठन प्रत्येक सत्र में ऐसे ज्ञानवर्द्धक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहें।



प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में एनीमिया मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता फैलात चिकित्सक व अन्य।

**पौधरोपण से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों को किया प्रेरितः** भारत विकास परिषद 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा के तौर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस कड़ी में चार जुलाई, शनिवार को संगठन के आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानन्द के महापरिनिर्वाण दिवस पर दिन का प्रारंभ पौधरोपण कार्यक्रम के साथ हुआ। नवादा नगर के अभ्यास मध्य विद्यालय परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में वार्डन गुड़िया रानी के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। वहीं विद्यालय परिसर में प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार और बालक-बालिकाओं ने इस कार्य में सहभागिता निभाई। बच्चों को प्रकृति संरक्षण के बारे में बताकर इसकी रक्षा का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सचिव राजेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, अभय कुमार श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार गुप्ता, राज कुमार, भोला प्रसाद, सत्येन्द्र प्रसाद, विनय अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अजीत कुमार, संतोष कुमार, मनमोहन कृष्ण समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# मूर्ति अनावरण को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री पहुंचे वारिसलीगंज

- वित्त रहित शिक्षाकर्मियों को समान वेतन व पेंशन देने की मांग, उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एस एन सिन्हा महाविधालय परिसर में आयोजित मूर्ति अनावरण समारोह में पहुंचे बिहार सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री संजय टाइगर को बिहार राज्य सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश सचिव प्रो. बाके बिहारी शर्मा एवं नवादा जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने ' अपनी लंबित मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से महासंघ ने वित्त रहित संबद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को समान कार्य के बदले समान वेतन' तथा पेंशन की सुविधा प्रदान करने की मांग उठाई। महासंघ के नेताओं ने कहा कि राज्य के हजारों वित्त रहित शिक्षाकर्मी पिछले लगभग 40 वर्षों से उच्च शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए करीब 70 प्रतिशत शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें आज तक समुचित वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल सका है।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि पटना उच्च न्यायालय तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय भी अपने विभिन्न निर्णयों में अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मियों को वेतन एवं पेंशन देने की आवश्यकता पर बल दे चुके हैं। साथ ही बिहार विधान परिषद के सदस्यों ने भी वित्त रहित शिक्षाकर्मियों को वेतन एवं पेंशन उपलब्ध कराने की अनुशंसा की है।

महासंघ ने उच्च शिक्षा मंत्री से मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि लंबे समय से उपेक्षित वित्त रहित शिक्षाकर्मियों को न्याय मिल सके। कार्यक्रम में मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा एवं महाविधालय के संस्थापक स्व श्याम सुंदर सिँह की मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर महाविधालय के प्राचार्य सहित मगध विश्वविद्यालय कमेटी के सचिव प्रो. संजय कुमार पांडेय, गया जिलाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार पांडेय, नवादा जिला कमेटी के सचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. अंजनी कुमार, प्रो. बिहारी बाबू, गोपेश कुमार सहित महासंघ के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# रामलाल इंटर विद्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## स्व रोजगार और कौशल विकास पर फोकस, निबंध-मॉडल-पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा हुनर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत अंतर्गत तारगीर स्थित रामलाल इंटर विद्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत "स्व रोजगार और कौशल विकास" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। सिर्फ डिग्री हासिल करने से काम नहीं चलेगा। हर छात्र को अपने अंदर कोई न कोई हुनर विकसित करना होगा ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से अपना भविष्य संवार सके। उन्होंने सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं, स्टार्टअप और मुद्रा लोन की जानकारी देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निबंध, मॉडल निर्माण और पेंटिंग प्रतियोगिता रहे। "स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बिहार" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचार कलमबद्ध किए। मॉडल और पेंटिंग के माध्यम से बच्चों ने स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास को खूबसूरती से दर्शाया। निबंध प्रतियोगिता में विकास व अरविंद, मॉडल प्रतियोगिता में सलाम,संदीप,रूही व सोनी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में नाजिया, आशुतोष, संगीता, शशि ने बाजी मारी। कार्यक्रम में साइमा, मोनिका, प्रिया, ब्यूटी, ऋतु, श्वेता, सिंपी, चांदनी, रिया, अदिति, रानी, मुस्कान, नेहा, अंचल, रीफा, गुलाबजा, जिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ रोजगार के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। विद्यालय परिवार का लक्ष्य है कि हर छात्र अपने पैरों पर खड़ा हो। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## गयाजी में पहाड़ी के पीछे लापता ड्राइवर का शव मिला

**गयाजी**। गयाजी के वजीरगंज इलाके से लापता ड्राइवर का शव पहाड़ी के पीछे मिला है। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को हिरासत में लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान रौशन कुमार उर्फ रॉकेट के तौर पर हुई है। 3 जुलाई की देर रात ग्रामीणों ने कुर्किहार गांव के पास फोर व्हीलर सवार तीन युवकों को देखा। मामला संदिग्ध लगने पर तीनों को पकड़ लिया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। 4 जुलाई की सुबह गाड़ी के ड्राइवर रौशन कुमार उर्फ रॉकेट के परिजन ने थाने में लिखित आवेदन दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रौशन अचानक लापता हो गया है। उसका मोबाइल भी लगातार बंद आ रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। आवेदन देने के कुछ देर बाद ही पूनावां गांव के पास स्थित बगाही पहाड़ के पीछे से उसका शव मिला। वजीरगंज थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पहले ड्राइवर के लापता होने का आवेदन मिला था। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हिरासत में लिए गए तीनों युवकों से लगातार पूछताछ की जा रही है। हर बिंदु पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच (FSL) के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस इस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्या के पीछे का असली कारण क्या था। घटनाक्रम कैसे-कैसे आगे बढ़ा, क्या इस वारदात में इन तीनों के अलावा कोई और भी शामिल है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## गयाजी में 2 पक्षों में मारपीट, दंपती जख्मी

**गयाजी**। गयाजी के खिजरसराय थाना क्षेत्र के लोदीपुर मौजे में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। जमीन पर बाउंड्री और निर्माण कार्य कराने गए लोगों पर करीब 15-20 की संख्या में आए दबंगों ने लाठी-डंडे, रॉड व पिस्टल की बट से हमला कर दिया। इस हमले में ममता देवी, उनके पति कपिलदेव प्रसाद और उपेंद्र पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियां दीं, महिलाओं से बदसलूकी की और पांच लाख रुपये की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पीड़िता ममता देवी कपिल प्रसाद और उपेंद्र पासवान ने बताया कि हम लोग कोर्ट व एसडीओ साहब के आदेश के बाद अपनी खरीदी हुई जमीन पर बाउंड्री और मकान बनाने गए थे। तभी गांव के रामावतार यादव, अखिलेश यादव, आशीष यादव समेत 15-20 लोग हथियार, लाठी और रॉड लेकर आ गए। उन लोगों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब हमने विरोध किया, तो आशीष ने चाकू चला दिया, जिससे मेरे हाथ में चोट आई। अखिलेश यादव ने मेरे पति के सिर पर पिस्टल की बट से मारकर उनका सिर फाड़ दिया। उपेंद्र पासवान को भी बुरी तरह पीटा गया और उनके पॉकेट से 8,000 नगद छीन लिए गए। ये लोग हमसे 5 लाख की रंगदारी मांग रहे हैं और पहले भी हमारे साथ ऐसी मारपीट कर चुके हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने 11 जून 2026 को भी इस मामले में एससी-एसटी थाना में आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ितों ने स्थानीय थाना प्रभारी पर भी लापरवाही बरतने और आरोपियों का साथ देने का गंभीर आरोप लगाया है। यहीं पुलिस कर्मी की ओर से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की भी मांग की गई। रिश्वत की पूरी रकम नहीं दिए जाने की स्थिति में पुलिस कर्मियों ने मामले को पेचीदा बना दिया। फिलहाल खिजरसराय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उपेंद्र पासवान ओर कपिल प्रसाद का कहना है कि उन्होंने पूर्व में आईजी विकास वैभव से भी शिकायत की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था मामले में उचित कार्रवाई होगी। इसके लेकिन स्थानीय थाना स्तर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसकी वजह से मौके पर शनिवार को खूनी संघर्ष की घटना हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन आया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। दोषी पाए जाने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आईसीटी लैब की गुणवत्ता पर होगी सीधी नजर

**नालंदा**। बिहार के सरकारी स्कूलों में निजी संस्थानों की तर्ज पर आधुनिक और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्थापित आईसीटी लैब अब जांच के दायरे में होंगे। राज्य परियोजना निदेशालय ने सूबे के 1,459 स्कूलों में स्थापित इन लैबों की गुणवत्ता और वास्तविक संचालन की परख करने का निर्णय लिया है। इस जांच अभियान में नालंदा जिले के 43 स्कूल भी शामिल हैं। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) प्रशांत कुमार सीएच ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी कर इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेने का निर्देश दिया है। जांच के लिए कुल 22 बिंदुओं का मानक तैयार किया गया है। इन लैबों में डेस्कटॉप, प्रिंटर, यूपीएस, फर्नीचर, नेटवर्किंग उपकरण, विद्युतीकरण, हाई-स्पीड इंटरनेट (4जी), डिजिटल टीवी, रिमोट मैनेजमेंट सिस्टम और बीएसएनएल ब्रॉडबैंड की कार्य क्षमता की बारीकी से जांच की जाएगी। साथ ही, लैब की भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया जाएगा। लैबों के संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दो-स्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। ये समितियां अपने-अपने प्रखंडों के सभी लैबों की जांच करेंगी। प्रखंड स्तर पर प्राप्त रिपोर्ट की सत्यता और गुणवत्ता जांचने के लिए जिला स्तरीय टीम कम से कम 10 फीसदी लैबों का औचक निरीक्षण करेगी। सरकारी स्कूलों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए भारी-भरकम राशि खर्च की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, टाइप-एक हाईस्कूलों के लिए 6.38 लाख से लेकर 4.38 लाख रुपए तक प्रति विद्यालय आवंटित किए गए थे। वहीं, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के लिए भी विभिन्न टाइप के अनुसार 2.90 लाख से लेकर 4.35 लाख रुपए तक का बजट जारी किया गया था। यह कार्य केंद्रीय भंडार, रेलटेल और टीसीआईएल जैसी एजेंसियों के माध्यम से 31 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया गया है। राज्य परियोजना निदेशक प्रशांत कुमार सीएच ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सुविधाओं को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। इन लैबों का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीक के साथ जोड़ना है। मॉनिटरिंग सिस्टम को चुस्त बनाया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम का सौंपा ज्ञापन, कहा- ट्रस्ट भंग हो

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**गया**। गयाजी जिला कांग्रेस कमिटी और श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी उजागर कराओ संघर्ष समिति ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आयोजित किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान गेट संख्या-7 के पास विशाल धरना दिया। धरने के दौरान, नेताओं ने सरकार से छह सूत्री मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। कार्यक्रम के समापन के बाद, राष्ट्रपति को छह सूत्री ज्ञापन ई-मेल, ट्वीट और डाक के माध्यम से भेजा गया। इस धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुना ने की। श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी उजागर कराओ संघर्ष समिति के संयोजक प्रो. विजय कुमार मिट्ठू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**घोटाले के कारण भक्तों में गुस्साः** प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर विश्व के करोड़ों सनातनियों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। मंदिर में दान, चढ़ावा, जमीन और अन्य संसाधनों के प्रबंधन को लेकर सामने आ रहे कथित घोटाले, भ्रष्टाचार और चोरी के आरोपों ने श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा किया है। नेताओं ने इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रो. विजय कुमार मिट्ठू ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास की रक्षा के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले में पारदर्शिता बरतने और जनता के सामने सच्चाई रखने का आग्रह किया।

संघर्ष समिति और कांग्रेस तब तक आंदोलन जारी रखेंगी, जब तक सरकार उनकी सभी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष गगन मिश्रा ने भी धरना को संबोधित करते हुए सरकार के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गठित एसआईटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग किया जाए, चंपत राय और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, मंदिर में शुरू से प्राप्त सभी चढ़ावे का स्वतंत्र और निष्पक्ष ऑडिट कराया जाए, पूरे कथित मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए और प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए श्रद्धालुओं से माफी मांगें।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता महाकुंभ 02 का हुआ शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**जमुहार**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के देवमंगल सभागार में आज दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता महाकुंभ 02 का शुभारंभ हुआ।यह कार्यक्रम गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, बिहार राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी एवं गैर सरकारी संस्था पथ प्रदर्शक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नेपाल और भूटान के अलावे देश के 24 राज्यों से लगभग डेढ़ सौ रक्त सेवा से जुड़े समाज सेवी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह, बिहार राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहायक परियोजना निदेशक डा एन के गुप्ता,बी एच यू वाराणसी रक्त केंद्र के प्रभारी डॉक्टर आशुतोष कुमार सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज रक्त केंद्र के प्रभारी डॉक्टर वकील अहमद, महाप्रबंधक अस्पताल संचालन उपेंद्र कुमार सिंह एवं पथ प्रदर्शक के सचिव बामेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान को बेश कीमती और जीवनदायनी उपहार बताते हुए कहा कि जब रक्त के लिए कोई तड़प रहा होता है, उस समय उसकी सेवा करके बहुत ही सुकून मिलता है। खून देकर किसी के जीवन को बचाने से बड़ी खुशी कभी नहीं मिलती।उन्होंने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को रक्तदान से जुड़ने का आह्वान किया एवं प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी किसी को भी ख़ून की जरूरत पड़ सकती है ,इसलिए इसकी आदत अभी से डालें ।देश के कोने-कोने से आए रक्त वीरों ने अपना परिचय देते हुए बताया कि बरसों बरसों से हम लोग अपने-अपने क्षेत्र में रक्तदान का अभियान चलाए हुए हैं एवं थैलेसीमिया पीड़ित मरीज ,कैंसर से पीड़ित मरीज, दुर्घटनाग्रस्त मरीज आदि की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन कल दोपहर बाद होगा।

# 'अप्रिय घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए' 'बहुजन महापंचायत' पर मंत्री श्रवण कुमार की नसीहत, बोले- सियासत छोड़ समाज को एक रखें

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसपर्क मंत्री श्रवण कुमार बिहार शरीफ में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। भास्कर से बातचीत में राज्य के विभिन्न मुद्दों और राजनीतिक घटनाक्रमों पर अपनी राय रखी। 'बहुजन महापंचायत' के सवाल पर मंत्री श्रवण कुमार ने स्पष्ट कहा कि किसी भी अप्रिय घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। समाज में सद्भाव और प्रेम की जरूरत है। इस तरह के आयोजनों से समाज में तनाव और वैमनस्य बढ़ने की आशंका रहती है।

**'जांच चल रही है, धैर्य रखना चाहिए'**: आरा में हटाए गए एसडीपीओ को पटना में नई पोस्टिंग दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच चल रही है। जब तक जांच कमेटी की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कोई दोषी करार नहीं दिया जाता। लोगों को धैर्य रखना चाहिए। जांच की प्रक्रिया चल रही है और कानून अपना काम करेगा।

**'राहुल गांधी के दौरे का बिहार की राजनीति पर कोई असर नहीं'**: मंत्री श्रवण कुमार ने 15 जुलाई को राहुल गांधी के प्रस्तावित पटना दौरे तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का देशभर में घूमना स्वाभाविक है, लेकिन उनके आने-जाने से बिहार की राजनीति पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है।

# दो बाइक की टक्कर, एक किशोर की मौत, चार लड़के जख्मी, गुस्साए लोगों ने किया रोड जाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया**। बोधगया रिवर साइड रोड पर शनिवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ है। यहां दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक 15 साल के किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव निवासी बबन मिस्त्री के बेटे प्रकाश मिस्त्री के रूप में की गई है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने खिरियामा गांव के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया और प्रशासन से उचित मुआवजे व पीड़ित परिवार की मदद की मांग करने लगे। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

**एक बाइक पर 3 लड़के थे सवारः** घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष के सदस्य अशोक शर्मा ने बताया कि लड़के बोधगया खिरियामा की तरफ से आ रहे थे। बाइक पर तीन लड़के सवार थे। जैसे ही वे बैंक ऑफ इंडिया (किन्दूई) के पास पहुंचे। सामने से आ रही एक तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियां मोटरसाइकिल ही थीं। टक्कर इतनी भीषण थी कि लड़के सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के ठीक बाद पास के ही अस्पताल में सभी को ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने प्रकाश कुमार को मृत घोषित कर दिया। उसके साथ बाइक पर मौजूद दो अन्य लड़के भी गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। अशोक शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि मृतक प्रकाश कुमार उम्र लगभग 18 साल है। ये मूल रूप से मुकरी का रहने वाला था और फिलहाल खिरियामा में अपने ननिहाल आया हुआ था।

**प्रशासन की कार्रवाई और मुआवजाः** सड़क जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही मगध मेडिकल थाने की पुलिस और चंडौती ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को ढाढस बंधाया और कानूनी कार्रवाई का भरोसा देकर जाम को समाप्त कराया।

प्रशासन की ओर से तत्काल सहायता के रूप में पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20,000 की नकद राशि प्रदान की गई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है और उन्हें थाने ले आई है। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है और पुलिस परिजनों का फर्द बयान दर्ज कर मामले की आगे की जांच में जुट गई है।

# पैथोलॉजी स्टाफ का मर्डर 2 घंटे तक एनएच-20 जाम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में बदमाशों ने पैथोलॉजी स्टाफ की चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि उसे घर से फोन करके बुलाया था। मृतक की पहचान चेरण गांव निवासी सोनू कुमार (37) के रूप में हुई है। घटना हरनौत थाना क्षेत्र की है। सोनू कुमार की अभी शादी नहीं हुई थी। वो 4 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। हत्या के विरोध में आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने मुढारी के पास शव रखकर रोड जाम कर दिया। परिजन जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। देखते ही देखते NH-20 पर करीब 1 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा। पुलिस के अधिकारियों ने लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिया। 2 घंटे बाद जाम खुला।

**किसी ने फोन कर के बुलाया थाः** मृतक की भाभी रूचि ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10:15 बजे सोनू के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने उसे किसी जरूरी काम का हवाला देकर शिवाजी मोहल्ले की ओर बुलाया। कुछ देर बाद, रात करीब 11:00 से 11:30 बजे के बीच, उसी के मोबाइल से घर पर किसी महिला का फोन आया कि वह खून से लथपथ पड़ा है। उसका एक्सीडेंट हो गया है।

बहन अर्चना सिन्हा ने बताया कि महिला के बाद पुलिस का भी फोन आया। जब घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर दंग रह गए। सोनू गंभीर रूप से घायल था। शरीर पर चाकू और छुरी के कई गहरे जख्म थे। सिर पर भी घातक वार किए गए थे। यह किसी दुर्घटना का मामला नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या है।

### महिला ने फोन कर के बताया- खून से लथपथ पड़े हैं

**इलाज के दौरान तोड़ा दमः** स्थानीय लोगों की मदद से पहले कल्याणबीघा अस्पताल लाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बिहारशरीफ सदर अस्पताल और फिर वहां से पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह करीब 3:30 बजे इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया।

**पुलिस ने मोबाइल जब्त कियाः** पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिससे अंतिम कॉल की गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। ताकि हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

**DSP बोले- जल्द गिरफ्तार होंगे अपराधीः** DSP हेडक्वार्टर तारकेश्वर प्रसाद ने बताया कि परसो रात 11 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि सड़क पर एक युवक घायल हालत में पड़ा है। हम मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया। उसके मोबाइल से परिजन को फोन किया। कल शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आज परिवार ने शव रखकर जाम कर दिया था। परिवार को समझाकर हटाया गया है।

# भाकपा माले ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा, मॉब लिंचिंग-एनकाउंटर के खिलाफ प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। भाकपा (माले) ने शनिवार को गयाजी में राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत एक विशाल प्रतिवाद मार्च निकाला। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अंबेडकर पार्क से टावर चौक तक मार्च किया। यह प्रदर्शन मॉब लिंचिंग, कथित फर्जी पुलिस एनकाउंटर, बुलडोजर कार्रवाई, पुलिस दमन और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमलों के विरोध में आयोजित किया गया था। मार्च के समापन पर आयोजित सभा में भाकपा (माले) की राज्य कमेटी सदस्य रीता बरनवाल ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में फर्जी एनकाउंटर की घटनाओं से भय का माहौल बना है। बरनवाल ने कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था मजबूत करने के बजाय गरीबों और कमजोर वर्गों पर कार्रवाई कर रही है।

**बुलडोजर कार्रवाई के जरिए डर का माहौल बनाने का आरोपः** रीता बरनवाल ने आगे कहा कि जिन लोगों को आवास और सुरक्षा का भरोसा दिया गया था, उन्हें ही बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई के जरिए डर का माहौल बनाने का आरोप भी लगाया। बरनवाल ने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि यदि वे राज्य की स्थिति संभालने में सक्षम नहीं हैं तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय दमनकारी नीतियों को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक के मामलों ने युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया है। इन मामलों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की गई। भाकपा (माले) के नेता तारिक अनवर ने बताया कि पार्टी पूरे बिहार में इन मुद्दों के खिलाफ आंदोलन चला रही है और आरोप लगाया कि राज्य में अपराध बढ़ रहा है और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल है।




**निर्दोष लोगों को परेशान करने का लगाया आरोपः** भाकपा माले तारिक अनवर ने कहा कि सरकार बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर के नाम पर निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में फर्जी एनकाउंटर के जरिए लोगों की जान चली गई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ को दबाने की बजाय उसे सुना जाना चाहिए और सरकार को जनता के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरी भगाने के विवाद में घर में घुसकर मारपीट, दो महिलाएं घायल

करगहर (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव में शनिवार को बकरी भगाने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि घर में घुसकर की गई मारपीट में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करगहर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर निवासी सत्येंद्र चौधरी के घर में रखा अनाज पड़ोसी संतोष कुमार चौधरी की बकरी खा रही थी। अनाज को बचाने के लिए सत्येंद्र चौधरी की पत्नी ने बकरी को वहां से भगा दिया। इसी बात से नाराज होकर संतोष कुमार चौधरी और उनकी पत्नी प्रेम देवी कथित तौर पर लाठी-डंडा और ईंट लेकर उनके घर में घुस गए तथा सत्येंद्र चौधरी की पुत्री बिंदु देवी और बबीता देवी के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद घायलों को तत्काल सीएचसी करगहर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों को रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि इस मामले में सत्येंद्र चौधरी के आवेदन पर संतोष कुमार चौधरी और प्रेम देवी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### आशीर्वाद होटल में ठहरे साइबर गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार

**सासाराम(रोहतास)**। सासाराम के काली-स्थान स्थित आशीर्वाद होटल में ठहरे साइबर गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संदर्भ में एक प्रेसवार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 विप्लव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों से पूछताछ के क्रम में यह बात उभरकर सामने आयी कि ये आसपास के जिलों के लोगों को पैसे का लालच देकर उनके बैंक खाता प्राप्त कर साइबर फ्रॉड में प्रयोग करने हेतु अपने ऊपर के गिरोह को भेज देते हैं। इसके बदले इन्हें साइबर फ्रॉड से प्राप्त होने वाली कुल राशि का 2.5 प्रतिशत कमीशन मिलता है। इन सभी के पास से बरामद मोबाइल के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर चार बैंक खाता एवं दो कॉरपोरेट खाता का आईडी प्राप्त हुआ, जिसके संदर्भ में चेन्नई एवं अन्य 17 मामले विभिन्न राज्यों में दर्ज पाया गया। इस कांड में गिरफ्तार भभुआ के आदित्य राज, रोहतास के बघईला थानाक्षेत्र के कारन गाँव निवासी अमन कुमार, धौडाढ़ थाना के धनकाढ़ा निवासी आदित्य कुमार उर्फ हेमंत तथा नोखा थाना के सलेमपुर गाँव निवासी राजकुमार उर्फ शुभम कुमार शामिल हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने चार मोबाइल भी बरामद किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस की एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इनकी गिरफ्तारी से जिले में होने वाले साइबर फ्रॉड को रोकने में पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जा सकती है।

### रोहतास में सनसनीः पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष के बेटे को जान से मारने की धमकी, सोशल मीडिया पर 315 गैंग का आतंक

**रोहतास**। जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद! चेनारी प्रखंड के केनार कला गांव निवासी और रोहतास जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सलामत अंसारी के पुत्र शाकिब अंसारी को जान से मारने की धमकी दी गई है। यह धमकी सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है। सलामत अंसारी ने रोहतास पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की जानकारी दी है। आवेदन में उन्होंने बताया कि अमरजीत उर्फ अमर कुमार (पिता ज्वाला प्रसाद) न केवल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, बल्कि 315 गैंग का सरगना है। यह गिरोह अवैध हथियारों का जखीरा रखता है और पूरे इलाके में गैंगवार फैलाने की धमकी देता है।

**315 गैंगः जमीन कब्जा और रंगदारी में कुख्यातः** श्री अंसारी ने बताया कि अमरजीत और उसके पिता का मुख्य काम गरीबों की जमीन हड़पना, रंगदारी वसूलना और विरोध करने वालों को धमकाना है। यह 315 गैंग हथियारबंद गुर्गों के साथ इलाके में सक्रिय रहता है। सोशल मीडिया पर धमकी मिलने से यह साफ है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं।

**पहले भी धमकी दे चुका है गिरोहः** सलामत अंसारी ने खुलासा किया कि अमरजीत के पिता ज्वाला प्रसाद ने पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। उस समय उन्होंने डीएम और एसपी को सुरक्षा के लिए आवेदन दिया था, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने चेनारी थानाध्यक्ष को सुरक्षा देने का आदेश दिया था।

अब एक बार फिर धमकी मिलने के बाद श्री अंसारी ने रोहतास पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इलाके में इस घटना को लेकर चर्चा तेज है और लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### चेनारी प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के मुखिया और मनरेगा पीओ के मिली भगत से एक करोड़ रुपए की अवैध निकासी का मामला आया सामने, जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच की कार्रवाई हुई शुरू

**चेनारी/रोहतास**। चेनारी प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के मुखिया सुशील कुमार के द्वारा अवैध तरीके से मनरेगा से निकाले गए पैसे के बाद जांच के लिए संबंधित अधिकारी फुलवरिया पहुंची जहां मनरेगा पीओ तथा मुखिया सुशील के द्वारा मोबाइल फोड़ने व मारपीट की धमकी दी गई। इस तरह की अभद्र भाषा को देखते हुए उप मुखिया अजय कुमार तथा कंप्लेन करता ग्रामीण मिथिलेश कुमार के द्वारा मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया तभी वीडियो बनाने से नाराज जिले से आए डीपीओ, पीआरएस, व मनरेगा पीओ बिना जाँच किए नौ दो ग्यारह हो गए। उप मुखिया ने बताया कि एक ही योजना पर कई बार निकासी हुई है मुखिया और मनरेगा पीओ तथा संबंधी अधिकारियों की मिली भगत से करीब 1 करोड रुपए की अवैध निकासी की गई है। जिसकी शिकायत के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को जांच कराया जा रहा था जहां वीडियो बनाने का हवाला दे अधिकारी चले गए। वहीं मुखिया सुशील के द्वारा जॉब कार्ड धारी प्रीति कुमारी, विपुल कुमार, मयंक कुमार, निर्मला देवी ,अंजनी देवी ,प्रेमा देवी ,बलिराम सिंह ,शमशेर आलम, सुधीर सिंह, राज किशोर सिंह, चिंता कुमारी, दिनेश्वर शर्मा के साथ सैकड़ो कार्ड पर पैसे डाल अवैध निकासी की गई है।

### भरत तिवारी के हत्यारे को फांसी दिये जाने का किया मांग



- ब्राम्हण समुदाय ने बैठक कर बिलौटी घटना पर जताया विरोध
- शहीद का दर्जा प्रदान किये जाने की आवाज किया बुलंद

**राजपुर/ रोहतास**। पैक्स अध्यक्ष सोनू दुबे ने कहा कि जब जब ब्राम्हण बोला है,राज सिहासन डोला है।जनसंघ से बने भाजपा पार्टी का कमान संभाल रहे लोग ब्राम्हण की क्षमता को भूलने की कोशिश कर रहे हैं.भरत तिवारी हत्या मामले में अभी तक भाजपा का सबसे उपरी शीर्ष नेतृत्व मौन क्यों है ? लोगों ने कहा कि भरत तिवारी एक क्रान्तिकारी नौजवान था ।जो आज के दौर में भ्रष्ट सिस्टम से जुझ रहा था । भ्रष्ट सिस्टम ने उसे मजबूर करके हथियार थमा दिया था.वह कोई गुंडा, मवाली चोर,शराब माफिया, बालु माफिया अथवा अनपढ गवांर नहीं था।सरकार उसे शहीद का दर्जा प्रदान करे ।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएं युवाः श्रेयसी सिंह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास**। भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा, रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को डी.पी.एस. स्कूल, धावा (बिक्रमगंज) में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पक्ष के अवसर पर छात्र-छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रितेश राज की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रवाद, शिक्षा, अखंड भारत और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, रोजगार और खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हुए हैं। बिहार सरकार भी युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासन, नवाचार और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इससे पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, जिला महामंत्री विवेक सिंह, प्यारेलाल ओझा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश सिंह ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित, दीप प्रज्ज्वलित तथा राष्ट्रगीत के साथ सम्मेलन का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजेश्वर राज, प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, जिला महामंत्री विवेक सिंह, प्यारेलाल ओझा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश सिंह ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा हैं। केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं। नई शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख बनाया है, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

सम्मेलन की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रितेश राज ने की। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री इंद्रजीत सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम सिंह, गुड़िया तिवारी, राहुल देव, सुमित सिंह बिट्टू, कुंदन सिंह, अमित पाण्डेय, राजेश कुमार, प्रांजल चौबे, अभिषेक सिंह, उत्तम सिंह, सन्नी गुप्ता, शशि भूषण सिंह, राजा ठाकुर, रौशन सिंह, विवेक तिवारी, प्रवीण रावत, अभय प्रजापति, जितेंद्र केशरी, सोनू सिंह, अभिषेक गुप्ता, रवि पाण्डेय एवं सौरभ सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम सिंह ने किया।

## शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी हुई आयोजित शिक्षा से जुड़ी कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया।संगोष्ठी का थीम ड्रॉप आउट सरकारी योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाएं था । विभागीय निर्देशानुसार अभिभावकों को बताया गया कि जिन बच्चों का नामांकन अभी तक नहीं हो पाया है उन्हें जल्द से जल्द नामांकन कराया जाए वैसे बच्चे जो अनियमित रूप से विद्यालय आते हैं उनको भी विद्यालय लाने का प्रयास किया जाए अभिभावकों को बताया गया कि अपने घर पर एक कोना सुनिश्चित करें जहां बैठकर बच्चा पढ़ सके आप यह भी सुनिश्चित करें कि 20 से 30 मिनट तक बच्चा ऊंची आवाज में बोलकर पड़े और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जो गृह कार्य दिए जाते हैं उसे डायरी का अभिभावक अवलोकन करें और उसे पर अपना उचित टिप्पणी दे। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह द्वाराअभिभावकों को बताया गया कि अपने बच्चों को नहा धोकर पौष्टिक भोजन खिलाकर साफ सुथरे स्कूल ड्रेस में प्रतिदिन स्कूल भेजें उन्हें घर पर पढ़ने के लिए प्रेरित करें एवं उनके स्कूल डायरी को अवलोकन करें अपने बच्चों से प्यार करें और उन्हें दूर से बात करें बेहतर प्रदर्शन करने करने वाली छात्रा प्रियंका कुमारी वर्ग 8 एवं अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने वाली अभिभावक श्रीमती रेणु देवी को फूल माला एवं डायरी कलम से सम्मानित करते हुए स्टूडेंट ऑफ द मंथ एवं पाइरेट्स ऑफ़ द मंथ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कपिल कुमार वसीम राजा गुलेराना नीतिका कुमारी उषा कुमारी एवं गीता कुमारी ने भाग लिया।

## मोब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ व बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा-माले का राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**काराकाट (रोहतास)**। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन की काराकाट प्रखंड कमेटी के बैनर तले शनिवार को नगर पंचायत काराकाट के गोडारी में राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ों में एनकाउंटर, पुलिस दमन, बुलडोजर राज तथा लोकतांत्रिक अधिकारों पर कथित हमलों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव राजेंद्र सिंह ने कहा कि देश में कानून के शासन और संविधान की भावना को कमजोर करने वाली घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में न्यायिक प्रक्रिया का पालन होना चाहिए तथा कानून को अपने हाथ में लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले और पुलिस दमन की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसका विरोध पूरे राज्य में किया जा रहा है।

वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आम लोगों की समस्याओं का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से रोजगार के अवसर बढ़ाने, महंगाई पर नियंत्रण करने तथा संविधान और कानून के शासन को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। साथ ही कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी का आंदोलन आगे भी लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। प्रदर्शन में जयेन्द्र चौधरी, श्री भगवान सिंह अवधेश सिंह, सूर्यदेव राम, शिवनारायण सिंह, सुनील प्रजापति, विनोद सिंह, कामेश्वर सिंह, खोवा दुबे, नीतीश कुशवाहा, विकास कुमार, दीनानाथ पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## करंट लगाने से भैंस की मौत, पशुपालकों मे आक्रोश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के हरिदासपुर गांव के ब्रम्ह बाबा के समीप नंगे तार के स्पर्श मे आने से एक भैंस की मौत हो गई,ग्रामीणों का आरोप है कि ब्राम्ह बाबा के निकट लगे ट्रांसफार्मर का बिजली पोल लगभग दो माह पूर्व आंधी में गिर गया था। इसकी सूचना कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से कोचस के सहायक विद्युत अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक न तो पोल को खड़ा किया गया और न ही बिजली लाइन की समुचित मरम्मत कराई गई।ग्रामीणों के अनुसार, इसी लापरवाही के चलते हरिदासपुर निवासी रामराज सिंह की भैंस बिजली करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई होती, तो इस दुर्घटना से बचा जा सकता था। उनका कहना है कि गिरे हुए पोल और क्षतिग्रस्त बिजली लाइन के कारण भविष्य में किसी व्यक्ति, बच्चे या अन्य पशु के साथ भी गंभीर हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में खेती का मौसम होने के कारण बिजली व्यवस्था बाधित रहने से किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग से तत्काल गिरे हुए पोल को ठीक कराने, बिजली आपूर्ति बहाल करने, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।घटना के समय मौके पर प्रयाग सिंह, हीरामन सिंह, दिनेश कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, काशीनाथ सिंह, गुप्तेश्वर सिंह,मुन्ना सिंह उमाशंकर सिंह एवं गया सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली चोरी पर विभाग का शिकंजा दो लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बिक्रमगंज अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता एवं तकनीकी टीम द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान शिवपुर पंचायत के मठिया गांव में दो उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई। जांच में यह पाया गया कि दोनों उपभोक्ता विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाते हुए अनधिकृत रूप से विद्युत ऊर्जा का उपभोग कर रहे थे। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मठिया निवासी विष्णु देव राम पिता–लालमुनी धोबी पर 25465 तथा ददन सिंह पिता–गोगा सिंह पर 27017 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही, दोनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

उन्होंने कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है, जिससे न केवल विभाग को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित होती है। विभाग ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगा तथा भविष्य में भी बिजली चोरी के विरुद्ध जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, समय पर बिजली बिल का भुगतान करें तथा किसी भी प्रकार की बिजली चोरी या अनियमितता की जानकारी तत्काल विभाग को दें। विभाग का उद्देश्य सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है, जिसमें आमजन का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है।

## इंदौर कॉलेज मे हुए शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव मे जीते प्रो विनोद कुमार सिंह

**कोचस(रोहतास)** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की सम्बद्ध इकाई बद्री नारायण कॉलेज,इंदौर में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जिसमे चुनाव मे प्रोफेसर बिनोद सिंह जीते।निर्वाची पदाधिकारी के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राजदेव सिंह की देखरेख में चुनाव शुरू हुआ । जिसमें शिक्षक प्रतिनिधि के लिए दो उम्मीदवार प्रोफेसर विनोद सिंह एवं सतीश कुमार सिंह मैदान में थे। चुनाव सम्पन्न होने पर मतों की गिनती शुरू हुई।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

**भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27**

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
**यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।**
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे।
यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी **29 जून 2026** से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइटः **https://ioqm.mtai.org.in/**

**पंजीकरण की अंतिम तिथिः 25 जुलाई 2026**

CBC 48143/11/0004/2627

## वित्तरहित महाविद्यालय कर्मियों को उनका हक दिलाना मेरा मुख्य लक्ष्यः जीवन कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार के गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा एमएलसी जीवन कुमार के नेतृत्व में शनिवार को वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में वित्तरहित शिक्षक संघ ने अपनी मांगो को लेकर किया विशेष बैठक। उक्त मौके एमएलसी का महाविद्यालय में विभिन्न महाविद्यालय शिक्षकों ने वीकेएसयू,आरासीनेट सदस्य डॉ.मनीष रंजन के अध्यक्षता में फूल माला पहना व अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आगाज़ करते हुए एमएलसी जीवन कुमार ने उपस्थित वित्तरहित महाविद्यालय कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तरहित शिक्षकों के अधिकारों के लिए लगातार मेरी संघर्ष भरी लड़ाई जारी हैं। जिसका मेरा मुख्य उद्देश्य वित्तरहित शिक्षा नीति के कलंक को समाप्त करना है। उन्हें टुकड़ों में मिलने वाले अनुदान की राशि को पूर्ण सम्मानजनक वेतनमान में बदला है। जिन शिक्षकों की आवाज मै हमेशा बिहार सरकार के समक्ष रखता आ रहा हूं। उन्होंने बिहार विधान परिषद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार पर दबाव बनाते वित्तरहित शिक्षकों के लिए कमेटी का गठन कर शिक्षा मंत्री से अवगत करा वित्तरहित संस्थानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए एक विशेष कमेटी की बैठक बुलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में शिक्षकों के इस मुद्दे को पूरा करते हुए नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिले। एमएलसी ने वित्तरहित शिक्षकों को भी उनका हक दिलाने का दावा करते हुए स्पष्ट किया कि सदन से लेकर सड़क तक शिक्षकों के सम्मान के लिए सरकार से लड़ाई जारी रहेंगी। जिनके संबोधन का समर्थन करते हुए वित्तरहित महाविद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों को एकजुट रहने, धैर्य रखने और जीत के प्रति आश्वस्त रहने के लिए मजबूती उनके साथ रहने का संकल्प लिया। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह,प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रो. बीर बहादुर सिंह, प्रो. रविन्द्र सिंह, डॉ. सतेंद्र सिंह, प्रो.मनमोहन तिवारी, प्रो.अनिल सिंह,मदन प्रसाद वैश्य, अभिषेक तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/08 दिनांक- 04.07.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/06 एवं 2026/07 दिनांक- 21.06.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की Online Counselling में सम्मिलित होने के लिये Choice filling करने की अंतिम तिथि 01.07.2026 निर्धारित था। छात्रहित में Choice filling करने हेतु अन्तिम तिथि निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

i. Last date of Online Choice filling for seat allotment & locking : 05.07.2026

शेष कार्यक्रम यथावत् रहेगा।

(2) पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/06 दिनांक- 21.06.2026 की अन्य शर्त्तें / नियम यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद प्रशासन ने 15 स्थानों पर की प्याऊ की व्यवस्था

**अररिया।** भीषण गर्मी और प्यास की प्यास को बुझाने के लिए नगर परिषद की ओर से शहर के 15 सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की। जिसका उदघाटन मुख्य पार्षद वीणा देवी ने शनिवार को किया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल, प्रभारी प्रधान सहायक कामख्या नारायण सिंह उर्फ कुंदन सिंह, सिटी मैनेजर शशि आनंद, स्वच्छता प्रभारी वंदना भारती, कर संग्रहकर्ता संजय जायसवाल, सत्यप्रकाश, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। मौके पर जानकारी देते हुए मुख्य पार्षद वीणा देवी ने बताया कि शहर के 15 सार्वजनिक स्थानों पर भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। जरूरत के हिसाब से इसकी संख्या और भी आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने दावा किया कि नगर परिषद की ओर से शहर के नामी मिनरल वाटर कंपनी से जल का आवंटन सुनिश्चित किया गया है। हालांकि प्याऊ सेंटर के शुभारंभ पर नगर पार्षदों की सूचना नहीं देने पर कई पार्षदों ने जनप्रतिनिधि के रूप में पार्षद के उपेक्षा का आरोप लगाया।

### स्मैक और विदेशी शराब के साथ दो भाई गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर सिसौना कसाई टोला वार्ड संख्या 7 में छापेमारी कर दो भाई को 103.75 ग्राम स्मैक और 23 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।जबकि दो तस्कर छापेमारी के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।जानकारी सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने दी। सदर एसडीपीओ ने बताया कि जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा को गुप्त सूचना मिली थी कि जोकीहाट थाना क्षेत्र के सिसौना कसाई टोला में सतीफुल के घर में शराब और स्मैक बिक्री का काम किया जाता है। एसपी जितेन्द्र कुमार के निर्देश पर जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा के नेतृत्व में एसआई पंकज कुमार, इम्तियाज खान और आशुतोष कुमार के साथ एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल के पहुंचने पर पुलिस को देखकर चार लोग भागने लगे। जिसमें से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपित सतीफुल के पुत्र अबु कलाम उर्फ कैला और गुलाब आलम है। जिसके बाद पुलिस ने इन्हें हिरासत में लेकर घर की तलाशी ली तो विभिन्न ब्रांडों के 23 लीटर विदेशी शराब और 103.75 ग्राम स्मैक बरामद किया गया।मामले को लेकर जोकीहाट थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड 283/26 दर्ज किया गया है।

### एसएसबी ने मानिकपुर गांव से तस्करी के गांजा के साथ बाइक सवार तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया।** एसएसबी 56वीं वाहिनी की आई समवाय फुलकाहा की टीम ने मानिकपुर गांव में छापेमारी कर 9.500 किलोग्राम गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर को गिरफ्तार किया। एसएसबी ने यह कार्रवाई मानिकपुर में भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 188/4 के नजदीक भारत की तरफ लगभग 50 मीटर की दूरी पर की। तस्कर बाइक पर गांजा को लोडकर नेपाल से भारत की ओर आ रहा था। इसी क्रम में एसएसबी की विशेष गश्ती टीम ने यह कार्रवाई की। एसएसबी जवानों को देखकर तस्कर बाइक लेकर भागने का प्रयास किया।लेकिन एसएसबी जवानों की तत्पर होकर खदेड़कर तस्कर को पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर नरपतगंज थाना क्षेत्र के बड़हरा वार्ड संख्या 14 निवासी 26 वर्षीय परमजीत कुमार यादव पिता रामानंद यादव है। आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद जब्त गांजा, बाइक और तस्कर को एसएसबी ने फुलकाहा थाना के सुपुर्द कर दिया।

### चोरी के बिजली के तार को ट्रक में लोड करते छह गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की बथनाहा थाना पुलिस ने बेलाही नहर साइफन के पास गुप्त सूचना पर छापेमारी कर भारी मात्रा में चोरी के बिजली के तार सहित पिकअप और मिनी ट्रक जब्त करते हुए मामले में छह को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना पर एसपी जितेन्द्र कुमार ने फारबिसगंज एसडीपीओ राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया। छापेमारी दल जब बेलाही नहर साइफन चोरी के बिजली के तार को पिकअप से मिनी ट्रक में बिक्री को लेकर लोड किया जा रहा था। जिस पर छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बथनाहा थाना क्षेत्र के बेलाही के रहने वाले 33 वर्षीय पवन साह पिता रमेश साह, 32 वर्षीय मो. मुख्तार पिता मो. उमर, 19 वर्षीय रूपेश कुमार साह पिता शिवानंद साह, 20 वर्षीय आशीष कुमार पिता गुरुदेव साह, पिकअप चालक श्यामनगर फेनागढ़ के 40 वर्षीय मो. अनवर पिता लतीफ और राजस्थान के जौनपुर जिला के शाहगंज थाना क्षेत्र के भजडीहा के 40 वर्षीय नरेंद्र कुमार यादव पिता रामपत यादव को गिरफ्तार किया। छापामारी दल ने एल्युमिनियम का तार 14 बंडल, विशेल कंडक्टर तार 18 बंडल, एबी केबल तार 19 बंडल, पीवीसी केबल डीटीआर तार 20 बंडल, टाटा योद्धा पिकअप संख्या बीआर 38जीए 3833 और आइशर मिनी ट्रक संख्या डीएल 1एमए 4451 और मोबाइल जब्त किया। जानकारी शनिवार को फारबिसगंज एसडीपीओ राजकिशोर प्रसाद ने देते हुए बताया कि एक संगठित गिरोह बिजली के तार चोरी करने के कार्य को अंजाम दे रहा है।जिसकी अन्य साथी के बारे में भी पुलिस को जानकारी मिली है और उनलोगों की भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

### सुल्तानगंज, नवगछिया व नाथनगर समेत छह अंचलों को नए सीओ मिले

**भागलपुर।** राज्य सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्यभर के अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया है। जिले के छह महत्वपूर्ण अंचलों में नए अंचल अधिकारियों को पदस्थापित किया गया है, वहीं कुछ अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देकर दूसरे जिलों में भेजा गया है। अधिसूचना के मुताबिक अरवल के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रहे रमण कुमार को सुल्तानगंज का नया अंचलाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा समस्तीपुर के खानपुर में कार्यरत रहे मनीष कुमार को नवगछिया, पीरपैंती (भागलपुर) में राजस्व अधिकारी के पद पर तैनात रहे मनोहर कुमार को प्रोन्नति देते हुए नाथनगर, सीतामढ़ी के बोखड़ा अंचल की राजस्व अधिकारी अदिति रंजन को बिहपुर, मधेपुरा के आलम नगर की अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी को सबौर, अरवल बंदोबस्त कार्यालय से आशीष कुमार को उत्क्रमित करते हुए नारायणपुर का अंचलाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा भागलपुर के सुल्तानगंज अंचल में तैनात रहे सीओ अनुज कुमार झा का तबादला बांका जिले के धोरैया अंचल कर दिया गया है।

### गोप गुट के ललन को दी श्रद्धांजलि


**भागलपुर।** ग्रामीण कार्य विभाग में कार्यरत एवं महासंघ (गोप गुट) भागलपुर के सक्रिय सदस्य ललन प्रसाद यादव के निधन पर शुक्रवार को संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। महासंघ की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला अध्यक्ष ब्रजराज चौधरी सहित कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके योगदान को याद करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार को शाम 4:30 बजे कम्बाइंड बिल्डिंग परिसर स्थित महासंघ कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला सचिव राकेश कुमार अंबष्ट, राज्य सचिव गोपाल पासवान, मीडिया प्रभारी अविनाश सहित कई पदाधिकारी रहे।

### दृष्टि विहार ने निकाली डेंगू जागरूकता रैली

**भागलपुर।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान दृष्टि विहार ने बूढ़ानाथ स्थित कार्यालय से इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत डेंगू जागरूकता अभियान शुरू किया। अभियान में महाराष्ट्र इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की छात्रा अनुष्का रुंगटा शामिल रहीं। संस्था ने स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकालकर मच्छरों से बचाव और साफ-सफाई के उपाय बताए। रैली बूढ़ानाथ की सलम बस्ती तक पहुंची। यहां झुग्गीवासियों से घर और आसपास पानी जमा न होने देने, कचरा समय पर हटाने और नियमित सफाई रखने की अपील की गई। जरूरतमंद परिवारों को मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, माचिस और धुमना सामग्री भी बांटी गई।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बांका की रहने वाली कैंसर पीड़िता सोनम भारती ने खुद को सीआईडी का डीएसपी बताने वाले मनोज वर्मा पर कृषि विश्वविद्यालय सबौर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5 लाख 60 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि नौकरी तो नहीं मिली, उल्टे अब वह अपने ही पैसे वापस पाने और न्याय के लिए अधिकारियों के दफ्तरों और थानों के चक्कर लगाने को मजबूर है। पीड़िता सोनम भारती ने बताया कि साल 2024 में उनकी मुलाकात मनोज वर्मा से हुई थी। उस समय वह नौकरी की तलाश कर रही थीं।

**5 लाख 60 हजार रुपये की ठगी का:** आरोप है कि मनोज वर्मा ने कृषि विश्वविद्यालय सबौर में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर अलग-अलग माध्यमों से कुल 5 लाख 60 हजार रुपये अपने खाते में मंगवा लिए। सोनम ने दावा किया कि उनके पास राशि हस्तांतरण से संबंधित दस्तावेज और अन्य सबूत भी मौजूद हैं। सोनम ने बताया कि लंबे इंतजार के बावजूद जब नौकरी नहीं मिली, तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे। शुरुआत में उन्हें लगातार आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन बाद में उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उनका मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाया।

**आर्थिक संकट से भी जूझ रही महिला:** पीड़िता ने बताया कि साल 2025 में उन्हें कैंसर की चौथी स्टेज होने की जानकारी मिली। वर्तमान में उनका कोलकाता में इलाज चल रहा है और अब तक 22 बार कीमोथेरेपी हो चुकी है। तलाकशुदा होने के कारण वह आर्थिक संकट से भी जूझ रही हैं। उनका कहना है कि इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत है, लेकिन उनकी जमा पूंजी भी ठगी का शिकार हो गई। सोनम ने पहले बांका थाना में शिकायत दर्ज कराई। वहां से जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला भागलपुर के इशाकचक थाना भेजा गया। हालांकि उनका आरोप है कि वहां भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी और उन्हें फिर बांका जाने की सलाह दी गई। इसके बाद उन्होंने भागलपुर व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ वकील राजीव सिंह से संपर्क किया। वकील की सलाह पर उन्होंने डीआईजी विवेक कुमार से मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत की। डीआईजी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मनोज वर्मा वर्तमान में सीआईडी में पदस्थापित हैं। उनकी नियुक्ति वर्ष 1989 में हुई थी और वे कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साल 2022 में उनकी तैनाती रोहतास में पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर थी।

## ट्रक की टक्कर से 2 बाइक सवार दोस्त की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवक को रौंद दिया। इसमें दो युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि, एक युवक गंभीर रूप से घायल है। इनका इलाज मायागंज अस्पताल के आईसीयू वार्ड में चल रहा है। मामला, सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मीरहट्टी फोरलेन के पास हुआ। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर जमालपुर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मीरहट्टी फोरलेन के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े।

**रास्ते में 2 युवक ने तोड़ा दम:** हादसे में खुल्ली गांव निवासी सुजीत कुमार और जोड़ली गांव निवासी मिथिलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही सुजीत कुमार और मिथिलेश कुमार ने दम तोड़ दिया। तीसरे युवक सदानंद मंडल, जो जगन्नाथपुर का रहने वाला है, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां आईसीयू में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही सुलतानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मायागंज भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## लूटकांड का खुलासा, 8 लाख बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मुंगेर।** मुंगेर में 2 जुलाई को हुई लूटपाट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है और लूटे गए 8 लाख रुपये में से 4.50 लाख रुपये बरामद किए हैं। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार, गोली और बाइक भी जब्त की गई है। पीड़ित एजेंट द्वारा मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद, एसपी सैयद इमरान मसूद ने मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने सदर डीएसपी अभिषेक आनंद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया। इस टीम में मुफस्सिल थाना पुलिस और जिला आसूचना इकाई के सदस्य शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू की।

**4 लाख 50 हजार रुपये अपने घर में छिपा रखे थे:** जांच के दौरान, पुलिस ने सबसे पहले नया रामनगर थाना क्षेत्र के इटहरी गांव निवासी नीरज सिंह उर्फ नवीन सिंह को हिरासत में लिया। पूछताछ में नवीन सिंह ने लूटपाट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि उसने लूटे गए 4 लाख 50 हजार रुपये अपने घर में छिपा रखे थे। पुलिस ने यह राशि बरामद कर ली। नवीन सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने बरियारपुर थाना क्षेत्र के कल्याण टोला निवासी विद्यासागर सिंह उर्फ वक्कु सिंह और विजयनगर निवासी बबलू मंडल को भी गिरफ्तार किया।

**पुलिस ने कुल पांच अपराधियों को पकड़ा:** इन तीनों आरोपियों की जानकारी के आधार पर, पुलिस ने घटना की पूरी जानकारी देने वाले लाइनर, जयपुर थाना क्षेत्र निवासी नीतीश कुमार और मनोज साहनी को भी गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार, पुलिस ने कुल पांच अपराधियों को पकड़ा है। उनकी निशानदेही पर लूटी गई शेष रकम, घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार (कट्टा और गोली), बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

## ज्वेलरी शॉप में चोरी की कोशिश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के नारायणपुर में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात होने से बाल-बाल बच गई। अज्ञात चोरों ने एक ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान में जुट गई है। मामला नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर बाजार की है।

**दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास किया:** जानकारी के मुताबिक, घटना मधुरापुर बाजार स्थित श्री कृष्ण ज्वेलर्स की है। दुकान के संचालक ज्ञानदेव कुमार पोद्दार ने बताया, 'शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने उन्हें फोन कर दुकान के शटर से छेड़छाड़ की सूचना दी। सूचना मिलते ही मैं तुरंत दुकान पहुंचा और देखा तो दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास किया गया था।'

**रात 3:30 बजे पहुंचे थे दो बदमाश:** इसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि शुक्रवार की देर रात करीब 3:30 बजे दो अज्ञात युवक दुकान के सामने पहुंचते हैं। दोनों अपने साथ लोहे की रॉड लेकर आए थे। पहले उन्होंने आसपास का जायजा लिया, ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि कोई उन्हें देख तो नहीं रहा है। इसके बाद दोनों ने मिलकर दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास शुरू किया। दोनों चोरों ने काफी देर तक शटर को उखाड़ने और तोड़ने की कोशिश की, लेकिन मजबूत शटर होने के कारण वे अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। काफी प्रयास के बाद जब उन्हें लगा कि शटर नहीं टूटेगा और पकड़े जाने का खतरा बढ़ सकता है, तो दोनों मौके से फरार हो गए। इस कारण दुकान के अंदर रखे सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान सुरक्षित बच गए।

**आरोपियों की गिरफ्तारी और रात में गश्ती बढ़ाने की मांग:** घटना की सूचना मिलते ही भवानीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। दुकानदार ज्ञानदेव कुमार पोद्दार ने बताया, 'यदि शटर टूट जाता, तो लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो सकते थे।' उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही बाजार क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्ती बढ़ाने की भी अपील की है।

## गिरफ्तारी के समय बदमाशों ने पुलिस पर ही तानी पिस्टल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय पुलिस ने बलिया थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी वरियापुर गांव के रहने वाले सोनू-मोनू को गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों के पास से एक पिस्तौल, नौ गोली, दो चाकू और 3000 रुपया भी बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान इन लोगों ने पुलिस पर ही पिस्तौल तान दिया था। पुलिस ने किसी तरह से दोनों को पकड़ा। गिरफ्तारी के दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिस और अपराधी के बीच हाथापाई भी हो रही है और पुलिस की ओर से पिस्तौल बदमाश के कमर में रखने की तस्वीर दिख रही है।

**बदमाशों को खींचकर पुलिसकर्मी ने गाड़ी में बैठाया:** वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कई पुलिसकर्मी वर्दी और बिना वर्दी के दो युवक को पकड़े हुए है, एक पुलिसकर्मी के हाथ में पिस्तौल है, जो बदमाश के कमर में रखने का प्रयास कर रहा है। लोग बोल रहे हैं कि पिस्तौल कमर में मत खोसिए। इस दौरान दोनों बदमाशों को खींचकर पुलिसकर्मी ने गाड़ी में बैठाया गया है। दोनों बदमाशों से पूछताछ चल रही है। मामले को लेकर बलिया थाना में प्रेसवार्ता आयोजित हुई। इसमें डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि बलिया थाना क्षेत्र के वरियारपुर गांव में 20 जून को दो पक्ष कारी सिंह और छोटन सिंह के बच्चों में विवाद हुआ था। विवाद को लेकर कारी सिंह उसी दिन छोटन सिंह के यहां इसकी शिकायत करने गए थे कि झगड़ा कर रहा है समझा दीजिए। इसी दौरान छोटन सिंह की पत्नी ने गांव के ही कुख्यात अपराधी सोनू-मोनू को फोन कर दिया, तो दोनों पहुंचे और ताबड़तोड़ 5-6 राउंड गोली फायर कर दी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली, तो पुलिस मौके पर पहुंची और खोखा भी बरामद किया गया था। जांच के बाद सोनू-मोनू की लगातार तलाश की जा रही थी। आज पता चला कि सोनू-मोनू किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही विशेष टीम का गठन किया गया और टीम बरियारपुर पहुंची। उसके घर की घेराबंदी कर दी गई, छापेमारी में पुलिस को देखते ही सोनू और मोनू भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन काफी कोशिश कर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

**पुलिस के ऊपर ही तानी पिस्टल:** तलाशी के दौरान सोनू सिंह ने पिस्तौल निकाल कर पुलिस के ऊपर तान दिया। किसी तरह उसे पकड़ कर काबू में लाया गया, उसके पास से चाकू भी बरामद किया गया। इसी बीच दूसरे तरफ से घेराबंदी में मोनू सिंह को पकड़ा गया, उसके पास से गोली और चाकू सहित कुछ आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में डीएसपी का कहना है कि पूरी तरह से निराधार आरोप है कि पिस्तौल देकर उसे फंसाया गया है। जबकि दोनों ने पुलिस पर हथियार तान दिया था। लेकिन हमारे पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर उसे पकड़ लिया। हाथ से छीना गया पिस्तौल उसके कमर में दिया जा रहा था। दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास है, सोनू सिंह पर बलिया थाना में 11 मामले दर्ज हैं। जबकि उसके भाई मोनू सिंह पर बलिया थाना में ही 9 मामले दर्ज हैं। पूछताछ में पता चला है कि यह सिंडिकेट चलता है। पुलिस न किसी को फंसाती है न बचाती है, जो अपराधी है उसे हर हालत में पकड़ा जाएगा, कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ने बताया कि सोनू-मोनू के लोगों ने ही वीडियो बनाया था। वीडियो गलत तरीके से वायरल किया जा रहा है।

## रोड एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत

**बांका।** बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम धोरैया-सन्हौला मुख्य मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना के कंकड़बाग स्थित महात्मा गांधी नगर निवासी 40 वर्षीय विकल कुमार दत्ता के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदारों से यहां धोरैया थाना क्षेत्र आया हुआ था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

**तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई:** जानकारी के अनुसार, विकल कुमार दत्ता अपनी बाइक से धोरैया-सन्हौला मार्ग से गुजर रहे थे। बैजनाथपुर पुल के एप्रोच मार्ग पर सड़क ऊंची-नीची होने के कारण उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई। नियंत्रण खोने के बाद बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने विकल कुमार दत्ता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धोरैया पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही धोरैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के जरिए उनकी पहचान सुनिश्चित की। इसके बाद परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

ई—निविदा सूचना सं० —आर.टी.टी.एम._अपग्रेडेशन _टी०एक्स०_2025, दिनांक : 02.07.2026
उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, डीडीयू द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठत फर्मों से ऑन लाईन (ई—निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है :
ई — निविदा बंद होने की तिथि : 24.07.2026
1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : आर.टी.टी.एम अपग्रेडेशन_टी०एक्स०_2025 मशीन संख्या 3956 की 09-3X टैम्पिंग एक्सप्रेस मशीन का नवीनतम उपलब्ध उच्च उत्पादन क्षमता वाली टैम्पिंग एवं स्टेबलाइजिंग मशीन (मॉडल : 09-3X डायनेमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस) में तकनीकी उन्नयन। निविदा प्रपत्र का मूल्य — शून्य, 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹15,81,20,000/—, 3. जमानत राशि : ₹31,62,400/—, 4. ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 23.07.2026, 15.00 बजे तक, 5. वेबसाइट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकता है : www.ireps.gov.in

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन), प्लांट डिपो,/पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0494/प्लांट डिपो, डीडीयू/यां/टी/26—27/32



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ डीईएन/2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। **क्रम सं.1, ई-निविदा सं.: 126_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल में बेलानगर, डानकुनी, गोबरा, जनाई रोड, बेगमपुर, बारुईपाड़ा, बलरामबाटी, मिर्जापुर बांकीपुर, कामारकुण्डु, मधुसूदनपुर, चंदनपुर, पोड़ाबाजार, बेलमुड़ि, शिबाइचंडी, हाजीगढ़ में उप नगरीय स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 9,74,04,360.61, **बयाना राशि:** रु.19,48,100/-, **क्रम सं.2, ई-निविदा सं.: 127_2026-27, कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में नवग्राम, झापानडांगा, हाजीगढ़, शिबाइचंडी, पोड़ाबाजार, चंदनपुर, मधुसूदनपुर, चांचाई, जौग्राम, गुड़ाप, मिर्जापुर बांकीपुर, जनाई रोड, बेगमपुर, बारुईपाड़ा, खाना, गंगपुर और तालित स्टेशनों पर बुकिंग कार्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन के साथ पुनर्निर्माण/सुधार/नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य:** रु. 13,27,08,510.82, **बयाना राशि :** रु.26,54,200/- **क्रम सं.3, ई-निविदा सं.: 128_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल के तहत 22 स्टेशनों पर प्रतीक्षालय, शौचालय परिसर और सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार। **अनुमानित मूल्य:** रु. 12,63,45,427.01, **बयाना राशि :** रु.25,26,900/-, **क्रम सं.4, ई-निविदा सं.: 129_2026-27, कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/बर्द्धमान और एईएन/डानकुनी के खंड में फुट ओवर ब्रिजों की मरम्मत-सुदृढ़ीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,94,63,082.53, **बयाना राशि :** रु.3,89,300/- **क्रम सं.5, ई-निविदा सं.: 163_2026-27, कार्य का विवरण:** एईएन/डानकुनी के अधीन एसएसई/पी.वे/डानकुनी के एसीसीएल कॉम्प्लेक्स, दमदम जंक्शन- डानकुनी, राजचंद्रपुर-भट्टानगर, बेलानगर-राजचंद्रपुर खंड में पी.वे रखरखाव कार्य । **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,65,45,315.45, **बयाना राशि :** रु.3,30,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** 15 माह (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 4 एवं 5 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 27.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-187/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : डब्ल्यू2_623_यूएसएफडी_2026-27, दिनांक: 02.07.2026,** मुख्य ट्रैक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, तीसरा तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए **निविदा सं.: डब्ल्यू 2_623_यूएसएफडी_2026-27** के प्रतिपक्ष खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** आरडीएसओ/एलकेओ द्वारा जारी रेल्स और वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग के लिए भारतीय रेलवे मानक विनिर्देश (संशोधित 2022) और नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार, दो वर्षों के लिए पूर्व रेलवे के हावड़ा, आसनसोल और मालदा टाउन मंडलों के चिह्नित रूटों पर डिजिटल यूएसएफडी बी-स्कैन मशीन द्वारा रेल्स और वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 6,80,65,623.43, **बयाना राशि:** रु. 13,61,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 24 माह । **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 02.07.2026 को 14.08 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 14.07.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 28.07.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-89/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, दिनांक 02.07.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-100-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत रेलवे परिसर के भीतर लेवल क्रॉसिंग गेटों से जुड़ी सड़क सहित क्षतिग्रस्त स्टेशन अप्रोच एरिया की मरम्मत और अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 51,82,704.84, **बयाना राशि:** रु.1,03,700/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-101-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रानाघाट के अंतर्गत रेलवे परिसर के भीतर लेवल क्रॉसिंग गेटों से जुड़ी सड़क सहित क्षतिग्रस्त स्टेशन अप्रोच एरिया की मरम्मत और अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 51,82,704.84, **बयाना राशि:** रु.1,03,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 08 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 28.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 28.07.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-113/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर्स-डे पर कल्याण ज्वैलर्स आरा ने डॉक्टरों और सीए को किया सम्मानित

**आरा**। शहर में महावीर टोला-बड़ी मठिया स्टेशन रोड में स्थापित कल्याण ज्वैलर्स शो-रूम में राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स-डे के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कल्याण ज्वैलर्स ने समाज सेवा में अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टरों और सीए को सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों को अंग-वस्त्र और पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद डॉक्टर्स-डे और सीए-डे की खुशी में केक काटकर जश्न मनाया गया। शोरूम को गुब्बारों और फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। इस मौके पर कल्याण ज्वैलर्स के संचालक ने कहा, डॉक्टर सिर्फ मरीजों का उपचार नहीं करते, बल्कि अपने समर्पण और सेवा भाव से पूरे समाज को स्वस्थ रखने का दायित्व निभाते हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही पेशे समाज की प्रगति और राष्ट्र के विकास के लिए समान रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने आगे कहा कि कल्याण ज्वैलर्स सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों में हमेशा सक्रिय भागीदारी निभाता रहेगा। ऐसे आयोजन उन लोगों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम हैं, जो अपने कार्य से समाज को बेहतर बनाने में जुटे हैं। समारोह में सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और समाज हित में निरंतर सेवा देने का संकल्प दोहराया।

### रेड रन-2026 में एमएम कॉलेज की अनुपम प्रभा चौथे स्थान पर

**आरा**| महंत महादेवानंद महिला कॉलेज की छात्राओं ने रेड रन-2026 मैराथन में बेहतर प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय 5 किलोमीटर दौड़ में कॉलेज की छात्रा अनुपम प्रभा ने चौथा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को कॉलेज परिसर में हुए समारोह में प्राचार्य प्रो. डॉ. नरेंद्र प्रताप पालित ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुस्तक और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. पालित ने कहा कि रेड रन जैसी गतिविधियां खेल तक सीमित नहीं हैं। इससे युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आती है। सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ती है। अनुशासन बनता है। राष्ट्रीय सेवा की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि एचआईवी, एड्स जैसी गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों पर समाज को जागरूक करने में युवाओं की भूमिका अहम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। युवा समाज को स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह मैराथन युवाओं में एचआईवी, एड्स और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की थी।

### रेलवे स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शीघ्र होगा पूरा

**आरा**। दानापुर रेल मंडल के वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार ने आरा में बन रहे रेलवे स्वास्थ्य केंद्र के कार्यो का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्यो को गहनता से देखा और मुख्य संवेदक को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। ताकि अगस्त माह के अंत तक इसका उद्घाटन कराया जा सके। स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य के निरीक्षण के बाद सिनियर डीपीओ ने रेलवे कॉलोनी का भी निरीक्षण भी किया। इस मौके पर ईसीआरकेयू के केंद्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार पांडेय, सहायक शाखा मंत्री बिंध्याचल शर्मा, कल्याण निरीक्षक राजन जी, पंकज जी के साथ आईओडब्लू भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी में निर्धारित स्थान पर चिल्ड्रेन पार्क बनाने की पुरानी मांग को ईसीआरकेयू के केंद्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने उठाया। यूनियन की मांग पर अधिकारी सहमति व्यक्त की और इसके लिए प्रयास करने का भरोसा दिया साथ ही कॉलोनी के मेनगेट में स्टील का गेट के साथ कॉलोनी संबंधित कई कार्य को कराने का भरोसा दिया। इसके पहले कॉलोनी में आगमन पर ईसीआरकेयू ने उन्हें सम्मानित किया।

### पाइन की सफाई नहीं होने से बचरी के किसानों पर सिंचाई संकट, आंदोलन की चेतावनी

**आरा**। जगदीशपुर प्रखंड की बसौना पंचायत में सिंचाई व्यवस्था बदहाल होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत की पूर्व सरपंच के पति कमलेश्वर सिंह ने आरोप लगाया है कि बिहिया लाइन नहर से पाइन मिठहा गांव होते हुए बचरी गांव तक जाने वाली पाइन वर्षों से अतिक्रमण और गाद से भर चुकी है। इसके कारण पहले जहां लगभग 400 बीघा खेतों की सिंचाई होती थी, वहीं अब केवल करीब 25 बीघा भूमि तक ही पानी पहुंच पा रहा है। पूर्व सरपंच कमलेश्वर सिंह ने बताया कि पाइन के अवरुद्ध होने के कारण किसानों को निजी नलकूपों के सहारे सिंचाई करनी पड़ रही है। इससे खेती की लागत बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि एक ओर किसान महंगी सिंचाई करने को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार को पानीपटवन शुल्क भी देना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय मुखिया, जगदीशपुर विधायक, पूर्व सांसद से लेकर वर्तमान सांसद सुदामा प्रसाद तक को आवेदन दिया जा चुका है। मांग की गई है कि मिन्हो गांव में बाली जी के मंदिर से गिरधारी सिंह के घर तक करीब 500 फीट नाला बनाकर उसे ऊपर से ढंक दिया जाए। इससे पाइन का पानी सुचारु रूप से बहेगा, किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और मंदिर तक आने-जाने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। कमलेश्वर सिंह समेत हिरा लाल सिंह, नंद किशोर सिंह, काशीनाथ सिंह, रविन्द्र चौधरी, राज किशोर सिंह, कामेश्वर सिंह व योगेश्वर राम ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के किसान आंदोलन करने को विवश होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसान सड़क पर उतरकर आरा–मोहनिया मार्ग को जाम करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसानों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द पाइन की सफाई एवं नाला निर्माण कराकर सिंचाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है, ताकि खरीफ फसलों की खेती प्रभावित न हो। नहर में पानी नहीं आने से 400 बीघा के बजाय केवल 25 बीघा में ही खेती हो पा रही है।

### पतंजलि योगपीठ के बैनर तले भारत स्वाभिमान ट्रस्ट का हुआ विस्तार

**बक्सर**। शुक्रवार को शहर में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के बैनर तले बक्सर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, योग के प्रचार-प्रसार और जिले में सहयोगी योग प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के दक्षिण बिहार प्रभारी सुनील स्वाभिमानी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न पदों पर दायित्वों का वितरण किया गया। इसकी जानकारी भारत स्वाभिमान के जिला सोशल मीडिया प्रभारी बजरंगी लाल ने दी। इसमें राजेश मिश्रा को जिला प्रभारी, अजय कुमार को पतंजलि योग समिति का जिला सह प्रभारी, बजरंगी लाल को भारत स्वाभिमान का जिला सोशल मीडिया प्रभारी, पूर्व प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर प्रसाद सिंह को जिला सह प्रभारी, कृष्णा को जिला महामंत्री, जितेंद्र बिहारी को कोषाध्यक्ष, सिद्धेश्वर सिंह को पतंजलि किसान समिति का प्रभारी तथा संजय को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में दक्षिण बिहार प्रभारी सुनील स्वाभिमानी ने संगठन के पदाधिकारियों से जिले के प्रत्येक क्षेत्र में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है।

### किसान नेता प्रेम सिंह गहलावत के निधन

**आरा**| भाकपा-माले की केंद्रीय कमेटी के सदस्य एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम सिंह गहलावत का राजस्थान में निधन हो गया। बताया गया कि अखिल भारतीय किसान महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से लौटने के दौरान झुंझुनू स्टेशन पर हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं और किसान आंदोलन से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में किया जाएगा।

# 'यह जाति नहीं, पुलिस बर्बरता का मामला': आरके सिंह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। इस पूरे मामले को जातीय रंग देने का विरोध करते हुए कहा कि यह किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि पुलिस बर्बरता का मामला है। उन्होंने राज्य सरकार से मामले की CBI जांच कराने, दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई करने और पूरे प्रकरण को जातीय राजनीति से दूर रखने की अपील की है। आरके सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा कि 17 जून को स्थानीय पुलिस द्वारा दिनदहाड़े भरत तिवारी की हत्या कर दी गई। इस पूरी घटना को हजारों लोगों ने लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से देखा। भरत तिवारी बाढ़ विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उनकी मांग थी कि विस्थापितों को जिस स्थान पर बसाया जा रहा है, वहां मौजूद बड़े गड्ढों को भरकर रहने योग्य बनाया जाए या फिर सरकार उन्हें दूसरा उपयुक्त पुनर्वास स्थल उपलब्ध कराए। भरत तिवारी कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे। कोविड-19



महामारी के दौरान भी जरूरतमंद लोगों की सेवा में आगे रहे। भाजपा कहती है कि 'सबका साथ, सबका विकास', सरकार को अपने सिद्धांतों के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।

**'पिस्तौल फेंककर सरेंडर किया था'**: आरके सिंह ने दावा किया कि घटना से कुछ समय पहले उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उन्होंने दो दिन पहले ही एक पिस्तौल खरीदी थी। एनकाउंटर वाले दिन पुलिस अधिकारियों ने भरत तिवारी से कहा था कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और वे हथियार डाल दें। इस पर भरत तिवारी ने सबके सामने अपनी पिस्तौल फेंककर आत्मसमर्पण कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधीक्षक ने व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज भेजकर बताया था कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं इलाज के लिए मेंटल अस्पताल भेजा जा रहा है। इसी प्रकार का बयान प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी दिया था, जिसकी जानकारी लोगों के पास उपलब्ध है। इसके बावजूद बाद में पुलिस ने गोली मार दी। भरत तिवारी को पांच गोलियां लगीं, जबकि उन्होंने पहले ही हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में परिजनों को अचानक उनकी मौत की सूचना मिली।

**'परिवार की मांग मान लेनी चाहिए'**: आरके सिंह ने आगे कहा कि भरत तिवारी के माता-पिता और बाढ़ विस्थापित परिवार लगातार इस पूरे मामले की CBI जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराना पर्याप्त नहीं है।

**'जातीय राजनीति नहीं करनी चाहिए'**: आर.के. सिंह ने आरोप लगाया कि परिवार की इस मांग को स्वीकार करने के बजाय सत्तारूढ़ दल के कुछ नेता इस पूरे मामले को जातीय रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।

## रघुनाथपुर स्टेशन से जुड़ेगा जेके सीमेंट प्लांट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर**। रघुनाथपुर स्टेशन को औद्योगिक दृष्टिकोण से विकसित करने की दिशा में रेलवे ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टेशन और प्रस्तावित औद्योगिक कनेक्टिविटी का जायजा लिया। सीनियर डीईएन-3 उत्पलकांत और एडीईएन बक्सर समय सिंह मीणा ने रघुनाथपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेके सीमेंट प्लांट का भी दौरा किया और स्टेशन से फैक्ट्री तक जुड़ने वाले रेल कनेक्टिविटी की परियोजना का जायजा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टेशन परिसर, ट्रैक की स्थिति, आसपास की भूमि और प्रस्तावित रूट का बारीकी से अध्ययन किया। विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी जायजा रेलवे अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और संचालन से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि स्टेशन पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कार्य की प्रगति पर संतोष जताते हुए इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए और सभी कार्य मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

## रोड एक्सिटेंड में 4 युवक घायल, दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, प्राथमिक इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पहली घटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पेट्रोल पंप के पास की है। जहां अज्ञात वाहन ने शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान पटरिया निवासी जितेश कुमार(25) के तौर पर हुई है। पिता इंदल कुमार ने बताया कि रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वहां से वापस घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गया।



**बाइक सवार 2 दोस्त घायलः** दूसरी घटना कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ बाजार की है। जहां दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो दोस्त समेत तीन लोग घायल हो गए। जिसमें से एक को गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया है। घायलों में नरगदा गांव निवासी शंकर चौधरी के पुत्र रौशन कुमार(20), प्रीतम यादव के पुत्र ऋषिकेश कुमार(20) और दूसरे बाइक पर सवार उसी गांव के बर्मा गिरी का 24 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार शामिल है।

# बसंतपुर में सात दिवसीय भगवान सूर्य प्राण-प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का समापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। सात दिवसीय भगवान सूर्य प्राण-प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का शुक्रवार को पूर्णाहुति, महाआरती, विशाल भंडारा के साथ समापन हो गया। महायज्ञ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव में 27 जून से 3 जुलाई तक चला। पूरे सप्ताह गांव का वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ में बसंतपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हुए और भगवान सूर्य की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं समाज के कल्याण की कामना की।



**500 कलशों की शोभायात्रा से हुई थी शुरुआतः** महायज्ञ का शुभारंभ 27 जून को लगभग 500 महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप भगवान सूर्य की प्राण-प्रतिष्ठा, यज्ञ, हवन, पूजन और अन्य अनुष्ठान सात दिनों तक संपन्न कराए गए। अंतिम दिन पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। युवाओं ने निभाई आयोजन की जिम्मेदारी ग्रामीण विनय सिंह, अजय सिंह एवं पंकज कुमार ने बताया कि बसंतपुर गांव के कई युवा, जो देश के विभिन्न शहरों में नौकरी और व्यवसाय करते हैं, वे विशेष रूप से महायज्ञ में भाग लेने गांव पहुंचे। सभी युवाओं ने तन, मन और धन से सहयोग करते हुए मंदिर की सजावट, यातायात, भंडारा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयास से पूरे आयोजन को अनुशासित एवं भव्य स्वरूप मिला। मेले और झूलों का बच्चों ने उठाया आनंद महायज्ञ के अवसर पर यज्ञ परिसर में भव्य मेला, प्रदर्शनी, झूले और बच्चों के मनोरंजन की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में परिवार अपने बच्चों के साथ पहुंचे। श्रद्धालुओं ने जहां धार्मिक आयोजनों का लाभ उठाया, वहीं बच्चों और युवाओं ने मेले का भरपूर आनंद लिया। भंडारे और विदाई के साथ संपन्न हुआ महायज्ञ शुक्रवार को वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# एड्स जागरुकता के लिए बक्सर में मैराथन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, पटना स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार की ओर से एवं नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली के सहयोग से शुक्रवार को बक्सर में जिला स्तरीय रेड रन–2026 के अंतर्गत 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन के बीच एचआईवी व एड्स तथा अन्य वायरल रोगों से बचाव एवं स्वास्थ्य जागरुकता का संदेश प्रसारित करना था। प्रतियोगिता में 25 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्साः प्रतियोगिता में एमवी कॉलेज, बक्सर, एमसी कॉलेज, चौसा, वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय, डुमरांव तथा इंजीनियरिंग कॉलेज, डुमरांव के कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 18 छात्र एवं 7 छात्राएं शामिल हुईं। दौड़ का शुभारंभ सोमेश्वर स्थान से हुआ तथा इसका



समापन किला मैदान, बक्सर में किया गया। बालक वर्ग में अजय ने प्राप्त किया प्रथम स्थानः छात्र वर्ग में अजय कुमार सिंह ने प्रथम, सेराज ने द्वितीय तथा दुर्गेश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ये तीनों प्रतिभागी एमसी कॉलेज, चौसा के छात्र हैं। करण कुमार एवं मनीष कुमार यादव वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय, डुमरांव ने क्रमशः चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन एमवी कॉलेज, बक्सर के प्रांगण में किया गया, जहां सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही छात्र एवं छात्रा वर्ग के शीर्ष पांच-पांच प्रतिभागियों को पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक के रूप में पटना से आए असीम कुमार झा एवं राकेश सिंह उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग, बक्सर की ओर से शिव कृपाल दास ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के सफल संचालन में एमवी कॉलेज से डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं पीटीआई अनिकेत कुमार, प्रेम कुमार, डॉ मजहर अंसारी एवं दिनेश कुमार, सहायक स्वयंसेवकों अजय कुमार, संतोष कुमार, रविशंकर सिंह, सुंदरम, राहुल कुमार एवं दीपक कुमार सहित अन्य स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब, बक्सर के जिला नोडल अधिकारी डॉ रास बिहारी शर्मा के निर्देशन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ शर्मा ने बताया कि रेड रन का आयोजन प्रत्येक वर्ष युवाओं में एचआईवी-एड्स एवं अन्य वायरल रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षित जीवनशैली अपनाने तथा सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है। रेड रन प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रियंका ने मारी बाजी छात्रा वर्ग में प्रीति कुमारी ने प्रथम, प्रियंका कुमारी ने द्वितीय दोनों एमसी कॉलेज, चौसा, अमृता कुमारी ने तृतीय, सुनिधि सौरभ ने चतुर्थ तथा आराधना कुमारी ने पंचम स्थान प्राप्त किया, जो वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय, डुमरांव की छात्रा हैं।


# सनोज गुमशुदगी केस में एक और गिरफ्तारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित अनुसूचित जाति टोला में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की छापेमारी के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हुए सनोज कुमार मामले में हाईकोर्ट की सख्ती का असर दिख रहा है। शुक्रवार को भोजपुर पुलिस ने उत्पाद विभाग के एक और निजी चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके साथ ही इस मामले में अब तक सात गैर-नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि लगातार पूछताछ और कार्रवाई के बावजूद 13 अगस्त 2025 से लापता सनोज कुमार का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पूरे मामले की निगरानी पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं।

**अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारीः** पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार निजी चालक सुरेंद्र सिंह चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव का रहने वाला है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने उत्पाद विभाग से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के पकड़ी डीह गांव निवासी एएसआई वीरेंद्र कुमार सिंह, रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी एएसआई राजकुमार, बिहिया थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी सिपाही राजू सिंह, समरदह गांव निवासी सिपाही धर्मेंद्र पासवान, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी सिपाही उमेश यादव तथा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी निजी चालक विकास सिंह शामिल हैं।

**हाईकोर्ट ने जताई थी नाराजगीः** दो दिन पूर्व पटना हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान भोजपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ा था। सुनवाई के दौरान



अदालत ने जांच की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए पुलिस को कार्रवाई तेज करने और दो जुलाई तक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को भोजपुर एसपी ने प्रगति रिपोर्ट दाखिल की। मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई को निर्धारित है।

**छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया थाः** जानकारी के अनुसार, बिहिया थाना क्षेत्र के गंज गांव निवासी गौरी शंकर राम के 30 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार राजमिस्त्री का काम करते थे। परिजन का आरोप है कि 13 अगस्त 2025 की शाम जगदीशपुर उत्पाद विभाग की टीम ने धरहरा अनुसूचित जाति टोला में शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान उन्हें हिरासत में लिया था। हिरासत में लेने के बाद सनोज ने अपने पिता को फोन कर बताया था कि उत्पाद विभाग की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया है। इसके कुछ देर बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और तब से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजन ने 14 अगस्त 2025 को बिहिया थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उत्पाद विभाग पर सनोज को गायब करने का आरोप लगाया था। बाद में धरहरा अनुसूचित जाति टोला के पास उनकी बाइक बरामद हुई। स्वजनों का यह भी आरोप है कि स्थानीय पुलिस के दबाव के बाद उत्पाद विभाग की टीम से सनोज का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया, लेकिन युवक अब तक लापता है। इसी वजह से अदालत और पुलिस, दोनों की जांच का केंद्र अब उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की भूमिका बनी हुई है।

# 18 जुलाई को लगेगी विशेष लोक अदालत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। 18 जुलाई को व्यवहार न्यायालय, बक्सर के परिसर में एक "विशेष लोक अदालत" का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर की अवर न्यायाधीश-सह-सचिव नेहा दयाल ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विशेष अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर लंबित मामलों का त्वरित, शांतिपूर्ण निष्पादन करना है। वर्चुअल और फिजिकल दोनों माध्यमों से जुड़ने की सुविधा : इस विशेष लोक अदालत को बेहद सुगम, तकनीक-अनुकूल बनाया गया है। इसका आयोजन वर्चुअल (ऑनलाइन) तथा फिजिकल (भौतिक) दोनों माध्यमों से एक साथ किया जाएगा। इस दोहरे विकल्प के कारण मुकदमों से जुड़े पक्षकारों को कोर्ट आने की बाध्यता नहीं होगी। वे अपनी सुविधानुसार कहीं से भी इस



प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी। दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। अधिक जानकारी और सहायता के लिए करें संपर्क जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता के लिए एक सूचना जारी की है। यदि कोई पक्षकार अपने मामले को इस लोक अदालत में रखना चाहता है या इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी अथवा कानूनी सहायता प्राप्त करना चाहता है, तो वह व्यवहार न्यायालय, बक्सर परिसर में स्थित डालसा कार्यालय में जाकर सीधे सचिव से संपर्क कर सकता है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण ने त्वरित संपर्क के लिए आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर 06183-299925 और ई-मेल dlsa.buxar2026@gmail .com भी जारी किया है। विधिक सेवा प्राधिकरण ने बक्सर की आम जनता और मुकदमों से घिरे पक्षकारों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से अंत कराएं। आयोजन को सफल बनाने के लिए बक्सर जिले के आला अधिकारी पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष , जिला पदाधिकारी (डीएम)-सह-उपाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक (एसपी)-सह-सदस्य तथा अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर द्वारा संयुक्त रूप से न्यायिक और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

### 9 जुलाई तक इंटरमीडिएट में दाखिले का अवसर

**बक्सर**| इंटरमीडिएट (11वीं) में स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया को लेकर बिहार बोर्ड ने छात्र छात्राओं को अतिरिक्त समय दिया है। अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 9 जुलाई तक राज्य के विभिन्न +2 विद्यालयों एवं कॉलेजों में खाली सीटों पर स्पॉट नामांकन करा सकेंगे। समिति के अनुसार तृतीय चयन सूची के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न संकायों में रिक्त बची सीटों पर स्पॉट नामांकन कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन विद्यार्थियों को भी अवसर देना है, जो अब तक किसी कारणवश नामांकन नहीं करा सके हैं। स्पॉट नामांकन में 3 प्रकार के छात्र छात्रा शामिल हो सकेंगे। पहली श्रेणी में वे छात्र-छात्राएं हैं, जिनका चयन तीसरी चयन सूची में भी नहीं हुआ। दूसरी श्रेणी में वे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने ओएफएसएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन नहीं किया था। वहीं तीसरी श्रेणी में ऐसे विद्यार्थी शामिल हैं, जिनका ओएफएसएस के जरिए चयन तो हुआ था, लेकिन निर्धारित समय में किसी कारण से नामांकन नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब पर पुलिस का शिकंजा, एक हजार लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**मसौढ़ी**। अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ लहसुना थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान करीब एक हजार लीटर जावा महुआ बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध शराब के धंधे से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे जावा महुआ को नष्ट कर दिया और कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित कर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान शराब निर्माण के लिए तैयार करीब एक हजार लीटर जावा महुआ बरामद हुआ, जिसे नियमानुसार नष्ट कर दिया गया।उन्होंने बताया कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों को नामजद किया जा रहा है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर इस धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### हाजीपुर में ओवरलोड हाइवा को लेकर विवाद, सरकारी कार्रवाई में इंटरफेयर

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के हाजीपुर में ओवरलोड हाइवा को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। यह मामला केवल ओवरलोडिंग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी कार्रवाई में कथित हस्तक्षेप, जब्त वाहन को छुड़ाने की कोशिश और परिवहन विभाग के अधिकारियों को धमकाने तक पहुंच गया है। परिवहन विभाग की टीम ने जांच के दौरान छाई (राख) लदे एक हाइवा को पकड़ा था, जिसका टैक्स भी फेल पाया गया। बताया गया कि गाड़ी पकड़े जाने के बाद चालक ने मौके पर मौजूद परिवहन दरोगा के साथ कथित तौर पर बदसलूकी की। इसके बाद वाहन को बूबना धर्मकांटा ले जाकर तौला गया, जहां उसमें करीब 6 टन अधिक छाई लदी होने की पुष्टि हुई। नियमों के तहत परिवहन दरोगा ने वाहन को जब्त कर परिवहन कार्यालय के समीप खड़ा कराया और उसकी चाबी कार्यालय में जमा करा दी। आरोप है कि इसके बाद कथित इंट्री माफिया सक्रिय हो गए। अधिकारी पर दबाव और धमकी देने के बावजूद जब वाहन छोड़ने से इनकार किया गया, तो बिना विभागीय अनुमति के जब्त हाइवा से छाई नीचे गिरा दी गई। इसके बाद दूसरी चाबी का इस्तेमाल कर वाहन को दूसरे धर्मकांटा पर ले जाकर दोबारा तौल कराया गया, ताकि उसे अंडरलोड दिखाया जा सके। साथ ही, परिवहन दरोगा पर पैसे की उगाही का आरोप भी लगाया गया। इस पूरे मामले में परिवहन दरोगा ने इंट्री मैन धीरज प्रसार और वाहन मालिक के खिलाफ अपने वरीय अधिकारियों को सूचना देते हुए औद्योगिक थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि 30 जून को सुबह करीब 4 बजे इंट्री मैन और वाहन मालिक जब्त हाइवा को लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिवहन दरोगा ने गंगा ब्रिज के पास वाहन को दोबारा पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई के लिए उसे सदर थाना के सुपुर्द कर दिया।

### मंत्री संजय सिंह का वाट्सएप्प अकाउंट हैक

**हाजीपुर**। बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह का व्हाट्सएप्प अकाउंट हैक हो गया है। हैकर्स उनके नंबर का इस्तेमाल कर लोगों से ऑनलाइन 36 हजार की मांग कर रहे हैं। मंत्री संजय सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि उनके व्हाट्सएप्प नंबर से लोगों को संदेश भेजे जा रहे हैं, जिनमें वित्तीय सहायता के रूप में 36 हजार मांगे जा रहे हैं। मंत्री ने आम जनता से अपील की है कि उनके नंबर से आने वाले किसी भी पैसे की मांग वाले संदेश पर विश्वास न करें और कोई भी वित्तीय लेनदेन न करें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संजय सिंह ने लोगों से इस जानकारी को अधिक से अधिक साझा करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार न हो।

### गंगा स्नान में वृद्धा की डूबने से मौत

**हाजीपुर**। वैशाली में बिदुपुर थाना क्षेत्र के नवानगर स्थित गंगा नदी में स्नान के दौरान 75 वर्षीय वृद्धा भूली देवी की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और पुलिस ने लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उनके शव को बरामद किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, भूली देवी सुबह टोटो से गंगा स्नान करने आई थीं। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। यह देख वहां मौजूद तीर्थयात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।परिजनों ने तत्काल पुलिस और एसडीआरएफ को घटना की सूचना दी। राहत दल ने नाव और रस्सियों की मदद से करीब तीन घंटे तक खोजबीन की, जिसके बाद शव को नदी की धारा से बाहर निकाला जा सका। शव मिलते ही परिजनों में मातम छा गया।मृतका के भतीजे ने बताया कि चाची स्नान करने गई थीं, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि यह उनका आखिरी स्नान होगा। बिदुपुर थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि प्राथमिक जांच में मौत डूबने से हुई प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। भूली देवी अपने पीछे दो बेटों और कई पोते-पोतियों को छोड़ गई हैं। स्थानीय लोगों ने नदी में गहराई बढ़ने और तेज बहाव की आशंका जताते हुए प्रशासन से स्नान स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और गोताखोरों की तैनाती की मांग की है। इसके जवाब में प्रशासन ने लोगों को गहरे पानी में जाने से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

### गवाही से पहले मंदिर में दुकानदार का मर्डर

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में शनिवार सुबह अपराधियों ने एक दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। 46 साल के राम कुमार कुशवाहा रोज की तरह मंदिर गए थे। पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उन्हें 2 गोली लगी। एक सीने में, दूसरी बांह में। घटनास्थल से 3 खोखे मिले हैं। राम कुमार जमीन विवाद में आज कोर्ट में गवाही देने वाले थे। इससे पहले गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के डेरा चौक बाजार की है। चश्मदीदों के मुताबिक, शनिवार सुबह के करीब 7 बजे थे। राम कुमार मंदिर में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान 2 की संख्या में अपराधी आए पिस्टल निकाली और फायरिंग करने लगे। अपराधियों ने करीब 2 फीट दूर से गोलियां चलाईं। गोली लगने के बाद राम कुमार कुशवाहा लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से बड़ी आसानी से फरार हो गए। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सिवाईपट्टी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। साक्ष्य जुटाने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

### राजू सिंह को 4 साल की सजा, फायरिंग में हुई थी मौत

**मुजफ्फरपुर**। बिहार के साहेबगंज से BJP विधायक राजू सिंह को कोर्ट ने शनिवार को 4 साल की सजा सुनाई है। 7 साल पहले दिल्ली में न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में डॉ. अर्चना गुप्ता की मौत हुई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में विधायक को गैर इरादतन हत्या दोषी पाया है। कोर्ट ने पीड़ित परिवार को 25 लाख का मुआवजा देने को भी कहा है। राजू कुमार सिंह को 4 साल की सजा हुई है। अब उनकी विधायकी जानी भी तय है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी भी आपराधिक मामले में 2 साल या उससे अधिक की जेल की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी सदस्यता अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने की तिथि से तत्काल प्रभाव से रद्द हो जाती है। शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित विशेष MP-MLA कोर्ट ने सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। विधायक ने अदालत से नरमी बरतने की अपील करते हुए कहा कि घटना जानबूझकर नहीं हुई और उनके अब तक के सामाजिक आचरण को देखते हुए उन्हें कम से कम सजा दी जाए।

# विवाश्री 'मिसेज़ बिहार' प्रतियोगिता में सोनी गुप्ता बनीं विजेता

## नेहा डेन फर्स्ट रनर-अप, ज्योति पाठक सेकेंड रनर-अप, विजेता को 50 हजार की पुरस्कार राशि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। राजधानी पटना स्थित पनाश कौटिल्य होटल में आयोजित भव्य विवाश्री 'मिसेज़ बिहार' प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कड़े मुकाबले के बाद सोनी गुप्ता ने 'मिसेज़ बिहार' का प्रतिष्ठित क्राउन अपने नाम किया। विजेता को क्राउन के साथ 50,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं नेहा डेन को फर्स्ट रनर-अप और ज्योति पाठक को सेकेंड रनर-अप घोषित किया गया।

प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आईं कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अलग-अलग राउंड में अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, संवाद कौशल और सामाजिक दृष्टिकोण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सरगम कौशल (मिसेज़ वर्ल्ड 2025), शादाब शमी (एसोसिएट डायरेक्टर, NIFT), ऐश्वर्या राज (मिसेज़ बिहार 2024) तथा प्रकेश सिंह (विवाश्री डायरेक्टर) शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, प्रस्तुति, मंच संचालन, संप्रेषण कौशल और समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया।

कार्यक्रम के आयोजक आइस ब्रेकर ओसियन विजन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध प्रवीण सिन्हा ने बताया कि विवाश्री 'मिसेज़ बिहार' प्रतियोगिता का उद्देश्य विवाहित महिलाओं को अपनी प्रतिभा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने के लिए एक सम्मानजनक मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, सामाजिक सोच और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों एवं अतिथियों ने आयोजकों की सराहना की।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने वन महोत्सव पर बच्चों संग किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर पाटलिपुत्र रेल परिसर स्थित आरेख उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह ने किया।

कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों से पौधारोपण कराया गया तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण और पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। श्रीमती सुनीता सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रत्येक बच्चे को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से उपहार स्वरूप 'पॉटेड प्लांट' भेंट किया गया, ताकि वे अपने लगाए गए पौधों की देखभाल करते हुए हरियाली बढ़ाने में सक्रिय योगदान दे सकें।

कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना कुमार, सचिव श्रीमती मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह सहित पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की सभी कार्यकारिणी सदस्याएं तथा महिला कल्याण संगठन, दानापुर की सभी कार्यकारिणी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## जेड सिक्योरिटी वापस मिलने पर बोले लालू-सरकार बैकफुट पर है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। राजद सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को Z कैटेगरी की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है। इसके साथ ही दोनों को बुलेट प्रूफ गाड़ी भी मुहैया कराई गई है। इसको लेकर बिहार सरकार ने शुक्रवार की शाम नोटिफिकेशन जारी किया है। इस मामले पर लालू यादव ने कहा कि सरकार बैकफुट पर है। 'क्या बिहार सरकार ने पहले उनकी सुरक्षा रद्द करके उनके साथ अन्याय किया था', यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "हां, बहुत किया है।"

एक महीना पहले बिहार सरकार ने VVIP सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। इस समीक्षा के बाद लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया था, जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सुरक्षा में बदलाव के विरोध में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुरक्षा वापस कर दी थी।

**कहा- मेरे साथ अन्याय हुआ, बंगला विवाद के बीच घटाई गई थी लालू-राबड़ी की सुरक्षा**

**10 सर्कुलर स्थित बंगले से वापस किया था सुरक्षाः** सुरक्षा में कटौती से नाराज लालू परिवार ने राज्य सरकार की नई सुरक्षा व्यवस्था को खारिज कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगले पर तैनात सभी सरकारी सुरक्षा जवानों को वापस लौटा दिया था। इसके बाद से सांसद मीसा भारती और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सुरक्षा जवानों को वापस कर दिए थे।

# पटना में मुस्लिम युवक के साथ मिली नाबालिग आरोपी बोला- शादी की, पहली पत्नी भी हिंदू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना में 3 दिन से लापता 13 साल की लड़की मुस्लिम लड़के के साथ ऑटो में मिली। लड़की ऑटो की पिछली सीट पर बेहोश पड़ी थी। परिवार का आरोप है कि मोहम्मद श्मशाद आलम लड़की को बहलाकर अपने साथ ले गया था। शनिवार सुबह पटना के तारामंडल के पास लड़की के परिवार ने उसे ऑटो में देखा। साथ में मुस्लिम युवक भी था। परिवार ने लड़के को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। वो वैशाली का रहने वाला है। लड़की का न्यू गार्डिनर अस्पताल में इलाज जारी है। परिवार ने आरोप लगाया है कि श्मशाद आलम पहले से शादीशुदा है। उसने बच्ची के साथ 3 दिनों तक रेप किया। हिंदू देवताओं की DP लगाकर झांसा देता है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि उसने साल 2025 में यारपुर की रहने वाली हिंदू लड़की से हाईकोर्ट मजार के पास शादी की थी। उसकी 8 महीने की एक बच्ची है। उसने 13 साल की लड़की से 3 दिन पहले मैनपुरा मंदिर में शादी करने का दावा किया है।




**3 दिन पहले घर से सामान लेने निकली थी बच्चीः** लड़की के चाचा ने बताया कि लड़की 3 दिन पहले घर से सामान खरीदने के लिए निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसकी गुमशुदगी को लेकर गर्दनीबाग थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसकी उम्र 14 साल है। वो पटना के एक सरकारी स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ती है। 3 दिन से एक लड़का उसको अगवा करके पूरे पटना में ऑटो पर घूमा रहा था। वह रैपिडो, ओला में ऑटो चलाता है। 3 दिन से वो हमारी बच्ची के साथ संबंध बनाता रहा। आज सुबह वो तारामंडल, इनकम टैक्स गोलंबर के पास विद्यापति रोड से गुजर रहा था। तभी मेरी नजर ऑटो में बच्ची और उसके साथ मौजूद युवक पर पड़ी। इसके बाद मैंने मंदिरी नाले के पास उसे पकड़ लिया।

**चाचा बोले- देवी-देवताओं की DP लगाकर फंसाता है श्मशाद आलमः** लड़की के चाचा ने आगे बताया कि लड़का मुस्लिम है और अपनी वॉट्सऐप DP में हिंदू देवी-देवता (शिव-पार्वती) की तस्वीर लगाता है। इस तरह वह हिंदू लड़कियों को गुमराह कर झूठ बोलकर फंसा रहा है। श्मशाद पटना के गर्दनीबाग इलाके में किराए के मकान में रहता है। हम लोगों को कभी नहीं लगा कि ऐसा भी हो सकता है। वो पहले से शादीशुदा भी है।

**ASI बोले- आरोपी से पूछताछ जारी हैः** ASI केसी पंकज ने बताया कि हम गश्ती पर निकले थे, तभी देखा कि दो लोग ऑटो के पास हंगामा कर रहे थे। हम लोगों ने उन्हें थाने लेकर आया और पूछताछ कर रहे हैं। लड़की कौन है, क्या मामला है, हम अभी जानकारी जुटा रहे हैं। बच्ची को इलाज के लिए न्यू गार्डिनर अस्पताल लाए हैं। लड़की के चाचा के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। किशोरी का बयान, मेडिकल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सदर बाजार में भीषण आग, छह दुकानें जलकर राख, कारोबारी ने लगाया आग लगाने का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के सदर बाजार स्थित बड़ी देवी स्थान के पास शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। इस घटना में छह दुकानें जलकर राख हो गईं, जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की पांच छोटी-बड़ी दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**आगजनी का आरोप, एक व्यक्ति हिरासत मेंः** मामले में पुलिस ने सुल्तानपुर निवासी लल्लू कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। लहसुन कारोबारी दिलीप कुमार ने दानापुर थाने में लिखित शिकायत देकर लल्लू कुमार पर आग लगाने का आरोप लगाया है। दिलीप कुमार ने बताया, 'शुक्रवार सुबह उनकी लल्लू कुमार से किसी बात पर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि शाम को लल्लू शराब के नशे में चार-पांच अज्ञात युवकों के साथ उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए दुकान में आग लगाने की धमकी दी। उस समय आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव कर उसे वहां से हटा दिया था। इसके घटना के बाद देर रात अचानक दुकान में आग लग गई, जिससे दिलीप कुमार की दुकान समेत कई अन्य दुकानें जलकर खाक हो गईं।'उन्होंने आगलगी में करीब 8 से 9 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है।

**रात 12 बजे मिली आग लगने की सूचनाः** दुकानदार सुशील साव ने बताया, 'रात करीब 12 बजे कुछ लोगों ने उनके घर पहुंचकर दुकान में आग लगने की सूचना दी। वे तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने का प्रयास करने लगे। अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग रात करीब सवा 12 बजे लगी थी।

आग की चपेट में दिलीप कुमार की लहसुन दुकान, सुनील कुमार की प्याज दुकान, राजू की मिर्च दुकान, मन्नू की नाश्ता दुकान सहित कुल छह दुकानें आ गईं। सहायक अग्निशमन पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने पुष्टि की कि पांच दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, पुलिस शिकायत के आधार पर सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

## पटना मेट्रो उद्घाटन समारोह में मेयर को नहीं किया आमंत्रित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना मेट्रो के उद्घाटन समारोह के दौरान मेयर सीता साहू को आमंत्रित नहीं करने पर पटना नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा को पत्र लिखा है। सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों ने इस पूरे प्रकरण के जांच का अनुरोध किया है। इसके साथ ही ये भी सुनिश्चित करने को कहा है कि भविष्य में राज्य सरकार और उनकी एजेंसियों द्वारा आयोजित नगर क्षेत्र से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में पटना मेयर के संवैधानिक गरिमा का सम्मान किया जाए।

**पटना नगर निगम की मेयर को आमंत्रित नहीं कियाः** इस पत्र में लिखा गया कि, 2 जुलाई 2026 को आयोजित पटना मेट्रो के मलाही पकड़ी स्टेशन के उद्घाटन समारोह में पटना नगर निगम की मेयर को आमंत्रित नहीं किया गया। यह न केवल नगर निगम जैसी महत्वपूर्ण स्थानीय स्वशासी संस्था की गरिमा के प्रतिकूल है, बल्कि स्थापित प्रशासनिक परंपराओं और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वरीयता क्रम की भावना के भी अनुरूप नहीं प्रतीत होता है। पत्र में आगे लिखा गया है कि पटना मेट्रो परियोजना के लिए पटना नगर निगम द्वारा आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) प्रदान किया गया था।

## पटना जू में जुलाई लास्ट तक आएंगे दो नर गौर, सेंट्रल जू अथॉरिटी से मिली मंजूरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना जू में जुलाई के अंत तक कर्नाटक के शिवमोगा जू से 2 नर गौर आयेंगे। पटना जू प्रशासन इसकी तैयारियों में लगा हुआ है। सेंट्रल जू अथॉरिटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अभी पटना जू में सिर्फ़ 2 मादा गौर हैं। 2 नर गौर लाने से पटना जू में गौर की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। शिवमोगा जू को देश की पहली विशेष 'गौर सफारी' के रूप में विकसित की गई है। इसके तहत मैसूरू चिड़ियाघर से लाए गए भारतीय गौर रखे जाते हैं। जून 2025 में संक्रमण से मादा गौर की मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार थिलेरियोसिस संक्रमण के कारण गौर की मौत की बात सामने आयी। गौर की मृत्यु के 20 दिनों पहले से ही उसके संक्रमण का इलाज चल रहा था। उससे पहले मार्च 2025 में आधी रात को नर गौर भैरवा की मौत हो गई थी। तीन-चार दिनों से बीमार चलने के बाद उसने खाना भी छोड़ दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का प्रारंभिक कारण सेप्टीसीमिया और मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर बताया गया था।

**कर्नाटक के शिवमोगा जू से लाने की तैयारी**

वहीं, पटना जू में मैसूर जू से नर जिराफ आएगा। एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जानवरों की अदला-बदली होगी। जिराफ लाने को लेकर पहले कोलकाता जू से बातचीत हुई थी। मगर वहां से फीका रिस्पॉन्स मिला, जिसके बाद मैसूर से जिराफ लाया जाएगा। नर जिराफ को पटना जू लाने का मुख्य उद्देश्य जिराफ के ब्लड लाइन को बदलकर उसके ब्रीडिंग को बढ़ावा देना है।

## 82 हजार स्ट्रीट लाइटें होंगी ऑटोमेटिक ऑन-ऑफ, 30 दिन में राजधानी में जगमगाएंगी 35 हाई मास्ट लाइटें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के 82 हजार स्ट्रीट लाइटों को ऑटोमेटिक स्टार्ट किया जाएगा। इसे IoT (Internet of Things) आधारित सेंसर बेस्ड किया जा रहा है, जो शाम होते ही खुद जल जाएंगी और सुबह होते ही बंद हो जाएंगी। इन लाइटों की निगरानी के लिए सेंट्रलाइज्ड कमांड सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए बिड को स्वीकृति के लिए विभाग में भेज दिया गया है। वहीं, बारिश के समय स्विच फेल होने और कार्बन की समस्या के समाधान के लिए टीम भी बनाई गई है।

**25000 अतिरिक्त लाइटें और पुरानी लाइटों का होगा एक्सचेंजः** पटना नगर निगम से अब नया टेंडर किया जा रहा है। इसमें शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों को ऑटोमेट करने के साथ-साथ 25 हजार अतिरिक्त लाइटें लगाने का प्रावधान है। इसके अलावा ईईएसएल की वे पुरानी लाइटें, जिनकी कार्य अवधि समाप्त हो चुकी है, उन्हें नई लाइटों से बदला जाएगा।

**30 दिन में राजधानी में जगमगाएंगी 35 हाई मास्ट लाइटेंः** पटना के 30 वार्डों में 35 जगह लगने वाली हाई मास्ट लाइटों का काम अगले 30 दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। इनमें से करीब 20 लाइटों के लिए फाउंडेशन का काम शुरू हो चुका है। जयप्रकाश नगर, दयानंद हाई स्कूल, बसावन पार्क टी-प्वाइंट, पंचमुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य जगहों पर लाइटें लग रही है। हर हाई मास्ट लाइट की लंबाई 12.5 मीटर है। प्रत्येक हाई मास्ट लाइट में 6 फ्लड लाइटें होंगी, जिनकी कुल क्षमता 1200 वॉट होगी। इन सभी 35 हाई मास्ट लाइट में 1.6 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पटना नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में 166 हाई मास्ट लाइट कार्यरत हैं।

**तुरंत समाधान के लिए वार्ड स्तर पर टीम गठितः** वहीं, वार्ड स्तर पर अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जो शिकायतों का तुरंत समाधान कर रही हैं। बारिश के समय स्विच फेल होने और कार्बन की समस्या सामने आती है, लेकिन इन तकनीकी दिक्कतों को भी लगातार ठीक किया जा रहा है। पटना नगर निगम के पास लाइट को समस्या को लेकर करीब 250-300 शिकायतें पेंडिंग है। इसपर भी कार्रवाई किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमांशु हत्याकांड में पुलिस की भूमिका की हो सीबीआई जांच : आदित्य साहू



**पूर्वी सिंहभूम।** करणी सेना के युवा नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने झारखंड सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। शनिवार को आदित्यपुर पहुंचकर उन्होंने मृतक के पिता अरविंद सिंह और परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमांशु सिंह की हत्या राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है और इस मामले में पुलिस की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि घटना के समय पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन अपराधियों को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन घटना के मूल मुद्दे से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कानूनी टीम ने संबंधित बार के दस्तावेजों की जांच की है और उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार उसके लाइसेंस संबंधी कागजात अवैध हैं। उनके अनुसार अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना ही प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो भाजपा जमशेदपुर के बाद पूरे झारखंड में आंदोलन तेज करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री अमर कुमार बावरी सहित भाजपा के जमशेदपुर महानगर और सरायकेला-खरसावां जिले के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। भानु प्रताप शाही ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए स्वतंत्र जांच की मांग की, जबकि अमर कुमार बावरी ने घटना में कथित लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग दोहराई।

### चोरी के सामान के साथ एक आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** आजादनगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात का पुलिस ने महज एक दिन के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपित को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान कपाली लिंक रोड स्थित खुशबूनगर निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद आमिर के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उसने न केवल इस चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, बल्कि मोहल्ले में पहले भी कई छोटी-बड़ी चोरियों को अंजाम देने की बात भी कबूल की है। मामले की जानकारी देते हुए आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि कपाली लिंक रोड निवासी 66 वर्षीय नौशाद आलम ने 3 जुलाई की शाम अपने घर से एसी का कॉपर ट्यूब, बिजली का तार, एक्सटेंशन कॉर्ड तथा अन्य सामान चोरी होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर आजादनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार आरोपित का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ साकची थाना में वर्ष 2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत मामला दर्ज है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। कार्रवाई में पुलिस अवर निरीक्षक लिवन लकड़ा, दीपक ठाकुर, दीपक कुमार रौशन, सहायक अवर निरीक्षक राकेश रंजन तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### जमशेदपुर बंद जनता के आक्रोश और जनसमर्थन का प्रतीक : पूर्णिमा





**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आहूत जमशेदपुर बंद को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने इसे जनता के आक्रोश और जनसमर्थन का प्रतीक बताया है। दोनों नेताओं ने कहा कि शहरवासियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह बंद को समर्थन दिया, उससे स्पष्ट हो गया है कि जनता अब अपराध और अराजकता के खिलाफ निर्णायक आवाज उठा रही है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि हाल के दिनों में शहर में हत्या, चेन स्नैचिंग, चापड़बाजी, नशे के बढ़ते कारोबार और लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था से आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में हुई जघन्य हत्या ने लोगों का विश्वास कानून व्यवस्था पर कमजोर किया है। ऐसे माहौल में जमशेदपुर बंद को मिला अभूतपूर्व समर्थन इस बात का संकेत है कि जनता अब अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहती है।

**सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफलः दुलाल-**
वहीं, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने भी बंद को जनता की भावनाओं का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों के बढ़ते मनोबल से आम लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन इस बात का स्पष्ट संदेश है कि लोग अब सुरक्षित वातावरण और प्रभावी कानून व्यवस्था चाहते हैं। दुलाल भुईयां ने कहा कि भाजपा जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और अपराध पर नियंत्रण तथा दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपना संघर्ष जारी रखेगी।[र

### मारवाड़ी ब्राह्मण सभा की प्रथम वार्षिक आमसभा 26 जुलाई को रांची में होगी




**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के सत्र 2025-27 की प्रथम वार्षिक आमसभा 26 जुलाई (रविवार) को रांची स्थित मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी सभा के मंत्री कृष्णा लाल शर्मा ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि सभा की हाल ही में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष अशोक कुमार पुरोहित ने सभी संरक्षकों और आजीवन सदस्यों से वार्षिक आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया है। कृष्णा लाल शर्मा ने बताया कि आमसभा में पिछले एक वर्ष के दौरान सभा द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही सभा के कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोवला वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी बैठक में उपमंत्री महेंद्र कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोवला, आंतरिक अंकेक्षक अमित सारस्वत, ओम प्रकाश माटोलिया, कृष्णा शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, अनिल शर्मा, धर्मचंद शर्मा, नथमल शर्मा, कमल शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, चेतन शर्मा सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में वार्षिक आमसभा की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

# झारखंड में तीन दिन भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में 05 से 07 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 08 जुलाई तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) की आशंका व्यक्त की है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, 05 जुलाई को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं 06 जुलाई को सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा और पलामू जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसी प्रकार 07 जुलाई को दक्षिण-पश्चिमी एवं इससे सटे मध्यवर्ती जिलों पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, लोहरदगा तथा रांची जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में जलभराव, तेज बहाव और आकाशीय बिजली की घटनाओं को देखते हुए लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग की ओर से बताया गया कि राज्यभर में 08 जुलाई तक रुक-रुक कर वर्षा होने और कई स्थानों पर वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के मौसम की बात करें, तो राज्य में सबसे अधिक 51.6 मिलीमीटर वर्षा सिमडेगा जिले के बोलबा में दर्ज की गई। वहीं अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस पाकुड़ में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में शनिवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला और कभी बादल तो कभी धूप का सिलसिला जारी रहा। रांची में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज का अधिकतम 35.0 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस, बोकारो थर्मल का अधिकतम 33.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि चाईबासा का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, आकाशीय बिजली के दौरान खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा मौसम विभाग की ओर से जारी ताजा चेतावनियों का पालन करने की अपील की है।अअ

## फायरिंग मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**





कदमा थाना क्षेत्र के रामजनमनगर में युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल सोना उर्फ रिंकू और कृष्णा सोना के रूप में हुई है। पुलिस अब उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना गुरुवार देर रात की है। पुलिस के अनुसार रामजनमनगर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आरोपितों ने संजय तांडी के मुंह में सटाकर गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है। घटना के बाद घायल संजय तांडी की बहन संतोषी तांडी के बयान के आधार पर कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत में पड़ोसी अनिल सोना उर्फ रिंकू और कृष्णा सोना को नामजद आरोपित बनाया गया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। कदमा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 40 वर्षों से लगने वाला मोरहाबादी का साप्ताहिक बाजार बंद, निगम के फैसले से सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में पिछले लगभग 40 वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार को शनिवार को रांची नगर निगम ने बंद करा दिया। निगम का कहना है कि बाजार में लगातार बढ़ रही भीड़ और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं, निगम की इस कार्रवाई से सब्जी और फल विक्रेताओं में भारी नाराजगी है। कई विक्रेता मैदान में ही डटे रहे और आंदोलन की चेतावनी दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, मोरहाबादी मैदान में प्रत्येक शनिवार को शहर का सबसे बड़ा साप्ताहिक सब्जी बाजार लगता है, जहां रांची और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान और विक्रेता अपनी उपज बेचने आते हैं। शनिवार को नगर निगम के निर्देश के बाद बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी गई और विक्रेताओं को वापस लौटा दिया गया। दूरदराज के अधिकांश विक्रेता सुबह ही लौट गए, लेकिन 100 से अधिक विक्रेता मैदान में डटे रहे और फैसले के विरोध में आंदोलन की तैयारी करने लगे। नगर निगम के कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश मिला था कि अब मोरहाबादी मैदान में साप्ताहिक बाजार नहीं लगेगा। इसी आदेश के अनुपालन में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने मैदान में किसी भी विक्रेता को दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी। स्थिति पर नजर रखने के लिए निगम की कई टीमें दिनभर मौके पर तैनात रहीं। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी मैदान में पिछले चार दशकों से सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों किसान और सब्जी विक्रेता अपनी ताजा उपज लेकर आते रहे हैं। बाजार समाप्त होने के बाद वे देर शाम या रात में अपने गांव लौट जाते हैं। इस व्यवस्था के बंद होने से उन विक्रेताओं की आजीविका पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। रातू निवासी सब्जी विक्रेता राम महतो ने बताया कि वह पिछले 35 वर्षों से मोरहाबादी बाजार में सब्जियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। वहीं, फल विक्रेता मोहम्मद इश्तियाक ने कहा कि वह करीब 25 वर्षों से इसी बाजार में फल बेचते आ रहे हैं।

उनका कहना है कि बाजार बंद होने से उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। दूसरी ओर, कुछ स्थानीय लोगों ने नगर निगम के निर्णय का समर्थन किया है। उनका कहना है कि पहले जहां बाजार में 50 से 100 दुकानें लगती थीं, वहीं अब दुकानों की संख्या बढ़कर करीब 1,600 तक पहुंच गई है। इसके कारण मोरहाबादी मैदान और आसपास की सड़कों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। उनका आरोप है कि कई विक्रेताओं ने सड़क तक अतिक्रमण कर दुकानें लगानी शुरू कर दी थीं, जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## बागबेड़ा के कुंवर सिंह मैदान रोड नंबर-3 के 50 घरों में शुरू हुई जलापूर्ति

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के तहत वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे कुंवर सिंह मैदान रोड नंबर-3 के करीब 50 परिवारों को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। लगभग 15 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद शनिवार से क्षेत्र में नियमित नल जलापूर्ति शुरू हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने बताया कि डीएमएफटी मद से लगभग चार लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन का इंटर कनेक्शन निर्माण कार्य पूरा कराया गया। इसके बाद शनिवार सुबह बेला की जलापूर्ति शुरू होते ही सभी घरों तक पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुंचा। लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने घरों में बाल्टी, ड्रम और अन्य बर्तनों में पानी संग्रह कर अपनी खुशी जाहिर की। सुनील गुप्ता ने कहा कि इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने कई वर्षों तक लगातार प्रयास किए। इस दौरान उन्होंने पोटका विधायक संजीव सरदार, उपायुक्त, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से कई बार मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग उठाई। साथ ही पंचायत समिति की मासिक बैठकों में भी इस मुद्दे को लगातार प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को वर्षों पुरानी परेशानी से स्थायी राहत मिली है। स्थानीय निवासियों ने इस पहल के लिए सुनील गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार संघर्ष कर इस समस्या का समाधान कराया, जिससे अब लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

**सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो**

**आम सूचना**

सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो द्वारा पारित आदेशों के आलोक में संदर्भित बेदखली आदेशों (Eviction Orders) के तहत अनधिकृत दखलकारों को सूचित किया जाता है कि अनधिकृत प्लॉट / भूमि एवं आवासों को शीघ्र खाली कर अपने बकाया राशि का भुगतान कर दें, अन्यथा इन्हें बेदखली प्रक्रिया के तहत हटा दिया जाएगा और किसी भी तरह की क्षति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अनधिकृत प्लॉट / भूमि एवं आवासों को खाली कराने का कार्य दिनांक 07.07.2026 से प्रारम्भ होगा।

आदेशानुसार
सम्पदा पदाधिकारी
बोकारो स्टील सिटी
दिनांक 02.07.2026

## भाजपा का बंद दोषियों को बचाने और राजनीति करने की कोशिश : परविंदर सिंह

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने भाजपा की ओर से आयोजित जमशेदपुर बंद को राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि पूरे मामले की दिशा बदलना और कुछ लोगों को बचाने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता नीरज सिंह को बचाने के लिए इस मुद्दे का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल डाउन बार के समीप हुई जघन्य हत्या की घटना को झारखंड सरकार ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर वरीय पुलिस अधीक्षक का तबादला किया गया है और नए एसएसपी ने पदभार संभाल लिया है। अब शहरवासियों को नए पुलिस नेतृत्व का सहयोग करना चाहिए, ताकि अपराधियों के खिलाफ निष्पक्ष और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शनिवार को परविंदर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जमशेदपुर भाईचारे और सौहार्द का शहर रहा है, लेकिन हाल के दिनों में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंता का विषय हैं। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं की कड़ी निंदा करती है और समाज के सभी वर्गों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करती है, जिससे अपराधियों को जल्द सजा दिलाई जा सके।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित करना है कि विश्रामपुर–बेलहारा भाया पाण्डु पथ के 22वें कि0मी0 में ग्राम बेलहारा में अवस्थित पुल क्षतिग्रस्त है, जिसमें भारी वाहनों का आवागमन अगले आदेश के लिए पूर्णतः निषेध है।

निदेशानुसार
**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 384089 (District) 26-27 (D)

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**झारखण्ड, रॉंची।**

**पशुपालन, निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची द्वारा प्रायोजित केन्द्रीय योजना LHDCP अन्तर्गत गोवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं में FMD टीकाकरण Round 6 (2026-27) टीकाकरण कार्यक्रम**

**खुरपका–मुँहपका (FMD) टीकाकरण**

1. **टीका का अवधि** :– 01 जुलाई 2026 से 29 अगस्त 2026 तक
2. **टीकाकरण हेतु पशु** :– 4 माह से उपर सभी गोवंशीय एवं भैंस वंशीय पशु
3. **शुल्क** :– निःशु ल्क
4. **टीकाकर्मी** :– प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा नामित टीकाकर्मी
5. **अन्य** :– सभी पशु ओं हेतु निःशु ल्क कृमिनाश क दवा का वितरण
6. **ऑनलाईन इंट्री** :– भारत पशुधन एप में ऑनलाईन इंट्री हेतु टीकाकर्मीयों द्वारा माँग किये जाने वाले जानकारी निम्नवत हैः–
   - पशुपालक का नाम एवं आधार संख्या
   - पशुपालक का मोबाइल नंबर एवं मोबाईल नंबर पे जाने वाले OTP.
   - गाय एवं भैस का टैग नंबर।

**नोट :–किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।**

निवेदक
जिला पशुपाालन पदाधिकारी, गढ़वा।

**PR.NO.384095 Animal Husbandry(26-27):D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 02/2026-27 (Retender)**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 261/वि0, दिनांक 16.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में क्डथ्ज मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नलिखित स्वीकृत योजना में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथिः–दिनांक 07.07.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 07.07.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 18.07.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.07.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चैनपुर | पूर्वडीहा | पूर्वडीहा | प्रखण्ड चैनपुर अन्तर्गत ग्राम पूर्वडीहा में विजय राम के घर से कोल्हुआ मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4093500 | 81870 | 5000 | 06 माह | NREP-NIT-02/2026-27/Gr-01RT |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू।

PR.NO.384091 NREP(26-27):D

## एसआईआर पर भाजपा का हमला

# बांग्लादेशी नागरिकों के नाम जोड़ रही कांग्रेस

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि मतदाता सूची में कथित तौर पर बांग्लादेशी नागरिकों के नाम जोड़ने की साजिश रची जा रही है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन करने के बजाय सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों के बाहर मतदाता पंजीकरण फॉर्म वितरित कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है और इसके जरिए अवैध रूप से मतदाता सूची का विस्तार किया जा रहा है। पार्टी ने इस मामले की शिकायत केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से करने की घोषणा की है। साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग भी की है। भाजपा ने राज्य सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्वच्छ अभियान केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और इसकी निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।



बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सत्यापन करने के बजाय सड़कों पर बैठकर गणना फॉर्म (एन्यूमरेशन फॉर्म) बांट रहे हैं। उन्होंने इसे बांग्लादेशी नागरिकों को मतदाता बनाने की साजिश बताया। अशोक ने कहा, 'निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चला रहा है और यही केंद्र सरकार की भी मंशा है। लेकिन कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक को 'बांग्ला' लोगों के लिए स्वर्ग बना दिया है।' अशोक ने दावा किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार राज्य के 22 जलाशयों में जल भंडारण में भारी गिरावट आई है। उनके अनुसार, पिछले वर्ष इसी अवधि में जलाशयों में 335.292 टीएमसी पानी था, जबकि इस समय यह घटकर केवल 66.099 टीएमसी रह गया है।

### बीएलओ की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में, विशेषकर बेंगलुरु, मडिकेरी और चिक्कमगलुरु जिलों में, लगभग 20 लाख 'बांग्ला' निवासी हैं और उनके नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में नहीं थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि घर-घर सत्यापन करने के बजाय हज भवनों और मस्जिदों के बाहर खुलेआम मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। आर. अशोक ने कहा, 'बीएलओ का काम हर घर जाकर फॉर्म देना, विवरण का सत्यापन करना और आवेदन एकत्र करना है। लेकिन वे सड़कों पर बैठकर ऐसे फॉर्म बांट रहे हैं जैसे जनता को मुफ्त भोजन वितरित किया जा रहा हो। यह सब वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी मूल के लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अशोक ने विशेष रूप से महादेवपुरा और ब्यातरायणपुरा क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि वहां मस्जिदों के बाहर समूह बनाकर एसआईआर की प्रक्रिया चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वह इस पूरे मामले की शिकायत केंद्रीय निर्वाचन आयोग और कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से

### कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि येलहंका के एक क्षेत्र में वर्ष 2002 की मतदाता सूची का रिकॉर्ड अब तक ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया है और कुछ खास समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर एसआईआर को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर पार्टी सार्वजनिक रूप से इस अभियान का विरोध कर रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों से सरकारी गारंटी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एसआईआर के तहत पंजीकरण कराने को कह रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल भारतीय नागरिकों पर लागू होता है। किसानों को पानी की कमी के बीच फसल बोने को लेकर मुख्यमंत्री की कथित सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए अशोक ने कहा कि किसानों को ऐसी सलाह की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कहा यदि सरकार में साहस है तो उसे कर्नाटक के किसानों को सलाह देने के बजाय तमिलनाडु सरकार से खेती नहीं करने के लिए कहना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना का तमिलनाडु द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने उसके खिलाफ कोई बयान नहीं दिया।

## शिमला में अब घर बैठे बुक करें अपनी पार्किंग, दो महीने में शुरू होगी स्मार्ट सुविधा

**शिमला, एजेंसी।** पर्यटन नगरी शिमला आने वाले पर्यटकों को अब शहर में वाहन खड़ा करने के लिए




भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम शिमला दो माह में स्मार्ट पार्किंग सुविधा शुरू करने जा रहा है। इससे पर्यटक घर से निकलने से पहले जैसे होटल में कमरा बुक करवाते हैं, वैसे ही नगर निगम शिमला की मोबाइल एप, नगर निगम और राज्य सरकार की वेबसाइट से घर बैठे ही पार्किंग स्लॉट बुक कर सकेंगे। इससे जहां शहर में पार्किंग तलाशने में लगने वाला समय बचेगा, वहीं ट्रैफिक जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। वर्तमान में नगर निगम के पास लगभग 7,000 वाहनों की पार्किंग क्षमता है। नई स्मार्ट पार्किंग प्रणाली में पार्किंग की रियल टाइम उपलब्धता दिखाई देगी। चालक पहले से उपलब्ध स्लाट देखकर अपनी सुविधा के अनुसार बुकिंग कर सकेंगे और सीधे आरक्षित पार्किंग तक पहुंचेंगे। नगर निगम का मानना है कि इस व्यवस्था से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, सड़कों पर अनावश्यक वाहन नहीं घूमेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

## हिमाचल में डीए देने की तैयारी, 700 करोड़ का लोन ले रही सुक्खू सरकार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इस समय कर्मचारियों को कम से कम डीए की एक किश्त मिलने की चर्चाएं हैं. इन्हीं चर्चाओं के बीच सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार ने 700 करोड़ रुपए का कर्ज लेने की अधिसूचना जारी की है. कर्ज की ये रकम 13 साल के लिए ली जा रही है. इस संदर्भ में राज्य सरकार के वित्त विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है. इसे लेकर केंद्र सरकार की सहमति ली गई है और ये कर्ज विकास कार्यों के लिए है.



हालांकि ये तकनीकी शब्दावली है, लेकिन ये अनुमान लगाया जा रहा है कि सुक्खू सरकार कर्मचारियों के डीए को लेकर कोई सुख की खबर दे सकती है. यदि कर्मचारियों को कम से कम तीन फीसदी डीए की एक किश्त देने की मंशा हो तो ये रकम (700 करोड़ रुपए) पर्याप्त है.

### कब खजाने में आएगा पैसा?

राज्य सरकार के खजाने में ये रकम आठ जुलाई को आ जाएगी. लोन की इस रकम का ब्याज साल में दो बार चुकाया जाएगा. ये ब्याज की किश्तें जनवरी व जुलाई में दी जाएंगी. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इससे पहले भी जून महीने में 700 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था. वो कर्ज दो किश्तों में लिया गया था. पहली किश्त के तौर पर चार सौ करोड़ रुपए व दूसरी किश्त के रूप में 300 करोड़ रुपए का लोन लिया गया था. अब जुलाई माह में फिर से लोन की अधिसूचना जारी की गई है. इस बार सात सौ करोड़ रुपए का लोन एक ही किश्त में है. पिछला लोन 24 जून को राज्य सरकार के खजाने में आ गया था. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार पर कर्मचारियों को डीए की कम से कम एक किश्त देने का भारी दबाव है. हिमाचल इस समय एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है. कर्मचारियों की भारी-भरकम देनदारियां सिर पर हैं. सरकार को हर महीने वेतन व पेंशन के लिए कम से कम 22 करोड़ रुपए का खर्च करना पड़ता है. राज्य की अपनी आय के संसाधन अपेक्षाकृत कम है. ऐसे में डीए आदि की देनदारी के लिए सरकार को कर्ज पर ही निर्भर रहना पड़ता है.

## काशी विश्वनाथ मंदिर गेट पर सिपाही की कार्बाइन से अचानक चली गोली

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर शनिवार को ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही की कार्बाइन से अचानक गोली चल गई। गोली सड़क पर लगी



और गिट्टियां छिटककर पास में मौजूद दो दुकानदारों और एक अन्य व्यक्ति को लग गई। तीन लोग जख्मी हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल सभी लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है जिस सिपाही की कार्बाइन से गोली चली वह मंदिर की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव के हाथ और पैर में हल्की चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली चलने की आवाज सुनते ही मंदिर परिसर और आसपास मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

## तमिलनाडु में मंत्री की जनता से अपील, मंदिरों में गड़बड़ियों की दें सूचना



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मंत्री एस. रमेश ने शुक्रवार को जनता से अपील की कि वे विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण वाले मंदिरों में अनियमितताओं, नौकरी के बदले पैसे लेने और अन्य गलत कामों की रिपोर्ट करें। मंत्री ने हाल ही में तिरुचेंदूर के एक मंदिर में निरीक्षण के दौरान भक्तों को जल्दी दर्शन कराने के लिए मंदिर के कर्मचारियों से जुड़े अवैध लेन-देन को उजागर किया था। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी शिकायतें सबूत के साथ भेजें। रमेश ने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरा कार्यालय और मैं इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करेंगे।'

# सिया, चेतन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे, एजेंसी।** पुणे की एक अदालत ने शुक्रवार को 25 वर्षीय पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के सिलसिले में सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया।


एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने हो रही जांच के संबंध में कहा कि घटनास्थल पर मौजूद कुछ गवाह अब जानकारी देने के लिए आगे आए हैं। पुणे ग्रामीण पुलिस ने गोयल और चौधरी की पॉलीग्राफ जांच की मांग नहीं की।

वहीं, मीडिया से बात करते हुए पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने कहा कि अपराध स्थल पर मौजूद कुछ अहम गवाह सामने आए हैं। उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। हमारे पास यह साबित करने के लिए सुबूत है कि हत्या हुई थी।

बीस वर्षीय सिया और 22 वर्षीय चेतन पर 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले में केतन अग्रवाल को एक चट्टान से धक्का देकर हत्या करने का आरोप है। सिया और केतन की शादी इसी साल नवंबर में होने वाली थी।

पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एएम विभूते के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने पुलिस हिरासत को तीन दिन बढ़ाने की मांग करते हुए तर्क दिया कि गोयल और चौधरी के मोबाइल फोन से बरामद डाटा में सांकेतिक भाषा में बातचीत शामिल थी। इस बातचीत को समझने के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।







अभियोजन पक्ष ने अदालत को सूचित किया कि पुलिस ने उस स्थान पर पंचनामा किया था, जहां गोयल ने कथित तौर पर मुंबई जाते समय अग्रवाल का पासपोर्ट ठिकाने लगाया था।

### जांच करने वालों ने उस जगह का पंचनामा भी किया

सरकारी वकील राजश्री विरकुड ने कहा कि जांच करने वालों ने उस जगह का पंचनामा भी किया, जहां गोयल और चौधरी ने कथित तौर पर अग्रवाल की हत्या की रिहर्सल की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोयल का एक और मोबाइल फोन बरामद किया है। उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पहले जब्त किए गए फोन से डाटा निकाला जा चुका है। जांच करने वालों को फॉरेंसिक रिपोर्ट मिल गई है। बरामद चैट में कोड वाली भाषा है, जिसमें निकनेम और इमोजी शामिल हैं।

### अदालत में सहयोग तो थाने में धौंस दिखाती है पुलिस

# बांबे हाई कोर्ट ने वर्दीधारियों को आईना दिखाया

**मुंबई, एजेंसी।** आम आदमी पुलिस की धौंस से अच्छी तरह वाकिफ है, लेकिन अदालतों को भी इससे दो-चार होना पड़ता है। बांबे हाई कोर्ट की पुलिस पर एक तल्ख टिप्पणी से इसे समझा जा सकता है।

हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतों के सामने पुलिस का व्यवहार सहयोगपूर्ण होता है, लेकिन थाने में वह धौंस दिखाती है।

हाई कोर्ट ने एक पुलिस अधिकारी पर लगाए गए जुर्माने के आदेश को वापस लेने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। यह जुर्माना उस पर इसलिए लगाया गया था, क्योंकि उसने बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद भी आरोपितों को शिकायत की कापी नहीं दी।

कार्यवाहक चीफ जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस गौतम अंखड़ की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत से पालघर के वाडा पुलिस स्टेशन के एसएचओ पर 25 हजार का जुर्माना लगाने वाले जून के उसके आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया गया था।

अतिरिक्त लोक अभियोजक मनकुंवर देशमुख ने कहा कि जिस अधिकारी पर जुर्माना लगाया गया है, वह शिकायत की कापी रोकने के लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि किसी दूसरे अधिकारी ने कापी उपलब्ध नहीं कराई। हाई कोर्ट ने हालांकि इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया और



अदालत व थाने में पुलिस अधिकारियों के व्यवहार के बीच अंतर पर टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने कहा, 'यहां अदालत में आपके अधिकारी बहुत सहयोगपूर्ण व्यवहार दिखाते है।

**कोर्ट ने जून में भी जताई थी नाराजगी:** जून में अपने आदेश में इसी पीठ ने पुलिस अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की थी कि उन्होंने आरोपित व्यक्तियों को शिकायत या प्राथमिकी की कापी मुहैया नहीं कराई, जो कानूनी रूप से जरूरी है। हाई कोर्ट तब एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जो उन लोगों की ओर से दायर की गई थी, जिनके खिलाफ वाडा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उनका दावा था कि वे थाने में गए और प्राथमिकी की कापी मांगी, लेकिन एसएचओ ने कापी नहीं दी।

**अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए विवश:** पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि उसके समक्ष ऐसी कई याचिकाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें जिन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# स्कूलों के 500 मीटर दायरे में स्टिंग एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर रोक

### महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने बच्चों के शुक्रवार को स्वास्थ्य और सुरक्षित खानपान को लेकर एक अहम फैसला लेते हुए राज्य के सभी स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में स्थित दुकानों पर 'स्टिंग' (स्ट्रडट्ठ) एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर रोक लगाने की घोषणा की है।

राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल ने विधानसभा में इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यह फ़ैसला स्कूली बच्चों पर एनर्जी ड्रिंक्स के असर को लेकर चिंता के बीच लिया गया है. सरकार बच्चों में कैफीनयुक्त पेय पदार्थों के बढ़ते सेवन को लेकर गंभीर है और उनकी सेहत की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है. सरकार जल्द ही इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेगी और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा. विधानसभा में भाजपा विधायक विक्रम पचपुते के सवाल का जवाब देते हुए, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल ज़िरवाल ने कहा कि यह फ़ैसला स्कूली बच्चों पर एनर्जी ड्रिंक्स के असर को लेकर चिंता के बीच लिया गया है. मंत्री ने कहा कि खाद्य एवं



औषधि प्रशासन को रोक लागू करना का निर्देश दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों से कहा गया है कि वे स्टूडेंट्स को एनर्जी ड्रिंक्स पीने से जुड़े हेल्थ रिस्क के बारे में बताने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाएं.

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार, एनर्जी ड्रिंक्स में अक्सर कैफीन और चीनी ज़्यादा होती है. स्कूल परिसर में और उसके आसपास 'स्टिंग' एनर्जी ड्रिंक की बिक्री के बारे में विधानसभा सदस्य द्वारा उठाई गई चिंताएं कुछ हद तक सही हैं. जिरवाल ने कहा, 'अगर स्कूल कैंपस के 500 मीटर के अंदर ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स या किसी दूसरी नशीली चीज की बिक्री पाई जाती है।

# आंध्र प्रदेश में 'ग्रीन स्टील' का नया युग: चंद्रबाबू ने कडप्पा में रखी जेएसडब्ल्यू स्टील प्लांट की नींव

**जम्मलमडुगु (आंध्र प्रदेश), एजेंसी।:** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कडप्पा जिले के जम्मलमडुगु मंडल के सुन्नापुरापल्ले में 16,350 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले जेएसडब्ल्यू रायलसीमा स्टील प्लांट का उद्घाटन किया. इसके बाद, उन्होंने विजयनगरम जिले में जिंदल इंडस्ट्रियल पार्क का भी वर्चुअली (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए) उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने



कहा, 'रायलसीमा के लिए स्वर्ण युग की शुरुआत हो चुकी है.' मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि स्टील प्लांट की स्थापना के साथ ही रायलसीमा के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हो चुकी है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे रायलसीमा का विकास करके इसे एक खुशहाल बच्चे की तरह संवारेंगे.

### उद्योगों, निवेशों और नौकरियों से गुलजार हो गया है

पिछले शासन पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे उस विनाशकारी शासन के कारण राज्य को पहुंचे नुकसान को दूर कर उसे फिर से नया जीवन दे रहे हैं. अब रायलसीमा उद्योगों, निवेशों और नौकरियों से गुलजार हो गया है और वे यह साबित कर रहे हैं कि यह पत्थरों की नहीं, बल्कि रत्नों (रत्नालसीमा) की धरती है. मुख्यमंत्री ने अपने पुराने वादे को याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने रायलसीमा में प्लांट लगाने की बात कही थी, जबकि अतीत में यहाँ केवल धोखे की आधारशिलाएं जेएसडब्ल्यू रायलसीमा प्लांट के साथ आंध्र प्रदेश एक 'स्टील स्टेट' बन जाएगा और अब केवल विशाखापत्तनम ही नहीं, बल्कि रायलसीमा भी एक स्टील हब के रूप में विकसित हो रहा है.

### मुख्यमंत्री फडणवीस की पहल पर

# पुणे-नागपुर मार्ग पर चलेगी वंदे स्लीपर

**पुणे, एजेंसी।** पुणे महाराष्ट्र के लाखों रेल यात्रियों, विशेषकर विदर्भ और पश्चिम महाराष्ट्र के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। पुणे और नागपुर के बीच वंदे स्लीपर ट्रेन चलाने की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है। रेलवे बोर्ड ने इस प्रस्तावित ट्रेन का टाइम टेबल तैयार कर लिया है, हालांकि इसकी आधिकारिक अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। इस पूरी पहल के केंद्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सक्रिय भूमिका को अहम माना जा रहा है।



दरअसल, पुणे और नागपुर के बीच की यात्रा करीब 12 घंटे की है। वर्तमान में इस मार्ग पर चल रही वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों को लंबे समय तक बैठकर सफर करना पड़ता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष प्रमुखता से रखा था। फडणवीस ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इतनी लंबी दूरी के लिए चेयर कार आधारित ट्रेन पर्याप्त नहीं है और यात्रियों को आरामदायक स्लीपर सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुणे-नागपुर के लिए वंदे स्लीपर सेवा पर सकारात्मक आश्वासन दिया था। देश में फिलहाल केवल कोलकाता-गुवाहाटी वंदे स्लीपर ट्रेन का संचालन हो रहा है। अब मुंबई-पुणे-बेंगलुरु और पुणे-नागपुर मार्ग पर वंदे स्लीपर चलने की संभावनाएं तेजी से बढ़ गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अपने पिछले पुणे दौरे के मौके पर मुंबई-पुणे-बेंगलुरु वंदे स्लीपर सेवा का उल्लेख भी कर चुके हैं। मध्य रेलवे मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार, वंदे स्लीपर के कुछ रैक बैंगलुरु पहुंच चुके हैं और प्रस्तावित सेवाओं के लिए प्रारंभिक योजना तथा समय सारिणी तैयार कर ली गई है।

### पुणे से लगातार बढ़ रहा वंदे भारत नेटवर्क

वर्तमान में पुणे से चार वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इनमें मुंबई पुणे-सोलापुर, मुंबई-पुणे-कोल्हापुर, पुणे-हुबली और पुणे-नागपुर मार्ग शामिल हैं। इन सेवाओं को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। लेकिन पुणे-नागपुर मार्ग की लंबी यात्रा अवधि के कारण स्लीपर ट्रेन की मांग लगातार उठती रही है। मुख्यालय के ही एक सूत्र ने बताया कि पुणे-नागपुर वंदे भारत के कोच 8 से 16 अथवा 20 किये जाने की भी चर्चा चल रही है। से भारतीय रेलवे ने देशभर में 260 वंदे स्लीपर रैक तैयार करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इन आधुनिक ट्रेनों का निर्माण चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) और महाराष्ट्र के लातूर स्थित मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री में किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाराष्ट्र में भी बड़े पैमाने पर कोच निर्माण होने के कारण राज्य को नए रैक अपेक्षाकृत जल्दी मिल सकते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया में संघर्ष की अनिश्चितता के चलते सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था और विनिर्माण ने बढ़ाई चिंता

एचएसबीसी की मासिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष जून में भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में वृद्धि की रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही ।पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त होने को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के फिर से रफ्तार पकड़ने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर में गिरावट और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ अब देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि भी धीमी पड़ गई है ।एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, विनिर्माण में वृद्धि का आंकड़ा इस वर्ष मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर पहुंच गया। यही नहीं, नई कारोबारी मांग और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर सुस्त रहने से वस्तुओं की खरीद, रोजगार सृजन और उत्पादन की रफ्तार भी कम हो गई है। यानी कुछ उपक्रमों को छोड़ दिया जाए, तो देश के ज्यादातर क्षेत्रों की वृद्धि में गिरावट देखी जा रही है, जिसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है ।हालांकि, महंगाई से राहत दिलाने के लिए तेल कंपनियों ने बुधवार को वाणिज्यिक एलपीजी के 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर पर 183.50 रुपये और विमान ईंधन में पांच रुपये प्रति लीटर की कटौती की है, लेकिन पिछले दिनों बढ़ाए गए दामों के मुकाबले यह राहत बेहद कम है ।इसमें दोराय नहीं कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय था, लेकिन सवाल यह है कि सरकार की ओर से इसके प्रभाव को कम करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाशने पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? ऐसा भी नहीं है कि सरकार इस संकट की संभावनाओं से अनभिज्ञ थी। दावे किए जाते रहे कि स्थिति को संभालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, मगर इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आते हैं ।एचएसबीसी की मासिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष जून में भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में वृद्धि की रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही। इससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि भारतीय निर्यात कारोबार पर कितना गहरा असर पड़ा है। सर्वेक्षण में कई कंपनियों ने माना है कि उन्हें हाल के दिनों में नई नियुक्तियां रोकनी पड़ीं या उन्हें कम कर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि लोगों को रोजगार के मोर्चे पर भी नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ।इसके अलावा मांग और बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा भी कमजोर पड़ा है।

## संतुलित कूटनीति से उभरता भारत का वैश्विक नेतृत्व

*रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, क्योंकि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। साथ ही भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत बनाए रखा। यह संतुलन साधना आसान नहीं था, किंतु भारत ने इसे सफलतापूर्वक निभाया।*

**(ललित गर्ग)**

रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, क्योंकि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। साथ ही भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत बनाए रखा। यह संतुलन साधना आसान नहीं था, किंतु भारत ने इसे सफलतापूर्वक निभाया। भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संतुलित, स्वतंत्र और दूरदर्शी सोच रही है। विश्व राजनीति के बदलते परिदृश्य, महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय संघर्षों और वैश्विक अस्थिरताओं के दौर में भारत ने जिस परिपक्वता और विवेक का परिचय दिया है, उसने उसे विश्व मंच पर एक विश्वसनीय, जिम्मेदार और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के निधन के उपरांत उनके अंतिम संस्कार में भारत की ओर से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को भेजने का निर्णय भी इसी संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति का परिचायक है। यह केवल एक राजनयिक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, सभ्यतागत एवं रणनीतिक संबंधों के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा तथा बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल का तेहरान जाना यह स्पष्ट करता है कि भारत अपने मित्र देशों के साथ संबंधों को केवल सामरिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के आधार पर भी देखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि उनके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम थे, किंतु भारत की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने यह संदेश अवश्य दिया कि भारत अपने मित्र देशों के सुख-दुःख में सहभागी बनने की परंपरा का निर्वाह करता है। वास्तव में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने की रही है। आज भारत के अमेरिका, रूस, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोप, जापान और आसियान देशों के साथ मजबूत रणनीतिक एवं आर्थिक संबंध हैं। दूसरी ओर ईरान के साथ भी उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ अत्यधिक निकटता दूसरे पक्ष के साथ संबंधों को प्रभावित कर सकती है। किंतु भारत ने सदैव यह सिद्ध किया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करता है। ईरान से जुड़े हालिया घटनाक्रमों पर भारत की प्रतिक्रिया भी अत्यंत संतुलित रही। भारत ने ईरानी दूतावास जाकर शोक संवेदना व्यक्त की, किंतु किसी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय आरोप-प्रत्यारोप में स्वयं को शामिल नहीं किया। भारत ने न तो अमेरिका की आलोचना की और न ही इजरायल के विरुद्ध कोई आक्रामक टिप्पणी की। यह वही कूटनीतिक परिपक्वता है, जिसने भारत को वैश्विक राजनीति में एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति का मूल आधार 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' रहा है। इसी कारण भारत ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, क्योंकि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। साथ ही भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत बनाए रखा। यह संतुलन साधना आसान नहीं था, किंतु भारत ने इसे सफलतापूर्वक निभाया। यही कारण है कि आज भारत को किसी गुट विशेष का सदस्य नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र वैशिक शक्ति के रूप में देखा जाता है। भारत और ईरान के संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, भाषाई, साहित्यिक और व्यापारिक संबंधों का समृद्ध इतिहास रहा है। फारसी भाषा और संस्कृति का भारतीय सभ्यता पर गहरा प्रभाव रहा है। मुगल काल से लेकर आधुनिक युग तक दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान निरंतर चलता रहा है। आर्थिक दृष्टि से भी ईरान भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। भारत लंबे समय तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति ईरान से करता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत को कुछ समय के लिए ईरान से तेल आयात रोकना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के संबंधों में कोई स्थायी कटुता नहीं आई। चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत और ईरान के रणनीतिक संबंधों का एक महत्वपूर्ण आयाम है। यह परियोजना भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करती है तथा पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार के नए अवसर उपलब्ध कराती है। ऐसे समय में जब चीन 'बेल्ट एंड रोड' परियोजना के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है, चाबहार भारत के लिए सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले एक दशक में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग विकसित किया है। इजरायल के साथ कृषि, रक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई साझेदारियां स्थापित हुई हैं। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ भारत के आर्थिक एवं रणनीतिक संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। रूस के साथ परंपरागत मित्रता को भी भारत ने मजबूती प्रदान की है। यही नहीं, यूरोप, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के साथ भी भारत ने अपने संबंधों को नई दिशा दी है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जिस कुशलता और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया, उसने विश्व समुदाय को प्रभावित किया। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना के साथ भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को मुखर किया। अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत की भूमिका ऐतिहासिक रही। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत केवल अपने हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह विकासशील देशों की आकांक्षाओं का भी प्रतिनिधित्व करता है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसकी पड़ोसी नीति भी है। भारत ने सदैव 'पड़ोसी प्रथम' की नीति को अपनाया है। अफगानिस्तान में तालिबान शासन आने के बाद भी भारत ने वहां की जनता को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई। भारत ने अनाज, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर यह संदेश दिया कि उसका संबंध केवल सरकारों से नहीं, बल्कि वहां की जनता से भी है। कोविड-19 महामारी के दौरान 'वैक्सीन मैत्री' अभियान के माध्यम से भारत ने अनेक देशों को टीके उपलब्ध कराए। श्रीलंका जब आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

## 500 करोड़ के घोटाले ने खोली भ्रष्टाचार की परतें

सरकारी विभागों में कई ऐसे मामले होते हैं, जो कभी पकड़ में ही नहीं आते या फिर उन्हें जानबूझकर दबा दिया जाता है। जो मामले सामने आते हैं, उनमें भी ज्यादातर का खुलासा तब होता है, जब करोड़ों रुपये इधर से उधर कर दिए जाते हैं ।भ्रष्टाचार एक ऐसी दीमक है, जो किसी भी देश की प्रगति, अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को अंदर से खोखला कर देती है। व्यवस्था में यह रोग न केवल आम जनता के विश्वास को तोड़ता है, बल्कि विकास के अवसरों को सीमित कर समाज में असमानता की खाई को और गहरा कर देता है। देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का भरोसा दिलाते हैं, मगर सत्ता में आने के बाद उनकी नाक के नीचे करोड़ों रुपये के घोटालों की जमीन तैयार हो जाती है ।इसका ताजा उदाहरण हरियाणा में करीब पांच सौ करोड़ रुपये का वह घोटाला है, जिसमें संलिप्तता के आरोप में बीते मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन गिरफ्तार किया है। जाहिर है कि यह वित्तीय हेराफेरी एक-दो दिन या फिर सप्ताह भर में तो नहीं हुई होगी। ऐसे में सवाल है कि शासन-प्रशासन में उच्च पदों पर बैठे लोगों और सतर्कता एजेंसियों को इसकी भनक पहले क्यों नहीं लगी?देश में वित्तीय गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाए गए हैं। इसके बावजूद अगर भ्रष्टाचार का सिलसिला थम नहीं रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? सरकारी विभागों में कई ऐसे मामले होते हैं, जो कभी पकड़ में ही नहीं आते या फिर उन्हें जानबूझकर दबा दिया जाता है। जो मामले सामने आते हैं।

## नियमों की अनदेखी कब तक? अवैध निर्माण और लापरवाही बन रहे हैं मौत का कारण

**(सुरेश सेठ)**

कानून के मुताबिक, रिहायशी भवनों का व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। भवन निर्माण से पहले प्रवेश और प्रस्थान के लिए उचित रास्ते बनाए जाने चाहिए। इमारतों में आग लगने या अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त प्रबंध करना जरूरी है। चाहे सरकार का निर्देश हो या अदालत का फैसला, कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर अपने हित साधने का कोई न कोई रास्ता निकाल लेते हैं, भले ही इससे किसी की जान जोखिम में क्यों न पड़ जाए। सर्वोच्च अदालत ने अपने एक फैसले में कहा कि सरकारी जमीन के अतिक्रमण पर पूरी तरह रोक लगाई जानी चाहिए। सरकार की ओर से भी यह कहा जाता रहा है कि अतिक्रमण करना कानूनी जुर्म है और ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून के मुताबिक, रिहायशी भवनों का व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। भवन निर्माण से पहले प्रवेश और प्रस्थान के लिए उचित रास्ते बनाए जाने चाहिए। इमारतों में आग लगने या अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त प्रबंध करना जरूरी है। मगर इन नियम-कानूनों की कौन परवाह करता है? विकास के नाम पर बहुमंजिला इमारतें या भीड़भाड़ वाले स्थलों पर बेतरतीब निर्माण प्रगति का प्रतीक बनते-बनते मौत का सूचक बनने लगे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर में दो वर्ष पहले एक इमारत के भूतल में बारिश का पानी भर जाने से वहां कोचिंग सेंटर में मौजूद तीन युवाओं की मौत हो गई थी। ये वे नौजवान थे, जो यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर अपने लिए बेहतर रोजगार की जमीन तलाश रहे थे। यहां भी नियमों का उल्लंघन कर निर्माण हुआ था, मगर संबंधित महकमे के अधिकारियों की मिलीभगत से इसे नजरअंदाज कर दिया गया। इसी तरह का एक मामला हाल में दिल्ली के मालवीय नगर में सामने आया। एक इमारत का अवैध तरीके से विस्तार कर उसे बहुमंजिला होटल बना दिया गया। छह कमरों की विभागीय मंजूरी लेकर 26 कमरे बना दिए गए। इस इमारत में आपात स्थिति के लिए वैकल्पिक निकासी मार्ग और अग्निशमन के पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए थे। जब आग लगी तो कई लोग इमारत के अंदर ही फंस गए और उनकी मौत हो गई। इनमें से कई लोग ऐसे थे, जो अपने निकट संबंधियों के उपचार के लिए इस होटल में ठहरे हुए थे। इस घटना के बाद विरोध-प्रदर्शन हुए, सरकार की ओर से पीड़ितों के लिए अनुदान राशि घोषित की गई और फिर अवैध निर्माण को गिराकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद नियमों की अनदेखी और विभागीय लापरवाही की दिल दहला देने वाली घटना उत्तर प्रदेश में लखनऊ के अलीगंज में सामने आई। जिस इमारत को वर्ष 2016 से ढहाने का नोटिस दिया गया था, वहां गैर-कानूनी ढंग से निर्माण किया गया था। इस व्यावसायिक इमारत में कोचिंग सेंटर भी संचालित किया जा रहा था। यहां लगी आग की घटना में विद्यार्थियों सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई। पहली मंजिल पर पक्षी और जानवर रखे गए थे।

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन के मामलों में पूरा धीरज रखने की जरूरत है। पैसों को लेकर किसी भी तरह का बिना वजह का जोखिम न उठाएं। यदि आप कहीं धन लगाने की योजना बना रहे हैं, तो आगे बढ़ने से पहले हर एक छोटी बात को अच्छे से समझ लें। आज की गई परिवार के किसी सदस्य से मिलने वाली सलाह पर ध्यान देना फायदेमंद हो सकता है।

### वृष
आज आपकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह मजबूत बनी हुई है, जिससे आप आगे की योजनाओं को लेकर काफी आश्वस्त महसूस करेंगे। किसी करीबी पर भरोसा होने के बाद भी बिना पक्के कागजी काम के धन का लेन-देन बिल्कुल न करें। तुरंत मिलने वाले छोटे लाभ के बजाय दूर के निवेश आपके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित होंगे।

### मिथुन
आज फालतू के खर्चों पर पूरी तरह नजर रखें। बुध देव की स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन पैसों के लेन-देन और धन से जुड़े कागजातों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतें। घर-परिवार की जरूरतों के कारण खर्चे थोड़े बढ़ सकते हैं।

### तुला
आज आपको फालतू के खर्चों को कम करने और पुराने बकाए को चुकाने पर पूरा ध्यान देना चाहिए। जोखिम भरे कामों या बिना सोचे-समझे खरीदारी करने से पूरी तरह दूर रहें। आपका नियम से चलना आपके आर्थिक आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। सही प्लानिंग से आप अपनी बचत को और मजबूत करने में सफल रहेंगे।

### वृश्चिक
अपने बजट को दोबारा व्यवस्थित करने के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। आप अपनी पुरानी वित्तीय कमियों को सुधारने में सफल रहेंगे। केवल दूसरों की राय सुनकर धन लगाने का कोई फैसला न लें। आपकी अपनी सोची-समझी प्लानिंग ही आपको अच्छा लाभ देगी। आज किया गया एक छोटा सा सही बदलाव आगे चलकर बड़ा फायदा दे सकता है।

### धनु
पैसों को लेकर नियम का पालन करना आज आपकी पहली प्राथमिकता होना चाहिए। सुख-सुविधा की चीजों पर खर्च अभी कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। दूर की बचत पर अधिक ध्यान दें। यदि कोई बड़ी खरीदारी करने का विचार है, तो बाजार में उपलब्ध सभी विकल्पों की तुलना जरूर कर लें। आज की समझदारी कल को मजबूत करेगी।

### कर्क
आज आपकी आर्थिक स्थिति को लगातार बेहतर बना रहे हैं। आपको बचत के कुछ नए और अच्छे रास्ते मिल सकते हैं। पूरा ध्यान लंबे समय के निवेश पर रखें। केवल भावनाओं में बहकर कोई भी महंगी खरीदारी करने से बचें। आपके भीतर के अच्छे गुण दफ्तर में बड़े अधिकारियों से आपको तारीफ दिलाएंगे। प्रोजेक्ट्स की गति भले ही थोड़ी धीमी रहे।

### सिंह
आज सूझबूझ के साथ लिए गए फैसलों से आपकी आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। भावनाओं में बहकर फालतू की चीजों पर पैसे खर्च करने के बजाय बचत को मजबूत करने पर ध्यान दें। किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलने वाली सलाह आज आपकी बचत और निवेश के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकती है।

### कन्या
आज अचानक सामने आने वाले खर्चों के लिए आज आपको थोड़ी प्लानिंग करनी पड़ सकती है। जब तक बहुत जरूरी न हो, किसी से कर्ज लेने या देने से पूरी तरह बचें। अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को तय करें और केवल जरूरी चीजों पर ही धन खर्च करें।

### मकर
आज अपने रोज के खर्चों पर पूरी तरह नजर रखें और बिना वजह के वादे करने से बचें। धन से जुड़े किसी भी नए समझौते पर दस्तखत करने से पहले उसके हर एक नियम को खुद अच्छे से पढ़ लें। कामकाज को लेकर कुछ नया सीखना या अपने ज्ञान को बढ़ाना आपके भविष्य के लिए बहुत अच्छा रहेगा। संदेशों के आने-जाने में कुछ देरी हो सकती है, जिससे काम की गति थोड़ी धीमी लगेगी।

### कुंभ
आज आर्थिक मामलों को लेकर आपकी समझ को और बेहतर बनाएंगे। अपनी बचत, निवेश और आगे के लक्ष्यों को नए सिरे से देखने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बिना किसी बड़ा दबाव के जिम्मेदारियों को संभालने का आपका तरीका बड़े अधिकारियों को बेहद पसंद आएगा। कामकाज की समय-सारणी में अचानक बदलाव होने पर भी आप खुद को अच्छे से ढाल लेंगे। यह अच्छा प्रदर्शन आपकी साख को और मजबूत करेगा।

### मीन
आज आर्थिक सुधार के कुछ अच्छे मौके आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी में कोई भी कदम न उठाएं। धन लगाने से पहले योजनाओं को अच्छे से परख लें। बीमा, टैक्स या लंबे समय की बचत से जुड़े काम आज आपका समय ले सकते हैं। सही प्लानिंग से आपकी आर्थिक सुरक्षा और मजबूत होगी। आपकी लगन आपको कार्यक्षेत्र की चुनौतियों से पार पाने में मदद करेगी।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 6142



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इस देश की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से 14 नवंबर 1973 को विवाह किया। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था (3)
4. मस्तक पर चंद्रमा धारण करने के कारण भगवान शिव का एक नाम, भालचंद्र, चंद्रमा का एक नाम (4)
6. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
7. अभ्यास पुस्तिका (अंग्रेजी)(4)
9. सूरमा, योद्धा, बहादुर (2)
10. शास्त्रीय संगीत में पंचम स्वर (1)
11. शाखायुक्त, टहनीदार, प्रशाखित (4)
13. पहले फारमूसा कहलाने वाले देश ताइवान की यह राजधानी है (3)
15. मुख से उच्चारित शब्द, वाद्य के बंधे शब्द (2)
16. अध्ययन (अंग्रेजी)(2)
18. गृह, आवास स्थल (2)
19. इस फल को कदरी भी कहते है (2)
21. भेंट, उपहार (4)
23. चतुराई, प्रवीणता (4)
24. स्वामी, प्रभु, मालिक (2)

**(ऊपर से नीचे**

1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का प्रमुख शहर जहां इस्लाम केपहले इमाम अली की मजार स्थित है (3)
4. नदी या झरने आदि बहने का स्वर (4)
5. अतिधर्मशील, धर्मरक्षक (4)
8. यह हंगरी की राजधानी है (4)
12. दायक, देने वाला (2)
13. ध्वजा पर ताल का चिन्ह रहने के कारण भीष्म पितामह का एक नाम यह भी है (4)
14. वाराणसी से करीब 6 किमी दूर स्थित बौद्धों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, सारंगनाथ (4)
17. उड़ान, पक्षियों की गति (2)
18. वंश, कुल, खानदान (3)
20. लुआब, लासा, राल (3)

### वर्ग पहेली 6141 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पो | लैं | ड | | अं | गो | ला | |
| ता | ड | का | | त | ल | वा | र |
| | क | र | वा | | | रि | त |
| ता | र | | रा | म | दा | स | |
| जी | ना | | ही | न | ता | | का |
| रा | | पा | | भा | र | द्वा | ज |
| त | ला | क | | व | | प | ल |
| | भ | | जा | न | व | र | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



रोनाल्डो टॉप 10 में भी नहीं

# एम्बाप्पे-मेसी के सबसे ज्यादा गोल

## FIFA World Cup 2026 के गोल्डन बूट की रेस में शामिल शीर्ष 10 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** फुटबॉल का महासंग्राम फीफा वर्ल्ड कप 2026 जारी है और राउंड ऑफ 32 अपने आखिरी चरण में है। गुरुवार को स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराया और राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। वहीं दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल ने क्रोएशिया को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में एंट्री की।


इस मुकाबले के बाद गोल्डन बूट की रेस में शामिल टॉप 10 खिलाड़ियों की सूची में भी बदलाव हुआ।

खास बात यह कि दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस लिस्ट के टॉप 10 में भी शामिल नहीं हैं। जबकि किलियन एम्बाप्पे इसमें टॉप पर हैं। लियोनल मेसी के भी एम्बाप्पे के बराबर सबसे ज्यादा गोल हैं। मगर फ्रांस के स्टार फुटबॉलर के नाम दो असिस्ट भी हैं।



**2026 के टॉप स्कोरर**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | पोजिशन | गोल | असिस्ट | मिनट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फॉरवर्ड (FW) | 6 | 2 | 378 |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फॉरवर्ड (FW) | 6 | 0 | 223 |
| 3 | एर्लिंग हालैंड | नॉर्वे | फॉरवर्ड (FW) | 5 | 0 | 309 |
| 4 | हैरी केन | इंग्लैंड | फॉरवर्ड (FW) | 5 | 0 | 394 |
| 5 | उस्मान डेम्बेले | फ्रांस | फॉरवर्ड (FW) | 4 | 2 | 304 |





# उलटफेर से बचा अर्जेंटीना


## केप वर्डे के आत्मघाती गोल से अंतिम-16 में पहुंची मेसी की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में शनिवार (4 जून) को मियामी में केप वर्डे के खिलाफ अर्जेंटीना उलटफेर से बाल-बाल बच गया। केप वर्डे के डाइनी बोर्गेस ने आत्मघाती गोल किया, जिससे डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना की राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो गई। 5 लाख अबादी आइलैंड देश केप वर्डे ने पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन लियोनेल मेसी की टीम की किस्मत अच्छी रही की आत्मघाती गोल हुआ और केप वर्डे का सफर समाप्त हो गया। अर्जेंटीना अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए मिस्र का सामना होगा। इससे पहले मेसी ने 29वें मिनट में अपने करियर का रिकॉर्ड 20वां वर्ल्ड कप गोल करके मौजूदा चैंपियन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। यह इस वर्ल्ड कप में मेसी का 7वां गोल था, जिससे वह गोल्डन बूट की रेस में किलियन एम्बाप्पे से आगे निकल गए। उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप में पिछले 8 मैचों में गोल किया है।

### रोमेरो का 111वें मिनट में गोल

पहले हाफ तक अर्जेंटीना आगे रहा, लेकिन केप वर्डे के डेरॉय डुआर्टे ने 59वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था। 90 मिनट के बाद मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। एक्स्ट्रा टाइम में अर्जेंटीना के लिसेंड्रो मार्टिनेज ने 92वें मिनट में गोल किया। इसके कुछ ही समय बाद केप वर्डे के सिडनी लोपेस कैब्राल ने 103वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। केप वर्डे के डाइनी बोर्गेस ने 111वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। इससे अर्जेंटीन 3-2 से मैच जीत दिलाकर आखिरी 16 में पहुंचा दिया।

## मेसी फीफा वर्ल्ड कप में 30 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने



### सबसे ज्यादा गोल का रिकॉर्ड भी उनके नाम

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बेहतरीन फुटबॉलरों में से एक लियोनेल मेसी ने शुक्रवार यानी 4 जुलाई को इतिहास रच दिया। वे फीफा वर्ल्ड कप में 30 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। मियामी में केप वर्डे के खिलाफ अर्जेंटीना का मैच मेसी का 30वां फीफा वर्ल्ड कप मैच था। इस मैच में मेसी ने एक गोल किया और वो फीफा वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं। मेसी के अलावा फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने 30 या उससे ज्यादा मैच नहीं खेले हैं। मेसी ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के इस सीजन में अब तक अपनी टीम के लिए कुल 7 गोल किए हैं और इंटरमिलान के लौटारो मार्टिनेज के साथ मिलकर तीन बार की चैंपियन टीम के अटैक की कमान संभाल रहे हैं। मेसी ने केप वर्डे के खिलाफ एक गोल किया और उन्होंने साल 2022 में अपने बनाए रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मेसी ने उस सीजन में 7 गोल किए थे जबकि साल 2026 में भी उन्होंने अब तक कुल 7 गोल किए हैं। मेसी फीफा विश्व कप के दो सीजन में 7-7 गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बने।

# आत्मघाती गोल के बाद भी मिस्र जीता

- 92 साल का इंतजार खत्म, सालाह के छलके आंसू

**नई दिल्ली।** होसाम अब्दुलमागुद के शूटआउट में निर्णायक गोल के दम पर पहली बार फीफा विश्व कप नॉकआउट मुकाबला खेलते हुए आत्मघाती गोल के बाद भी मिस्र ने ऑस्ट्रेलिया के पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। इसके साथ ही उसका 92 साल का इंतजार खत्म हो गया। वह पहली बार 1932 में विश्व कप खेला था और पहली बार राउंड ऑफ-16





में पहुंचा। जीत के बाद मिस्र ने चौथी बार विश्व कप खेलते हुए यह जीत दर्ज की है। वहीं ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट में तीन में से एक भी बार जीत नहीं सका है। अब मिस्र का सामना मंगलवार (7 जून) को गत चैम्पियन अर्जेंटीना से होगा जिसने केप वर्डे को अतिरिक्त समय में 3 .2 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई है।

- **मांसपेशी की चोट के बावजूद सालाह खेले-** शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया के हैरी साउटार का निशाना चूका और 18 वर्ष के लुकास हेरिंगटन का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। मिस्र के लिये होसाम के अलावा महमूद साबिर, रामी राबिया और लिवरपूल के पूर्व स्टार मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। मांसपेशी की चोट के बावजूद सालाह ने यह मैच खेला। आस्ट्रेलिया के लिये शूटआउट में जैकसन इरविन और अवेर माबिल ने गोल किये।

# रोहित शर्मा का रिकॉर्ड टूटा

## करणबीर बने नंबर 1- टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-10 बैटर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बैटर रोहित शर्मा अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज नहीं रहे। रोहित शर्मा को ऑस्ट्रिया के कप्तान व ओपनर बल्लेबाज करणवीर सिंह ने पीछे छोड़ दिया और वो इस मामले में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज बन गए। रोहित शर्मा अब दूसरे नंबर पर आ गए। करणवीर सिंह ने हंगरी के खिलाफ 28 जून को खेले गए मैच में अपनी 164 रन की पारी के दौरान 12 छक्के लगाए और रोहित से आगे निकल गए।

### करणवीर सिंह 205 छक्के लगा चुके

करणवीर सिंह ने हंगरी के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 12 छक्के लगाए और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। करणवीर ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने टी20आई में 159 मैचों में 205 छक्के लगाए थे। करणवीर सिंह ने टी20आई में अब तक खेले 60 मैचों की 59 पारियों में कुल 207 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में यूएई के मुहम्मद वसीम तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 99 मैचों में कुल 196 छक्के लगाए हैं।



भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव टी20आई में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं जिन्होंने 113 मैचों में 179 छक्के लगाए हैं जबकि इंग्लैंड के ओपनर बैटर व विकेटकीपर जोस बटलर इस लिस्ट में 5वें स्थान पर हैं जिन्होंने 156 टी20आई मैचों में 175 छक्के अब तक लगाए हैं। इस लिस्ट में छठे स्थान पर मार्टिन गप्टिल मौजूद हैं जबकि ग्लेन मैक्सवेल 10वें स्थान पर मौजूद हैं। बाबर हयात इस लिस्ट में 7वें स्थान पर हैं।

13 साल की भारतीय शतरंज खिलाड़ी

# प्रतीती बोरदोलोई का कमाल

## विश्व चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट का गैरी कास्पारोव से है खास कनेक्शन



**नई दिल्ली।** साक्षी राज। 13 वर्षीय प्रतीती बोरदोलोई इटली के मोंटेसिल्वानो में आयोजित फिडे विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप 2026 में भारत की इकलौती पदक विजेता रहीं। बेंगलुरु की वुमन फिडे मास्टर (WFM) ने गर्ल्स अंडर-18 वर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने 11 राउंड में 9 अंक बनाए और पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहीं। उन्होंने खुद से पांच साल बड़ी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलते हुए टूर्नामेंट के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक दिया।

फिडे विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप 2026 में भारत छह वर्गों में 13 खिलाड़ियों के साथ उतरा था, लेकिन पदक सिर्फ प्रतीती ने जीता। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने अपना पहला वुमन इंटरनेशनल मास्टर (WIM) नॉर्म भी हासिल किया और उनकी फिडे रेटिंग में 129 से ज्यादा एलो अंक जुड़े।

### गैरी कास्पारोव से खास संयोग


प्रतीती की कहानी को और खास बनाता है एक दिलचस्प संयोग। उनका जन्म गैरी कास्पारोव के जन्म के ठीक 50 साल बाद 13 अप्रैल 2013 को हुआ था। गैरी कास्पारोव का जन्म 13 अप्रैल 1963 को हुआ था। जहां यह जन्मदिन का संयोग अपने आप में रोचक है, वहीं उनके कोच ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का मानना है कि समानता सिर्फ तारीख तक सीमित नहीं है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, प्रवीण थिप्से ने कहा,उनमें कुछ ऐसे गुण दिखते हैं। किसी टूर्नामेंट में खराब स्थिति में होने पर भी वह अच्छी योजना बनाती हैं ताकि वापसी करके शीर्ष पर पहुंच सकें। इटली में उनका यह जुझारूपन साफ नजर आया। 2129 की फिडे रेटिंग के साथ 16वीं वरीयता प्राप्त प्रतीती ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। उन्होंने सात जीत और चार ड्रॉ के साथ 11 राउंड में 9 अंक जुटाए।

**सिर्फ शतरंज नहीं, गणित में भी कमाल-** प्रवीण थिप्से के अनुसार, प्रतीती सिर्फ शतरंज खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने बताया, प्रतीती पूरी तरह सिर्फ शतरंज खिलाड़ी नहीं हैं। वह गणित की जादूगर हैं और सभी परीक्षाओं में प्रथम आती हैं। बेंगलुरु की रहने वाली प्रतीती ने इस साल अहमदाबाद में राष्ट्रीय अंडर-17 गर्ल्स चैंपियनशिप जीतकर विश्व युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया था।

# भारत के खिलाफ वन डे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान

- कोल्स को पहली बार मौका, आर्चर, बटलर, जो रूट समेत 16 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ इस महीने खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में पहली बार अनकैप्ड ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को मौका मिला है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और साकिब महमूद की वापसी हुई है। अनुभवी खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर, जोस बटलर और जो रूट भी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे की सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।



**जेम्स कोल्स को पहली बार मिला मौका-** 24 वर्षीय ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। ससेक्स के लिए घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का उन्हें इनाम मिला है। वह बल्लेबाजी के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। इससे इंग्लैंड को टीम संयोजन में अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

### जोश टंग भी वनडे डेब्यू के इंतजार में

तेज गेंदबाज जोश टंग को भी टीम में जगह मिली है। हालांकि वह अब तक इंग्लैंड के लिए वनडे क्रिकेट में डेब्यू नहीं कर पाए हैं। ऐसे में भारत के खिलाफ सीरीज में उन्हें अपना पहला ODI खेलने का मौका मिल सकता है।
**एटकिंसन और साकिब महमूद की वापसी-** इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और साकिब महमूद को भी टीम में बुलाया है। दोनों गेंदबाज चोट से उबरने के बाद फिर से चयनकर्ताओं का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। इनके आने से इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी और मजबूत नजर आ रही है।
**स्टार खिलाड़ियों से सजी इंग्लैंड की टीम-** हैरी ब्रूक की अगुआई वाली टीम में कई अनुभवी और स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। जोफ्रा आर्चर अपनी रफ्तार से भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती पेश करेंगे, जबकि पूर्व कप्तान जोस बटलर और अनुभवी बल्लेबाज जो रूट मध्यक्रम को मजबूती देंगे। इसके अलावा जैकब बेथेल, बेन डकेट, विल जैक्स, सैम करन, आदिल रशीद और टॉम बैंटन जैसे खिलाड़ी भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

### इंग्लैंड का वनडे स्क्वाड

हैरी ब्रूक, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, जेम्स कोल्स, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, आदिल रशीद, जो रूट, जोश टंग।

### सीरीज का कार्यक्रम

पहला वनडे : 14 जुलाई, एजबेस्टन (बर्मिंघम)
दूसरा वनडे : 16 जुलाई, सोफिया गार्डंस (कार्डिफ)
तीसरा वनडे : 19 जुलाई, लॉर्ड्स (लंदन)

वैभव सूर्यवंशी की हर तरफ चर्चा

# 5 साल से डब्यू का इंतजार, घरेलू क्रिकेट में बना चुके 13 हजार से ज्यादा रन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में इन दिनों चर्चा का सबसे बड़ा विषय हैं वैभव सूर्यवंशी। 15 साल के इस क्रिकेटर के इंटरनेशनल डेब्यू की हर तरफ से आवाज उठ रही है। मगर इसी बीच एक ऐसे खिलाड़ी का नाम भी भारतीय क्रिकेट फैंस के जहन में होगा जो पिछले पांच साल से अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहा है। वैभव सूर्यवंशी को पहली बार टीम इंडिया में चुने गए अभी एक महीना हुआ है लेकिन इस खिलाड़ी को 5 साल से इंतजार हैं।



हम बात कर रहे हैं घरेलू क्रिकेट में 13 हजार से ज्यादा कुल रन बना चुके अभिमन्यू ईश्वरन की। उन्हें 2021 में पहली बार भारतीय टीम में चुना गया था। उसके बाद से लगातार कई सीरीज में वह टेस्ट टीम के स्क्वाड में चुने गए, मगर आज तक उनका डेब्यू नहीं हो पाया है। पिछले साल शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टेस्ट टीम में भी अभिमन्यू मौजूद थे, मगर इंटरनेशनल कैप का उन्हें अभी भी इंतजार है।

## न्यूज बाइट्स

### उद्घाटन के पांच माह बाद भी शुरू नहीं हो सका जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पशु औषधालय परिसर में करीब 8 करोड़ 53 लाख 29 हजार 610 रुपये की लागत से निर्मित जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र उद्घाटन के लगभग पांच माह बाद भी पूरी तरह चालू नहीं हो सका है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह भवन अब तक सिर्फ बिजली कनेक्शन का इंतजार कर रहा है। बिजली आपूर्ति नहीं मिलने के कारण जिला पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य विभाग के कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित नहीं किए जा सके हैं। परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की लागत से तैयार यह भवन उपयोग के अभाव में अधिकांश समय खाली पड़ा रहता है। वहीं, आम लोगों को एक ही परिसर में तीनों विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना फिलहाल अधर में लटकी हुई है। इस दो मंजिला भवन में जिला पशुपालन कार्यालय, जिला गव्य विकास कार्यालय तथा जिला मत्स्य कार्यालय को एक ही छत के नीचे संचालित किया जाना है। लेकिन बिजली कनेक्शन के अभाव में तीनों विभाग अब भी अपने पुराने कार्यालयों से कार्य कर रहे हैं।

### लीटर देसी शराब व बाइक जब्त

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** 40.5 दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। दाउदनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चौरम नहर के समीप से 40.5 लीटर देसी शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। इस मामले में एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि चौरम नहर के किनारे एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर शराब लेकर डिलीवरी देने के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना के सत्यापन के लिए सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही बाइक चालक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखे बोरे से पांच कार्टन में पैक 180 मिलीलीटर की कुल 225 बोतल देसी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 40.5 लीटर बताई गई। पुलिस ने शराब और मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना लाया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस संबंध में उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, एनएच-19 जाम



**निज संवाददाता** | मदनपुर (औरंगाबाद)

जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना शिवगंज बाजार के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर एनएच-19 जाम कर दिया और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात बहाल कराया गया। मृतक की पहचान नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लउआवार सिकरिया गांव निवासी 60 वर्षीय सुरेश पाठक के रूप में हुई है। वह मदनपुर के पूर्णाडीह गांव स्थित अपने ससुराल में रहकर संगत रोड पर पूजा-पाठ की सामग्री की दुकान चलाते थे। बताया गया कि शनिवार को सुरेश पाठक इलाज कराने औरंगाबाद गए थे। उपचार के बाद बाइक से घर लौटने के दौरान शिवगंज बाजार के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया।

हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-19 पर सड़क जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली सहायता का भरोसा दिलाया, जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क जाम की स्थिति बनी थी, जिसे पुलिस ने शांतिपूर्वक समाप्त करा दिया। कंटेनर और उसके चालक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। परिजनों के अनुसार, सुरेश पाठक की कोई संतान नहीं थी। उनकी पत्नी सुशीला देवी का पिछले वर्ष केदारनाथ तीर्थ यात्रा के दौरान निधन हो गया था।

## एनएच-19 ओवरब्रिज पर अनियंत्रित होकर पलटी स्कूटी, पिता-बेटी गंभीर रूप से घायल

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में स्कूटी सवार पिता और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना ओरा गांव के समीप एनएच-19 ओवरब्रिज पर हुई, जहां तेज रफ्तार स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान फेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी 65 वर्षीय जगनारायण यादव तथा उनकी 40 वर्षीय पुत्री प्रियंका देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है।

घायल प्रियंका देवी ने बताया कि उनकी मां रुकमणी देवी की तबीयत अचानक खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने जांच के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मां का हालचाल लेने के बाद प्रियंका अपने पिता के साथ स्कूटी से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गेवाल बिगहा स्थित अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान ओरा गांव के पास एनएच-19 ओवरब्रिज पर स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क पर पलट गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और दोनों घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद परिजनों को सूचना देकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि स्कूटी दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों का इलाज जारी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बरसात से पहले जल निकासी पर नगर परिषद का फोकस, विकास योजनाओं पर लिए गए कई निर्णय

- सोलर हाई मास्ट लाइट, बड़े डस्टबिन और कंक्रीट बेंच लगाने की योजना पर बनी सहमति



**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)

नगर परिषद दाउदनगर की शनिवार को आयोजित बोर्ड बैठक में बरसात के पूर्व जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, शहर की स्वच्छता तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद अंजली ने की। कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी किसी कारणवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, जबकि टाउन स्वच्छता पदाधिकारी अमन कुमार मौजूद रहे। बैठक में मुख्य पार्षद अंजली ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान शहर में कहीं भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए तकनीकी टीम विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करेगी। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को नगर परिषद की प्राथमिकता बताते हुए समयबद्ध समाधान का भरोसा दिलाया।

बैठक में शहर के प्रमुख एवं चिन्हित स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कंक्रीट बेंच स्थापित करने के लिए वार्ड पार्षदों से उपयुक्त स्थानों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख स्थानों पर 200 बड़े डस्टबिन लगाने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा दवा के छिड़काव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में फुटपाथी दुकानदारों के पुनर्वास, सभी वार्डों में विकास योजनाओं के लिए समान रूप से राशि उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा सैरात बंदोबस्ती जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान कुछ वार्ड पार्षदों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सवाल भी उठाए। वार्ड पार्षद एहसान अहमद ने फॉगिंग व्यवस्था पर प्रश्न उठाया, जबकि वार्ड पार्षद बसंत कुमार ने घर-घर वितरित किए गए छोटे डस्टबिन की गुणवत्ता पर आपत्ति दर्ज कराई। स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य जय गोविंद ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मुद्दे उठाए। बैठक का संचालन सशक्त स्थायी समिति के सदस्य परवीन कौसर ने किया। बैठक में वार्ड पार्षद संजय प्रसाद, राजू राम, राधा रमण पुरी, दिनेश प्रसाद, सोहैल अंसारी, इंदु देवी, गुंजा देवी, बेबी देवी, सीमा देवी, संगीता कुमारी, सीमन कुमारी, बबीता देवी, रीना देवी, सुशीला देवी, गुड़िया देवी, सोनी देवी तथा जगिया देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं उप मुख्य पार्षद कमला देवी, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य डॉ. केदारनाथ सिंह सहित कुछ वार्ड पार्षद बैठक में शामिल नहीं हुए। डॉ. केदारनाथ सिंह ने दावा किया कि उनके अलावा पार्षद पुष्पा देवी, रूबी देवी और संतोष कुमार ने भी बैठक का बहिष्कार किया।

## सड़क जाम मामले में 12 नामजद समेत 100 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भखरूआं गांव स्थित अरविंद हॉस्पिटल के समीप शुक्रवार को एक टायर दुकान पर हुई मारपीट की घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-139 (एनएच-139) जाम किए जाने के मामले में दाउदनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, सड़क जाम कर यातायात पूरी तरह बाधित करने तथा सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस मामले में 12 नामजद एवं लगभग 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा नामजद एवं अन्य आरोपितों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## नव पदस्थापित डीईओ दयाशंकर का औरंगाबाद में भव्य स्वागत




**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले के नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) दयाशंकर के शनिवार को जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचने पर शिक्षक समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मानित करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

्वागत समारोह में प्रधान शिक्षक सतीश कुमार पांडेय, अभय कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, शिक्षक नेता धनंजय कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, रुपेश रंजन, सुनील कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि दयाशंकर के औरंगाबाद में जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में पदभार संभालने से शिक्षक समुदाय में खुशी का माहौल है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था और बेहतर होगी तथा शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। शिक्षकों ने बताया कि दयाशंकर इससे पूर्व औरंगाबाद में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उस दौरान उन्होंने शिक्षकों के वेतन सहित विभिन्न प्रशासनिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया था, जिससे शिक्षकों को काफी राहत मिली थी। इसी अनुभव के आधार पर शिक्षक समुदाय को उम्मीद है कि उनके कार्यकाल में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगी।

## नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं समेत विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

- राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, महंगाई, बेरोजगारी और उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के मुद्दे उठाए

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)



प्रखंड मुख्यालय स्थित परिसर में शनिवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं एवं पेपर लीक, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा अन्य जनसरोकार के मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनय सिंह ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संतन सिंह ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बहाल करने, युवाओं के भविष्य की सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए औरंगाबाद के पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने नीट परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक की घटनाओं की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है तथा युवाओं का शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास कमजोर हुआ है। उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की भी मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा हो सके। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों एवं पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने, बढ़ते भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्रवाई करने, बेरोजगारी दूर करने, महंगाई पर नियंत्रण पाने तथा अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की।

साथ ही चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन में उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि परियोजना की मुख्य नहर एवं वितरणी प्रणाली को सुदृढ़ कर प्रखंड के सभी खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जाए। जिन क्षेत्रों तक नहर का पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां किसानों के लिए वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि खेती प्रभावित न हो और किसानों को पर्याप्त राहत मिल सके।

## अरविंद कुमार शर्मा बने बिहार प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष

**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दादर निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरविंद कुमार शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश उपाध्यक्षों की घोषित सूची में उनका नाम प्रमुखता से शामिल होने पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश्वर सिंह सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि उनका कांग्रेस से जुड़ाव वर्ष 1985 से है। गया कॉलेज में अध्ययन के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के माध्यम से सक्रिय राजनीति की शुरुआत की थी, जहां उन्हें सचिव का दायित्व मिला।

इसके बाद उन्होंने यूथ कांग्रेस औरंगाबाद में महामंत्री और कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य किया तथा आगे चलकर प्रदेश महामंत्री भी बने। बाद में मुख्य संगठन में जिला डेलीगेट और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्य के रूप में



भी जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में कांग्रेस ने उन्हें गोह विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अवसर दिया। इसके बाद वर्ष 2000 में पार्टी ने उन्हें ओबरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। वर्ष 2010 में भी उन्होंने ओबरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हालांकि वर्ष 2005, 2015, 2020 और 2025 के विधानसभा चुनावों में उन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी और लगातार पार्टी के लिए कार्य करते रहे। अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि उनकी राजनीति का आधार महात्मा गांधी की विचारधारा रही है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि संगठन और उसकी विचारधारा को मजबूत करना रहा है।

## पल्स पोलियो अभियान की समीक्षा, 40,137 में से 35,567 बच्चों को पिलाई गई दवा



**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)

प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को पल्स पोलियो अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान की प्रगति, उपलब्धियों तथा छूटे हुए बच्चों तक पोलियो रोधी दवा पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 40,137 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरुद्ध अब तक 35,567 बच्चों को दवा पिलाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को किसी कारणवश अब तक खुराक नहीं मिल सकी है, उनके घरों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार पहुंच रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो रोधी दवा से वंचित न रह जाए।

स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर एवं बीएमडब्ल्यू संतोष कुमार ने बताया कि अभियान का सफल संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम सिंह के निर्देशन में किया गया।

# विधान पार्षद जीवन कुमार पहुंचे औरंगाबाद शिक्षकों के समस्याओं का किया निराकरण

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



विधान पार्षद जीवन कुमार के औरंगाबाद आगमन पर स्थानीय निरीक्षण भवन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे शिक्षकों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। इस दौरान शिक्षकों ने एरियर भुगतान, एचआर (हाउस रेंट) भुगतान, स्थानांतरण, इंटरमीडिएट की 11वीं कक्षा में सीट वृद्धि, पूर्ण वेतनमान तथा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने सहित कई मुद्दे उठाए। शिक्षक मंतोष कुमार ने कहा कि पड़ोसी राज्यों झारखंड और उत्तर प्रदेश में शिक्षकों को पूर्ण वेतनमान की सुविधा मिल रही है। उन्होंने आग्रह किया कि बिहार में भी अनुकंपा के आधार पर नियुक्त शिक्षकों को पूर्ण वेतनमान का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाए। साथ ही राज्य के सभी शिक्षकों के लिए पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी रखी गई।

शिक्षकों ने विधान पार्षद से अनुरोध किया कि इन सभी मांगों को सदन में गंभीरता से उठाकर सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाए, ताकि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार शिक्षकों के हित में सकारात्मक निर्णय लेगी। इस अवसर पर प्राचार्य रितेश कुमार, डॉ. विकास सिंह, शशि कुमार सिंह, शैलेश सिंह, रवीन्द्र गुप्ता, धनंजय गुप्ता, गौतम सिंह, निराला जी सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कई शिक्षक उपस्थित थे।

## विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर आत्मोदय अभियान का शुभारंभ

- वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



शहर स्थित विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक 'आत्मोदय अभियान' का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स तथा उपप्राचार्या सूची कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद आयोजित प्रार्थना सभा में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत ही नहीं, बल्कि युगद्रष्टा और महान राष्ट्रनिर्माता थे। उनके विचार आज भी युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं तो सफलता और सकारात्मक सोच दोनों प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिवार पिछले दो दशकों से स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि को 'आत्मोदय अभियान' के रूप में मनाता आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत छात्र-छात्राएं आसपास के क्षेत्रों तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

- सरकारी योजनाओं, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं ड्रॉपआउट रोकने पर हुई चर्चा

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सदर प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय, डिहरी में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधान शिक्षक सतीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी में अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शिक्षा, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं, सरकारी योजनाओं तथा ड्रॉपआउट रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक सतीश कुमार पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी तथा अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की चारदीवारी निर्माण की आवश्यकता उठाई। इस पर प्रधान शिक्षक ने बताया कि विद्यालय की चारदीवारी निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है और स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्य कराया जाएगा। साथ ही अभिभावकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का भी संतोषजनक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक पंकज कुमार, शिक्षिका अंजना कुमारी एवं ब्यूटी कुमारी के अलावा अभिभावकों में मानमती देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, शांति देवी, रेणु देवी, संजू देवी, रंजू देवी, सुमित्रा देवी, पार्वती देवी, धनवर्ती देवी, प्रेमनी देवी, इंदू देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। संगोष्ठी में विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संयुक्त प्रयास करने पर बल दिया गया।

# लूट के जेवरात बरामद, महिला समेत तीन लुटेरे गिरफ्तार

**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)



दाउदनगर पुलिस ने लूट के एक मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए लूटे गए जेवरात बरामद कर लिए हैं। इस मामले में एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दाउदनगर थाना क्षेत्र के शमशेर नगर निवासी नीरज कुमार, अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के जय बिगहा निवासी ममता देवी तथा मेहंदिया निवासी स्वर्ण व्यवसायी गुलाब कुमार शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, 29 जून को शमशेर नगर निवासी स्वर्गीय नंदकिशोर चौधरी की पत्नी तेतरी देवी के घर में तीन अज्ञात अपराधी घुस गए थे। आरोप है कि अपराधियों ने महिला का गला दबाकर उनके गले से सोने की सिकड़ी, दोनों कानों की बालियां तथा हाथ का सोने का कंगन लूट लिया। इस संबंध में पीड़िता के बयान पर 1 जुलाई को दाउदनगर थाना में कांड संख्या 448/26 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दाउदनगर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर सबसे पहले शमशेर नगर निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर मेहंदिया से स्वर्ण व्यवसायी गुलाब कुमार को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से लूटे गए जेवर का गलाया हुआ सोना (लगभग 5.1 ग्राम वजन की बाली) बरामद किया गया।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि लूटे गए जेवरात को बेचने में नीरज कुमार की बहन ममता देवी की भूमिका थी। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष विकास कुमार, अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर परमानंद कुमार यादव, सुदीश कुमार, अभिषेक कुमार, एएसआई उदय चंद्र चौधरी तथा सिपाही प्रशांत कुमार और सोनू कुमार शामिल थे।